# हरियाणा विधान सभा

# की

# कार्यवाही

5 मार्च, 2013

खण्ड-1, अंक-7

**अधिकृत विवरण**

Haryana Vidhan Sabha Secretariat
LIBRARY
Chandigarh

विषय सूची

**मंगलवार, 5 मार्च, 2013**


| | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| शोक प्रस्ताव | 7(1) |
| तारांकित प्रश्न एवं उत्तर | 7(2) |
| नियम 45 (1) के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्रश्नों के लिखित उत्तर | 7(24) |
| अतारांकित प्रश्न एवं उत्तर | 7(26) |
| ध्यानाकर्षण प्रस्ताव-- | 7(63) |
| वाक आउट | |
| ध्यानाकर्षण प्रस्ताव-- | |
| हरियाणा में शहरी विकास प्राधिकरण के सैक्टरों में वर्षा/ बाढ़ के पानी की निकासी सम्बन्धी | 7(63) |
| वक्तव्य-- | |
| उद्योग मंत्री द्वारा उपरोक्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सम्बन्धी | 7(64) |
| वर्ष 2013-14 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा | 7(67) |


मूल्य :

306

वाक आउट

वर्ष 2013-14 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भण) 7(69)

बैठक का समय बढ़ाना 7(70)

वर्ष 2013-14 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भण) 7(109)

बैठक का समय बढ़ाना 7(117)

वर्ष 2013-14 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भण) 7(124)

विधान कार्य

(i) दि हरियाणा एप्रोप्रिएशन (नं० 1) बिल, 2013

(ii) दि हरियाणा रूरल डिवैल्पमैंट (अमैंडमैंट) बिल, 2013

(iii) दि हरियाणा प्राइवेट यूनिवर्सिटीज (अमैंडमैंट) बिल, 2013

बैठक का समय बढ़ाना 7(128)

विधान कार्य (पुनरारम्भण) 7(128)

(iv) दि हरियाणा म्युनिसिपल कॉरपोरेशन (अमैंडमैंट) बिल, 2013

बैठक का समय बढ़ाना 7(130)

विधान कार्य (पुनरारम्भण) 7(130)

(v) दि पंजाब लेबर वैल्फेयर फण्ड (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 2013

# हरियाणा विधान सभा

**मंगलवार, 5 मार्च, 2013**

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर-1, चण्डीगढ़ में प्रात : 10.00 बजे हुई। अध्यक्ष (श्री कुलदीप शर्मा) ने अध्यक्षता की।

---

## शोक प्रस्ताव

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, now the Parliamentary Affairs Minister will make an Obituary Reference.

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, कल जालन्धर नकोदर रोड पर जालन्धर के पास कोहिर जो गांव पड़ता है वहां पर एक प्राईवेट वैन का हादसा हुआ, जिसमें 13 अबोध बालकों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। वैन के ड्राईवर की भी मौके पर मृत्यु हो गई। मैं सदन की तरफ से प्रस्ताव करता हूँ कि ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शान्ति दे और जिन बच्चों ने अपना जीवन शुरू करने से पहले ही खो दिया, उनके परिवार को इस बात की ताकत दे कि वह इस विछोह को सहन कर सकें।

**श्री कृष्ण लाल पंवार :** सर पार्लियामैंट्री अफेयर्ज मिनिस्टर ने सदन में जो शोक-प्रस्ताव रखा है उस का मैं भी अपने दल की तरफ से समर्थन करता हूं और परम पिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि उन दिवंगत आत्माओं को शान्ति दें और उनके परिवारों को जो दुःख हुआ है परम पिता परमात्मा उनके परिवारों को वह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**श्री अनिल विज :** सर, पार्लियामैंट्री अफेयर्ज मिनिस्टर ने जो शोक प्रस्ताव सदन में रखा है मैं उसका समर्थन करता हूँ। मैं भी अपनी तरफ से और अपने दल की तरफ से दिवंगत के शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूँ।

**श्रीमती रेणुका विश्नोई :** सर, पार्लियामैंट्री अफेयर्ज मिनिस्टर ने आज सदन में जो प्रस्ताव रखा है उसका मैं समर्थन करती हूं मैं भी अपनी तरफ से और अपने दल की तरफ से दिवंगत के शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि उन सभी दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें।

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members. I associate myself with the Obituary Reference made by the Hon'ble Parliamentary Affairs Minister and the feelings expressed by other Members of the House. I feel grieved on the sad demise of 13 Children during the road accident in Jalandher district of Punjab on 4th March, 2013. I pray to Almighty to give peace to the departed souls. I will convey the feelings of this House to the bereaved families. Now, I request all of you to kindly stand up for two minutes to pay homage to the departed souls.

(At this stage, the House stood up in silence for two minutes as a mark of respect and to pay homage to the departed souls).

## तारांकित प्रश्न एवं उत्तर

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, now the question hour.

### Provision of Toilets, Parking and Street Lights

***1440 Sh. Devender Kumar Bansal :** Will the Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to provide the facilities of toilets, parking and street lights in the market of Panchkula; if so, the time by which these facilities are likely to be provided ?

**Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** Yes Sir, in the markets of sector-19, Panchkula and sector – 5 MDC the facilities of toilets will be provided by March, 2013 and in sector - 3, 5, & 27, Panchkula will be provided by March, 2015.

In market sector 28, Panchkula parking, street light and toilets facilities will be provided by 3/2015.

**श्री देवेन्द्र कुमार बंसल:** स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे मार्किट्स में इंफ्रॉस्ट्रक्चर इंप्रूव करने के लिए आश्वासन दिया है। इसके साथ ही साथ मैं मंत्री जी को यह भी बताना चाहूंगा कि कई मार्किट्स ऐसी भी हैं जैसे सैक्टर 7,8,10,11,12,14,16,17 तथा 22 से लेकर 25 तक इन सभी सैक्टर्ज की मार्किट्स बहुत खराब हालत में हैं। Adjoining to the markets there are parks उनका भी इंफ्रॉस्ट्रक्चर बहुत खराब है और इसी के साथ-साथ जो यवनिका पार्क है, टोपारी पार्क है तथा निर्जर वाटिका है इन सभी पार्कज् की हालत भी बहुत खराब है। मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या वे कोई ऐसी डॉयरेक्शंज जारी करेंगे ताकि इन पार्कज् और मार्किट्ज का इंफ्रॉस्ट्रकचर भी इंप्रूव किया जा सके क्योंकि our Municipal Corporation has sufficient funds and even the HUDA of Panchkula has sufficient funds but because of some official problem and official reasons they might not have improved the infrastructure. My second supplementary is regarding Rehri markets in Sector 7, 9, 11 and 17. These persons of Rehri Markets are running their Rehris since 1990. Now, notices are expected to be issued to these persons for ejectment. In spite of that they have got — power attornies and the persons from whom they have purchased the shops some of them died and some of them left Panchkula because of that reason that they are not in a position to produce the actual persons, notices are expected to be issued to these persons/shop-owners of the markets for ejecting them. मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जब एक्चुअल ऑनर के पास ड्यू डॉक्यूमैंट हैं तो क्या मंत्री जी कोई ऐसी डॉयरेक्शंज जारी करेंगे कि इन मॅार्किटस ऑनर्ज को वहां से इजैक्ट न किया जाये। इसके अतिरिक्त सैक्टर 12 में एक पार्क है that park of Sector 12 is maintained by the inhabitants of Sector 12-A. Initially, the land of the park was of HUDA but it was transferred to P.W.D then it was maintained by the inhabitants to Sector 12 A who are residing near from H.No.651 to 707 but now a judicial residence complex is going to build there and this park is going to be taken away. इसके बारे में मैं मंत्री जी से रिक्वैस्ट करना चाहूंगा कि अगर वे कोई ऐसी डॉयरेक्शंज

दे दें कि judicial complex may exist there and it may be built there but they may use some other land which is lying on the adjoining on the other side of the judicial residence complex on the land which is already earmarked तो कोई ऐसी डॉयरेक्शंज जारी करें कि इन लोगों का जो पार्क है which they have maintained by themselves and for which they have contributed lacs of money, they have created a track, they have created an infrastructure for that park, that park may not be taken away from the people.

**Shri Randeep Singh Surjewala:** My friend has asked three questions. One is regarding maintaining of markets and pavements of parks etc. As far as an arrangement has been entertained between the HUDA and the Municipal Corporation, and my learned friend also knows about it, the city has been divided in sectors and these have been maintaining inter-se two of them. And both have sufficient funds available. Municipal Corporation has close to 50 crores, if I have my facts correct. So qua undertaking maintenance of a specific park, there is no difficulty. I can assure my friend that we will do it. Although I would request, Sir from you, to my friend that he should give me details of each work since the question was very generalize, we got generalize information from the MDC and the HUDA where they said that in 22 sectors these facilities are available. Some sectors are pointed out and for that they creating it. Some sectors which are now planned, facilities like markets in Sector 22, 23, 24, 31 and 32 where we will be providing these facilities. If you can point out specifically market-wise and area-wise what is the problem, I will tell the HUDA and MDC to undertake that necessary repairs or re-construction. The second question was regarding maintenance of parks etc. particularly Yavnika, Toppari and Neerjhar Vatika or any other issue that he feels needs to be undertaken in specific kind of maintenance in right for children any kind of walk-ways any problem of lighting in land-scaping issues that he may feel appropriate he can send it to me in writing in specifics, I will accordingly issue a direction to both the consulting authorities to take/undertake of those works.

**Shri Devender Kumar Bansal :** Sir, in the Yavnika and Toppari Park, the track is totally in the dead or broken condition and in the Nirjhar Vatika, the fountain is not working for the last so many years. Even the clay is floating on the water.

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Sir, the point is well taken. Since it was not a part of the question and it is a general question, I would request my friend he should give me specifics including where the fountains are not working, where the path ways are broken, where the land scaping has to be re-done, where some urban planners have to be engaged to give it a face lift or to re-do place or wherever markets required some kind of modern amenities to be created. Funds are available and the Government is committed to do it. Panchkula happens to be one of our prime most cities. I have been a resident of Panchkula for a very-very long time since late 1970. So, there would be no difficulty in allocating the funds for Panchkula. Sir, his third question was qua the residents of Sector 12-A and a park has come up on HUDA land there. I have no handy information since

[ श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला ]

it was not a part of the question, but as I understand all such, this must be a land carved out and reserved for a judicial complex. Since it must be lying dis-used for a while, normally what the residents of the sectors do, they get together and develop that land so that it is not lying waste. They may have done exactly that. I will find out and let him know.

**Shri Devender Kumar Bansal:** Sir, they are maintaining this park for the last 20 years.

**Shri Randeep Singh Surjewala:** Sir, I can assure him of one thing, that if the land is reserved for the park in a master plan, we will not let it be converted. Green spaces in the cities are of paramount importance today and I agree with him. There is no way that we can take away the green spaces from the residents but off-hand I can only tell my learned friend that we will find out the details. I will check the master plan and in case the land is reserved for a park in the master plan, it will remain reserved. But if it is not reserved in the master plan for park then it will be difficult to do so.

**Shri Devender Kumar Bansal:** Sir, I would also know about moving the Rehri Markets.

**Shri Randeep Singh Surjewala:** Sir, another issue that my learned friend has raised is regarding moving the Rehri Markets from various sectors. My request would be that he should send it in writing to me. We will get it checked. The Government is committed to ensure that nobody loses their livelihood without any justification. If it is because of encroachment on public land, at this moment, I do not know how we will be able to adjust. Although, in Panchkula we have re-developed and houses have been allotted for Rajiv Colony and other areas.

**श्रीमती सुमिता सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहती हूं कि पिछले सैशन में मेरा भी पार्किंग के बारे में प्रश्न लगा था और उसके बारे में जो अधिकारियों ने जवाब दिया था वह बड़ी रोजी सी पिक्चर दे दी थी। मैंने सवाल तो पुराने शहर के बारे में पूछा था और जवाब उन्होंने सैक्टर्स की पार्किंग के बारे में दे दिया था। मंत्री जी, मैं आपसे यह जानना चाहूंगी कि जितने भी हमारे पुराने शहर हैं उनमें पार्किंग की बहुत बड़ी समस्या है और सैक्टर्स में भी अब तो यही हाल है तो क्या आप जितने भी हमारे पुराने शहर हैं और उनकी मेन मार्किट्स हैं उनके बारे में ऐसा कोई प्लान करने जा रहे हैं कि वहां पर पार्किंग बने। जैसा कि माननीय सदस्य श्री डी.के.बंसल जी ने हुडा के बारे में भी पूछा है तो मैंने सोचा कि इस बारे में एक सवाल मैं भी पूछ लूं कि जैसे हमारा करनाल शहर है उसमें 12 या 14 नये सैक्टर हुडा के डिवैल्प हुए हैं लेकिन वे सारे सैक्टर्ज जी.टी.रोड के अदर साइड में डिवैल्प हुए हैं और उनमें कहीं भी क्रिमेशन ग्राउंड बनाने का प्लान नहीं किया गया। पूरे शहर में जब भी कहीं भी किसी की डैथ हो जाती है तो उसे पुराने शहर के क्रिमेशन ग्राउंड में क्रिमेशन के लिए ले जाते हैं इससे काफी असुविधा होती है ? अध्यक्ष महोदय, मैं जानना चाहूंगी कि वहां जो अब नये सैक्टर डिवैल्प होंगे उनमें क्या कोई ऐसा प्रावधान रखने जा रहे हैं कि उन सैक्टर्स में क्रिमेशन ग्राउंड जरूर हो ?

**Shri Randeep Singh Surjewala:** Speaker Sir, there are two valid points that my learned friend has raised. Old cities whether it is Karnal, whether it is Kurukshetra, whether it is Hisar, whether it is Kaithal or whether it is Yamuna Nagar have a problem of parking with multifold expansion of population and more businesses and trades have come inside the city. This is a genuine issue, all that I would like to tell my learned friend that many cities have done so. In Hisar, I remember, Smt. Savitri Jindal Ji is also here, the Municipal Corporation at her instance did it. In many areas it has been done. The Municipal Council has to take the onus of finding some piece of land inside the city. Speaker Sir, after all we cannot proceed to demolish anybody's house and shop then again it would deprivation of livelihood of another persons and Municipal Councils too have small-small patches of land around cities almost everywhere, they have to take the onus of finding that area. Speaker Sir, I can tell my learned friend if there is problem with regard to finding funds for the same we will request to Urban Local Bodies Department to provide funds for construction of that multi level parking. Now they cannot be surface parking no longer. You have to go vertical in congested areas as far as parking is concerned you have to find that place and we have consequently ensure that the traffic flow that has increased with rapid urbanization, increased in incomes, increased rapid trade set ups that have come up and multifold types of trade have come up so we need to raise multi level parking. If my learned friend feels in Karnal any other department has such a chunk of land then she should meet Hon'ble Chief Minister in this regard as he is always sympathetic to these types of concerns. I am sure that solution could be found out. Speaker Sir, second issue that my learned friend has raised is regarding non-availability of cremation ground. That is a very valid issue and I will ask HUDA to look atleast at those sectors which are across the G.T. Road, in Karnal and we will take active steps to provide appropriate cremation grounds so that the residents do not have to cross the G.T. Road.

**Smt. Sumita Singh:** Speaker Sir, if we shift the present Karnal Bus Stand outside the city then this Bus Stand place we can make parking place.

**Shri Randeep Singh Surjewala:** Speaker Sir, that is a suggestion only.

**श्री आनन्द सिंह दांगी :** स्पीकर सर, महम में भी एक टाऊन पार्क है वहां पर सैंकड़ों लोग सैर करते हैं। लेकिन वहां पर न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही टॉयलैट की सुविधा है। इसके साथ ही रोहतक शहर के सैक्टर-1 में भी एक पार्क है जो कि डेढ़ किलोमीटर की दूरी में फैला हुआ है। वहां पर भी ये दोनों सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इन दोनों जगहों पर ये दोनों सुविधाएं देने का प्रबन्ध करें ताकि वहां पर आने-जाने वालों के लिए सुविधा प्रदान की जा सकें।

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Speaker Sir, I have noted the suggestion made by the Hon'ble Member and I will pass on it to the Local Bodies Department.

**Shri Bharat Bhushan Batra :** Speaker Sir, it has to be done by the HUDA.

**श्री प्रदीप चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, पिन्जौर एक धार्मिक स्थल है वहां पर बस अड्डे पर सैकड़ों- हजारों यात्री रोजाना खड़े होते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार वहां पर शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था करेगी ?

**Mr. Speaker:** It is not regarding HUDA.

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, बन्सल साहब ने मौजूदा सवाल जो पूछा है वह हुडा के सैक्टर्ज, पंचकूला के बारे में है, इसलिए माननीय सदस्य इस बारे में लिखकर भेज दें तो मैं संबंधित विभाग को आगे भेज दूंगा।

---

### Adjustment of Government Aided Schools Staff

***1473. Sh. Krishan Pal Gurjar :** Will the Education Minister be pleased to state :—

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to adjust the staff of the Government aided schools of Haryana; if so, the time by which such staff is likely to be adjusted; and

(b) the number of such schools and the strength of such staff referred to in part(a) above which are likely to be adjusted ?

**Education Minister (Smt. Geeta Bhukkal Matanhail) :**

(a) Yes Sir, however, no time frame can be indicated at this stage.

(b) There are 249 such schools and the strength of such staff is 2639.

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, सरकार ने सरकारी सहायता अनुदान प्राप्त विद्यालयों के अमले का समायोजन करने का फैसला कर लिया लेकिन उसकी समय सीमा नहीं बताई क्योंकि आम तौर पर सरकार फैसले कर लेती है लेकिन उनकी इम्पलीमैंटेशन नहीं होती इसलिए मैं मंत्री महोदया से पूछना चाहूंगा कि इसकी इम्पलीमैंटेशन कब तक होगी ? इसके लिए कोई भी समय बता दिया जाए चाहे एक साल चाहे दो साल या 5 साल ही बता दिया जाए। दूसरा मेरा सरकार से प्रश्न यह है कि स्टाफ को टेक ओवर करने का क्राइटेरिया क्या है ? क्या इसकी कोई कट ऑफ डेट रखी गई है कि फलां तारीख को जो स्टाफ सेवा में था तब से उनको रखा जाएगा या फ्रैश स्टाफ रखा जाएगा ? अध्यक्ष महोदय, मेरा तीसरा प्रश्न यह है कि इन स्कूलों के स्टाफ को फ्रैश अप्वांयटमैंट्स देनी है या जब से ये स्टाफ सेवा में है तब से उनकी सीनियोरिटी मानी जाएगी।

**श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल :** अध्यक्ष महोदय, इस समय जो गवर्नमैंट ऐडिड स्कूल चल रहे हैं माननीय सदस्य ने उनके बारे में प्रश्न किया है। बहुत सी मैनेजमैंट्स और बहुत से स्टाफ मैम्बर्ज सैलरीज के बारे में बहुत सी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री महोदय से और विभाग के अधिकारियों से काफी बार मिले हैं। सरकार उन गवर्नमैंट ऐडिड स्कूलों के टीचिंग स्टाफ के लिए और नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए 75 परसैंट ऐड देती है। मैनेजमैंट ने जब यह बात कही तो

बहुत सी मैनेजमैंट्स के साथ हमारी मीटिंग्ज हुई और उसके बाद हमारे 249 ऐडिड स्कूलों में से करीबन 203 सैकेंडरी स्कूलों ने और 40 एलीमैंटरी स्कूलों ने तो अपनी कंसैंट दे दी है और 39 सैकेंडरी स्कूल और 43 एलीमैंटरी स्कूल ऐसे हैं जिन्होंने अपनी कंसैंट नहीं दी है। सैकेंडरी स्कूलों में करीबन 1616 का टीचिंग स्टाफ है और दूसरे एलीमैंट्री स्कूलों में 701 का टीचिंग स्टाफ है। जब इन स्कूलों को ऐड देने की बात की गई और इनको डिऐडिड की बात आई तो सरकार इस बारे में एक मोरैलिटी तय कर रही है और सरकार का ध्येय है कि सरकार उन स्कूलों को बन्द नहीं करना चाहती। शिक्षा के अधिकार के तहत जहां हम और ज्यादा स्कूल खोलने जा रहे हैं वहां ऐसे स्कूलों के लिए शुरू में हमने यह कंडीशन लगाई गई कि 99 साल तक मैनेजमैंट उस स्कूल को चलाएगी। फिर मैनेजमैंट और स्टाफ में इस पर सहमति नहीं बनी और सरकार ने यह निर्णय लिया कि 33 साल तक हम जरूर इंश्योर करेंगें कि ये स्कूल चलें ताकि आस पास के पढ़ने वाले बच्चों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। मुख्यमंत्री महोदय के यहां से फैसला भी हुआ और उसके बाद भी मैनेजमैंट ने डिसएग्री किया तो अंत में फैसला हुआ कि 5 साल के लिए ये स्कूल जरूर चलाएं। जो लोग चाह रहे हैं कि उनके स्कूलों को डिऐडिड कर दिया जाए तो उनको डिऐडिड कर देंगे और बाकियों को ऐड देते रहेंगे। अध्यक्ष महोदय, इस तरह की काफी शिकायतें आई हैं कि बहुत से लोग इन स्कूलों की लैंड को चेंज आफ लैंड यूज करने के बाद कॉमर्शियल एक्टीविटीज कर रहे हैं इसलिए इस मोरैलिटी को हम चैक कर रहे हैं। जहां तक स्टाफ को टेक ओवर करने की बात है तो क्वालिफिकेशन के हिसाब से जो स्कूल हमारे नार्म्स को फुलफिल करेगें हम सबको टेक ओवर करेंगे और जो मैनेजमैंट नहीं चाह रही उनको टेक ओवर नहीं करेंगे। This is under active consideration of the Government. हम प्रयास करेंगे कि इस पर अति शीघ्र फैसला लें।

**श्री कृष्ण लाल पँवार:** अध्यक्ष महोदय, जो ऐडिड स्कूलों के बारे में कृष्ण पाल गुर्जर जी ने चर्चा की मैं इस बारे में पूछना चाहता हूं कि क्या 2010 से अपटू डेट किसी स्कूल के स्टाफ का समायोजन किया गया है यदि किया गया है तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल :** अध्यक्ष महोदय, बहुत सी मैनेजमैंट्स ने चाहा है कि स्टाफ के अलावा उन स्कूल्ज को भी सरकार द्वारा टेक ओवर कर लिया जाये जो इस समय चलने की स्थिति में नहीं हैं। अभी तक सरकार ने किसी भी स्कूल को टेक ओवर नहीं किया है। यह मामला एक्टिव कंसीड्रेशन में है और अति शीघ्र इस बारे में फैसला लिया जायेगा।

**श्री भारत भूषण बत्तरा :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री महोदया को बताना चाहूंगा कि बहुत से ऐडिड कालेजों और स्कूलों में अध्यापकों को कम सैलरी दी जाती है और उनसे ज्यादा सैलरी पर साईन करवाये जाते हैं इसलिए इस तरह की मैनेजमैंट्स पर भी इन्क्वायरी करवाकर इस तरह के स्कूल और कालेजों को भी सरकार टेक ओवर करे।

**Mr. Speaker :** It's a suggestion.

---

## Posting of Doctors and Para Medical Staff

***1316. Shri Jagbir Singh Malik :** Will the Health Minister be pleased to state :—

[ श्री जगबीर सिंह मलिक]

(a) whether Doctors and Para Medical Staff has been posted as per sanctioned posts in General Hospital Gohana, CHC Juan, PHC Mohra and Rehmana; and

(b) if not, the time by which Doctors and Para Medical Staff are likely to be posted as per sanctioned posts in the aforesaid Hospitals, CHC and PHC's ?

**स्वास्थ्य मंत्री (राव नरेन्द्र सिंह) :** श्रीमान, सूचना सदन के पटल पर है।

## सूचना

(ए) सामान्य अस्पताल गोहाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जुआं, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माहरा तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र, रहमाना में चिकित्सकों तथा पैरामैडिकल स्टाफ बारे सूचना निम्न अनुसार है।

| संस्था का नाम | पद/पद नाम | स्वीकृत पदों की संख्या | भरे हुये पदों की संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| सामान्य अस्पताल, गोहाना | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | 2 | 1 | 1 |
| | चिकित्सा अधिकारी | 7 | 1 | 6 (हाल ही में 4 चिकित्सक 60 दिन के लिये प्रतिनियुक्त किये गये हैं) |
| | दंतक सर्जन | 1 | 1 | 0 |
| | पी0एच0एन0 | 1 | 0 | 1 |
| | नर्सिंग सिस्टर | 1 | 1 | 0 |
| | स्टाफ नर्स | 18 | 18 | 0 |
| | औषधाकारक | 3 | 3 | 0 |
| | रेडियोग्राफर | 1 | 1 | 0 |
| | प्रयोगशाला तकनिशियन | 4 | 4 | 0 |
| | एजूकेटर | 1 | 1 | 0 |
| | एम0पी0एच0एस0 (फिमेल)/ एल0एच0वी0 | 1 | 1 | 0 |
| | एम0पी0एच0डब्ल्यू0 (फिमेल) ए0एन0एम0 | 3 | 3 | 0 |
| | एम0पी0एच0डब्ल्यू0 (मेल) | 5 | 5 | 0 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जुआं | वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी | 1 | 1 | 0 |
| | चिकित्सा अधिकारी | 1 | 1 | 0 |
| | दंतक सर्जन | 1 | 1 | 0 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| | स्टाफ नर्स | 1 | 1 | 0 |
| | औषधाकारक | 2 | 1 | 1 |
| | प्रयोगशाला तकनिशियन | 2 | 2 | 0 |
| | नेत्र सहायक | 1 | 1 | 0 |
| | एजूकेटर | 1 | 1 | 0 |
| | एम0पी0एच0एस0 (फिमेल)/ एल0एच0वी0 | 1 | 1 | 0 |
| | एम0पी0एच0एस0 (मेल) | 1 | 1 | 0 |
| | एम0पी0एच डब्ल्यू0 (फिमेल)/ ए0एन0एम0 | 1 | 1 | 0 |
| | एम0पी0एच0 डब्ल्यू0 (मेल) | 1 | 1 | 0 |
| प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, माहरा | चिकित्सा अधिकारी | 2 | 2 | 0 |
| | दंतक सर्जन | 1 | 1 | 0 |
| | स्टाफ नर्स | 1 | 1 | 0 |
| | औषधाकारक | 1 | 1 | 0 |
| | प्रयोगशाला तकनिशियन | 1 | 1 | 0 |
| | एम0पी0एच डब्ल्यू0 (फिमेल) | 1 | 1 | 0 |
| उप स्वास्थ्य केन्द्र, रहमाना | एम0पी0एच डब्ल्यू0 (फिमेल) | 1 | 1 | 0 |
| | एम0पी0एच डब्ल्यू0 (मेल) | 1 | 1 | 0 |

(बी) गोहाना में चिकित्सा अधिकारी अगले दौर की चयन प्रक्रिया के उपरान्त लगाने की सम्भावना है।

**श्री जगबीर सिंह मलिक :** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने जो स्टेटमैंट दी है उसमें गोहाना सामान्य अस्पताल में 7 चिकित्सा अधिकारियों की पोस्टें सैंक्शन बताई हैं जिनमें से केवल एक पोस्ट भरी हुई है। मेरे सवाल देने के बाद वहां 4 चिकित्सक डैप्यूटेशन पर भेजे गये हैं। मैं मंत्री जी से आश्वासन चाहूंगा कि वहां पर जब तक नये डाक्टर्ज की पोस्टिंग न हो तब तक इन डाक्टर्ज की डैप्यूटेशन कैंसिल न की जाये ताकि वहां मरीजों की प्रोपर देखभाल हो सके। अध्यक्ष महोदय, जुआं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इस समय सिर्फ एक डाक्टर है, मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि नार्म्ज के मुताबिक कितने डाक्टर और कितना पैरा मैडीकल स्टाफ वहां होना चाहिए ? क्या वहां के लिए डाक्टर्ज की पोस्टें सैंक्शन हो चुकी हैं और नहीं तो कब तक सैंक्शन करके वहां डाक्टर्ज और दूसरे स्टाफ की नियुक्ति की जायेगी ?

**राव नरेन्द्र सिंह :** अध्यक्ष महोदय, जहां तक गोहाना सामान्य अस्पताल की बात है यह ठीक है कि वहां पर 7 सैंक्शन पोस्टों में से एक मेडिकल आफिसर है और अभी हमने 4 मेडिकल आफिसर डैप्यूट किए हैं जिनमें से 3 ज्वायन कर चुके हैं। माननीय साथी चाहते हैं कि ये मेडिकल आफिसर भविष्य में वहीं डैप्यूट रहें, निश्चित रूप से डैप्यूट रहेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय साथी की जानकारी के लिए यह भी बताना चाहूंगा कि गोहाना बिलकुल खानपुर कलां के

[ राव नरेन्द्र सिंह ]
नजदीक है जहां पर बी.पी.एस. महिला मेडिकल कालेज और हास्पिटल बनकर तैयार हो चुका है। जिस पर लगभग 600 करोड़ रुपये की लागत आयी है। यह बहुत बड़ा मेडिकल हास्पिटल है। यह बहुत बड़ी शुरूआत हमारे माननीय मुख्यमंत्री जी ने की है जिससे प्रदेश और देश के लोगों के लिए शुभ सूचना है। भारत में राज्य के स्तर पर यह पहला महिला मेडिकल कालेज है जो शुरू किया गया है (इस समय मेजें थप-थपाई गई)। इसको रूरल मैडीसिटी के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली के हैल्थ मिनिस्टर भी इसको स्पेशल देखने आये थे और दूसरे लोग भी बाहर से इसको देखने आते हैं और इस बात की तारीफ करते हैं कि हरियाणा जैसे छोटे राज्य ने इतना बड़ा महिला मेडिकल कालेज बनाया है। इस हास्पिटल का हमारी राष्ट्रीय अध्यक्षा और यू.पी.ए. चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी जी 8 तारीख को उद्घाटन करेंगी। अध्यक्ष महोदय, गोहाना और खानपुर कलां में ज्यादा फर्क नहीं है फिर भी जहां तक डाक्टर्ज की कमी की बात गोहाना के लिए माननीय साथी कर रहे थे हम डाक्टर्ज की भर्ती कर रहे हैं जैसे ही डाक्टर्ज उपलब्ध होंगे वहां पोस्टिंग कर दी जायेगी। अध्यक्ष महोदय, माननीय साथी ने दूसरा सवाल जुआं सी.एच.सी. के बारे में पूछा है। इस बारे में मैं माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि पूरी स्टेट में अभी अपग्रेडेशन का मामला क्लीयर नहीं हो पाया है। हो सकता है किसी पी.एच.सी. में डाक्टर्ज की एक सैंक्शन पोस्ट हो और किसी में 2 सैंक्शन पोस्टें हों। लेकिन जहां तक जुआं की लेटैस्ट पोजीशन है वहां एक एस.एम.ओ., एक मेडिकल आफिसर और एक डैंटल सर्जन की सैंक्शन पोस्टें हैं और वे भी भरी हुई हैं। वहां की ओ.पी.डी. वगैरह को देखते हुए इस केस को हम पर्सनली एग्जामिन करवा लेंगे और जो भी सैंक्शन पोस्टें वहां बनेंगी, उनको दे दी जायेंगी।

**श्री जरनैल सिंह :** अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं माननीय मुख्यमंत्री जी और मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूंगा कि इन्होंने रतिया के सिविल हास्पिटल को 50 बैड का बनाने का वादा किया है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि इस हास्पिटल में 50 बैड के मुताबिक स्टाफ कब तक सैंक्शन कर लिया जायेगा और इसकी बिल्डिंग का कार्य कब तक शुरू कर दिया जायेगा ?

**राव नरेन्द्र सिंह:** अध्यक्ष महोदय, मैंने माननीय साथी का सजैशन नोट कर लिया है। इस पर जल्दी ही शुरूआत करेंगे क्योंकि माननीय मुख्यमंत्री जी जो घोषणा करते हैं उस पर हम जल्दी ही अमल करते हैं। इसका प्रोसैस जारी है और बहुत जल्द कार्य शुरु करेंगे।

---

**Repair of Community Halls**

***1457 Shri Krishan Lal Kamboj :** Will the Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to repair the Community Halls of village Chakan and Kharia of Rania Constituency; if so, the time by which the grant is likely to be released for the maintenance of the said buildings as these buildings are in a dilapidated condition at present ?

**उद्योग मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) :** नहीं, अध्यक्ष महोदय, इस बारे में हमने डी.सी. से दोनों एस्टीमेट्स मंगवा लिये हैं और मैं माननीय साथी को आश्वास्त करना चाहूंगा कि इनके एस्टीमेट्स आ चुके हैं जिनको मुख्यमंत्री जी से मंजूर करवाकर जल्दी ही इन दोनों कम्युनिटी हॉल्ज की मुरम्मत शुरु करवाई जायेगी।

**कृष्ण लाल कम्बोज :** स्पीकर सर, मंत्री जी ने बहुत अच्छा जवाब दिया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस बारे में एस्टीमेट्स वर्ष 2002 में तैयार हुए थे यह 400-500 गज में बसा है। मंत्री जी ने कहा है कि जैसे ही इस काम के एस्टीमेट्स बनेंगे हम इसे तैयार करवा देंगे। अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा मैं यह कहना चाहता हूं कि इन हाल्स में फर्श भी बनाया जाए और अलमारी का भी प्रोविजन किया जाना चाहिए। मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि ये कब तक बन जायेंगे ?

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Sir, we will get it done within six months और जो इन्होंने यह कहा है कि उसमें अलमारी वगैरह और फर्श की कुछ मुरम्मत की आवश्यकता हुई तो हम इसके लिए एक्स्ट्रा एस्टीमेट्स भी माननीय मुख्यमंत्री जी से मंजूर करवाकर इस काम को भी जल्दी ही करवा देंगे।

---

## Bifurcation of Pillukhera Mandi Panchayat

***1485 Shri Kali Ram :** Will the Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to bifurcate the Pillukhera Mandi Panchayat into two separate Panchayats; if so, the time by which the above Panchayat is likely to be bifurcated ?

**Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** No, Sir.

**श्री कली राम पटवारी :** स्पीकर सर, मैं मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि जो पिल्लू खेड़ा मण्डी है उसकी आबादी दो पंचायतों के अंदर आती है। मुख्यमंत्री जी वहां पर 28 जून, 2008 को गये थे उस समय वहां के लोगों ने यह डिमाण्ड की थी कि इस पिल्लूखेड़ा पंचायत को अलग पंचायत का दर्ज़ा दिया जाये। (विघ्न)

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Sir, if they will continue like this, I can't hear the question of Hon'ble Member. (विघ्न) राम पाल माजरा जी किसी भी सदस्य को कोई क्वैश्चन पूछने ही नहीं देते।

**Mr. Speaker :** Atleast, let him ask his question. He needs no guidance from anybody. (Interruption) Please let him ask his question.

**श्री कली राम पटवारी :** स्पीकर सर, मुख्यमंत्री जी वहां पर 28 जून, 2008 को गये थे उस समय वहां के लोगों ने यह डिमाण्ड की थी कि इस पिल्लूखेड़ा पंचायत को अलग पंचायत का दर्ज़ा दिया जाये। इस पर माननीय मुख्यमंत्री जी यह घोषणा करके आये थे कि पिल्लूखेड़ा मण्डी को अलग पंचायत का दर्जा दिया जाये। क्या पिल्लू खेड़ा मण्डी को अलग पंचायत का दर्जा दिया जायेगा या नहीं?

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, पिल्लू खेड़ा मण्डी में अलग पंचायत बनाने की आवश्यकता है कलीराम पटवारी जी से मैं भी इस मामले में सहमत हूं। गवर्नमैंट के पास जब यह प्रपोज़ल आलरेडी आया था वह इलैक्शन कमीशन की कट आफ डेट के बाद में आया था। इस वजह से यह मामला उस समय टेक-अप नहीं हो पाया क्योंकि इलैक्शन कमीशन की कट

[ श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला ]

आफ डेट के बाद ही यह मामला पहुंच पाया था। इस बारे में हमने सम्बंधित डिप्टी कमिश्नर महोदय को कहा है कि वे इस केस को वर्ष 2011 की सैंसस फिगर्ज़ के आधार पर सरकार को भेज दें ताकि वर्ष 2014 में जैसे ही ये दोबारा बनेंगे तो उस समय हम पिल्लू खेड़ा मंडी के लिए अलग पंचायत का गठन करवा सकें।

---

## Posting of Doctor in PHC

***1374. Shri Naseem Ahmed :** Will the Health Minister be pleased to state whether it is a fact that there is no Doctor in the PHC, Tigaon (Mewat); if so, the time by which the Doctor is likely to posted in the aforesaid PHC ?

**स्वास्थ्य मंत्री (राव नरेन्द्र सिंह) :** नहीं श्रीमान, यह सही नहीं है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तिगांव (मेवात) में कोई चिकित्सक नियुक्त नहीं है। चिकित्सा अधिकारी के 02 तथा दंतक सर्जन के 1 स्वीकृत पद के विरुद्ध वहां 01 चिकित्सा अधिकारी तथा 01 दंतक सर्जन कार्यरत है।

**श्री नसीम अहमद :** स्पीकर सर, मंत्री जी ने जो जवाब दिया है यह सही नहीं है जब मैंने विधान सभा में यह प्रश्न लगाया था उस समय यह पोस्टिंग नहीं हुई थी लेकिन आज पोस्टिंग हो गई है यह बात बिल्कुल सही है। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि पिछले कई सालों से यह पी.एच.सी. खण्डहर बनी हुई थी और इस फरवरी से उसमें डॉक्टरों की नियुक्ति हुई है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि ऐसा मेवात के साथ क्यों हो रहा है कि चाहे कोई पी.एच.सी. है या फिर जनरल हॉस्पिटल हो वहां पर डॉक्टरों की बड़ी भारी कमी है। इससे जनता काफी परेशान है। मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि मेवात के अंदर महिला डॉक्टरों की भी कमी है। इसके अलावा मेवात के अंदर जितनी भी पी.एच.सीज़. हैं वे सारी की सारी कण्डम हालत में हैं। क्या मंत्री जी यह बतायेंगे कि कब तक उनको वर्किंग कंडीशन में ला दिया जायेगा ?

**राव नरेन्द्र सिंह :** स्पीकर सर, जहां तक हमारे काबिल दोस्त के गांव तिगांव का प्रश्न है इसमें कोई शक नहीं है कि वहां की पी.एच.सी. की बिल्डिंग की हालत बहुत खस्ता थी और जो मेरे पास रिपोर्ट आयी है उसमें यह कहा गया है कि गांव वालों के द्वारा या और लोगों के द्वारा यह कहा गया है कि इस बिल्डिंग की हालत बहुत ज्यादा खस्ता थी जिसके कारण यह पी.एच.सी. वहां पर कुछ समय कार्य नहीं कर पाई थी लेकिन मेडिकल मोबाईल यूनिट के द्वारा बराबर हमारे स्टाफ द्वारा काम किया जा रहा था और बराबर ओ.पी.डी. चैक किया जा रहा था। वहां पर मेडिकल ऑफिसर भी जा रहे थे। अब इसके सुधार के लिए प्रोपर तरीके से पैसा सरकार द्वारा सैंक्शन कर दिया गया है और हम वहां पर जल्दी ही काम शुरू करवा रहे हैं।

---

## Construction work of CHC, Raipur Rani

***1399. Shri Pardeep Chaudhary :** Will the Health Minister be pleased to state :—

(a) Whether it is a fact that the construction work of CHC Raipur Rani was started about one and half year ago but the same has not be completed so far; and

(b) if so, the reasons thereof together with the time by which the construction work of said CHC is likely to be completed ?

**Health Minister (Rao Narender Singh) :**

(a) Yes, Sir.

(b) The work could not be completed as there was some change of scope of work which led to change of drawings & estimates. The building is likely to be completed within four to five months.

**श्री प्रदीप चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, यह बात तो ठीक है कि यह काम 4-5 महीने में पूरा हो जायेगा। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि मोरनी में 20 पंचायतें हैं तथा वहाँ पर प्राइमरी हैल्थ सैन्टर है और वहाँ पर एम.ओ. की दो पोस्टों में से एकपद खाली पड़ा है। वहाँ के लोगों को 50 किलोमीटर तक चलकर पंचकुला आना पड़ता है, क्या मंत्री जी वहाँ पर पी.एच.सी. को सी.एच.सी. का दर्जा देने बारे विचार करेंगे ?

**राव नरेन्द्र सिंह :** अध्यक्ष महोदय, पी.एच.सी. से सी.एच.सी. बनाने के लिए निर्धारित नॉर्म्स हैं अगर वह पी.एच.सी. नॉर्म्स को पूरा करती होगी तो हम उस पर विचार कर लेंगे।

**श्री प्रदीप चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, मानव जीवन को मूल्यों से न तोला जाये। मोरनी में न तो हमारे शिक्षा के नॉर्म्स पूरे होते हैं और न ही हैल्थ के नॉर्म्स पूरे होते हैं। इसलिए मेरी माननीय मुख्य मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि नियमों में ढील देकर हमारे प्राइमरी हैल्थ सैन्टर का दर्जा बढ़ाकर सी.एच.सी. में अपग्रेड किया जाये।

**राव नरेन्द्र सिंह :** ठीक है।

---

## To Open Government Polytechnic College

***1450. Dr. Bishan Lal Saini :** Will the Technical Education Minister be pleased to state whether, there is any proposal under consideration of the Government to open a Government Polytechnic, College in district Yamunanagar ?

**Technical Education Minister (Shri Mahender Partap) :** Yes, Sir.

**डॉ. बिशन लाल सैनी:** अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने हाँ में जवाब दिया है, उसके लिए मैं मंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ। मैं आपके माध्यम से माननीय मुख्य मंत्री जी से एक रिक्वैस्ट और करना चाहता हूँ कि उन्होंने जहां 5 आई.टी.आईज. की आधारशिला रखनी है वहीं एक और आई०टी०आई० रादौर में भी खोलने की कृपा कर दें।

**श्री अध्यक्ष :** सैनी जी, आपने यमुनानगर के बारे में प्रश्न पूछा है और मंत्री जी ने बताया है कि यमुनानगर में खोल रहे हैं।

**डॉ. बिशन लाल सैनी:** सर, मैं रादौर के बारे में कह रहा हूँ। अध्यक्ष महोदय, आप जो कह रहे हैं वह तो पॉलिटैक्निक है लेकिन मैं आई.टी.आई. की बात कर रहा हूँ।

**Mr. Speaker :** It is a separate question.

**श्री महेन्द्र प्रताप:** अध्यक्ष महोदय, यमुनानगर का जहाँ तक सवाल है तो माननीय सदस्य को तसल्ली होनी चाहिए हम जल्दी ही इसकी कंस्ट्रक्शन का काम शुरू कर देंगे। इस काम के लिए 2 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हो चुकी है और वह पैसा पी.डब्ल्यू.डी. विभाग को दे दिया गया है। यह काम भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अन्तर्गत किया जा रहा है। जहाँ तक यमुनानगर जिले का ताल्लुक है तो जिले में हमारी तकरीबन 25 संस्थाएं काम कर रही हैं जिसमें से 14 संस्थाएं तो डिप्लोमा कॉलेज और 11 संस्थाएं डिग्री कॉलेज हैं। कुल मिला कर लगभग 25 संस्थान कार्यरत हैं। उनमें इनटेक और एडमिशन की बात करें तो इंजीनियरिंग कॉलेजिज में तकरीबन 40 परसैंट सीटें आज भी खाली पड़ी हैं। इन सब बातों को देखते हुए मैं समझता हूँ कि वहाँ और कॉलेजिज की आवश्यकता नहीं है लेकिन फिर भी जहाँ-कहीं भी जरूरत महसूस होगी तो हम उस बारे में प्राईवेट या सरकारी कॉलेज खोलने के लिए जरूर विचार करेंगे। अगर पिछली सरकार से तुलना की जाये तो 2005 तक टोटल 161 संस्थान थे और आज के दिन 643 संस्थान हो गये हैं। इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि तकनीकी शिक्षा का हरियाणा में कितना तेजी से विस्तार हुआ है। जहाँ कहीं भी जरूरत होती है माननीय मुख्य मंत्री जी स्वयं ही संज्ञान ले लेते हैं।

**श्री सुभाष चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि धतीर आई.टी.आई. 1997-98 से चल रही थी वह तीन चार साल पहले बंद कर दी गई थी क्या मंत्री जी उसको दोबारा से चलाने बारे विचार करेंगे।

**Mr. Speaker:** It is a separate question.

---

### Severage Treatment Plant at Nissing and Trauri

***1385. Shri Mamu Ram Gonder :** Will the Public Health Engineering Minister be pleased to state whether it is a fact that sewerage treatment plants for Nissing and Tarauri have been sanctioned by the Government; if so, the time by which the work on the said plants is likely to be started ?

**जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री (श्रीमती किरण चौधरी) :** हां श्रीमान जी। निसिंग शहर में 4 एम0एल0डी0 (मिलीयन लीटर प्रतिदिन) क्षमता वाले मल शोधन संयंत्र का कार्य प्रगति पर है तथा 31.03.2014 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। तरावड़ी शहर में मल शोधन सयंत्र बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है तथा भूमि अधिग्रहण के बाद इस कार्य को एक वर्ष में पूर्ण कर दिया जायेगा।

**श्री मामू राम :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया की क्या स्थिति है ?

**श्रीमती किरण चौधरी :** अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहती हूं कि हमने म्यूनिसिपल कमेटी निसिंग से भूमि अधिग्रहण कर ली है और उस भूमि पर 4 एम०एल०डी० क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट का कार्य प्रोग्रैस पर है यह कार्य मार्च, 2014 तक पूरा हो

जाएगा। माननीय सदस्य की जानकारी के लिए मैं एक बात और बता दूं कि इस काम के लिए 13.15 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। (विघ्न) सर, इसके लिए इनको धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि पहले इस पर साढ़े 5 करोड़ रुपया लगाया जाना था और हम उस पर 28.3 करोड़ रुपये लगाने जा रहे हैं जो साढ़े पांच गुणा ज्यादा है।

**श्रीमती सरोज :** सर, इनकी तरफ से मैं धन्यवाद कर देती हूं।

**श्री जरनैल सिंह :** स्पीकर सर, रतिया शहर में सीवरेज का कार्य प्रगति पर है लेकिन मैं मंत्री जी से आपके माध्यम से जानना चाहूंगा कि उसका कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है और दो महीने से वह काम भी बंद पड़ा है इसलिए उसको जल्दी से जल्दी पूरा करवाया जाए।

**Mr. Speaker :** Hon'ble Minister, please speed up the work.

**श्रीमती किरण चौधरी :** जी हां, इनके यहां 6.5 एम0एल0डी0 का सीवर ट्रीटमैंट प्लांट का कार्य चल रहा है और जल्दी ही उसको पूरा करेंगे।

---

## Construction of Guide Bandh

***1523. Shri Raghubir Singh Tewatia :** Will the PWD (B&R) Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to construct Guide Bandh on both banks of the Yamuna bridge in village Mohna; if so, the time by which the aforesaid Bandhs are likely to be constructed ?

**Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** Sir, there is no proposal under consideration of the Government at present to construct Guide Bandh on both banks of the Yamuna bridge in Mohna.

**श्री रघुबीर सिंह तेवतिया :** अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि यमुना पुल के दोनों तटों पर गाईडबांध की बहुत जरूरत है। मोहना बहुत बड़ा गांव है। अगर वहां गाईडबांध बनेगा तो किसानों को अपने खेतों में आने-जाने का सही रास्ता मिलेगा। जब यमुना में बाढ़ आती है, तो उससे जो भूमि का कटाव होता है वह कटाव भी रुक जाएगा और किसानों को अपने खेत में आने-जाने व ट्रैक्टर-बुग्गी वगैरह ले जाने के लिए रास्ता बन जाएगा। अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले पैंटुन पुल की भी मांग की थी और अब इस गाईडबांध की मांग की है। मंत्री जी, आपने दोनों के लिए मना की है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि हमारी इन दोनों मांगों में से कोई एक मांग तो पूरी करो।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि जो गाईडबांध होता है वह ब्रिज को प्रोटैक्ट करने के लिए होता है तो शायद ये अगर वहां जाएंगे तो इनको पता चलेगा कि वह ब्रिज तो पिछले 12 साल से मौके पर बना हुआ है और किसान उसे इस्तेमाल करते हैं। ये गाईडबांध की बात नहीं कर रहे probably the question is not happily worded. अगर मैं सही समझा हूं तो ये यमुना के दोनों तरफ की इम्बैंकमैंट को पक्का करने की बात कह रहे हैं।

**श्री रघुबीर सिंह तेवतिया :** मंत्री जी, आप जिस पुल की बात कर रहे हैं वह तो उस रास्ते के लिए है जो रास्ता 12 गांवों के लिए जाता है। लेकिन जो मोहाना गांव की जमीन दूसरी तरफ पड़ती है उसके लिए भी तो गाईडबंध की जरूरत है क्योंकि वहां कोई रास्ता नहीं है तो किसान अपने खेतों में कहां से जाएं। सर, उसकी भी किसानों को बहुत जरूरत है।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, ब्रिज के पियरस को प्रोटैक्ट करने के लिए हम जो स्ट्रक्ट्चर बनाते हैं, उसको गाईडबंध करते हैं। Bridge is absolutely safe. आपका प्रश्न आने के बाद हमने उसको दोबारा भी चैक कर लिया। इसलिए मैंने कहा कि may be the question is not very happily worded. ये यमुना के दोनों तरफ की इम्बैंकमैंट को पक्का करने की बात कह रहे हैं जो मुझे आपके प्रश्न से समझ आ रहा है।

**श्री रघुबीर सिंह तेवतिया :** सर, अगर यह गाईडबंध बन जाएगा तो किसानों को अपने खेत में जाने के लिए रास्ता मिल जाएगा।

**Mr. Speaker :** You have to meet with the Minister separately in this regard.

**Mr. Randeep Singh Surjewala :** There is a bridge across Yamuna River that exists for over a decade now and villagers on both sides of the States are using that. What my friend is talking about is perhaps construction of embankments of Yamuna that does not fall within the purview of the PWD. My learned friend said that I said 'No" to his earlier question listed on 1.3.2013. Sir, I want to remind him that I said "Yes" to his earlier question and also said that a pantoon bridge will be constructed at a cost of Rs. 2.00 crore. Probably he did not hear or forgot about it.

**श्री पृथी सिंह नम्बरदार :** सर, चाहूंगा कैथल और टोहाना के बीच में गढ़ी और पिपलथा के बीच भाखड़ा नहर का पुल आता है जिसको बनते हुए लगभग 7 साल से ज्यादा हो चुके हैं लेकिन वह पुल आज तक भी पूरा नहीं हो सका है, अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से पूछना चाहूंगा कि इसके कब तक पूरा होने की संभावना है?

**उद्योग मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला):** स्पीकर सर, नम्बरदार जी को मैं यह बताना चाहता हूं कि यह पुल कैथल और नरवाना या नरवाना और टोहाना के बीच में नहीं है। जब आप नरवाना से टोहाना जायेंगें तो पहले धरौदी आयेगा उसके बाद धमतान, कालवन और फिर टोहाना आयेगा। गढ़ी पिपलथा जोकि सिख भाईयों का इलाका है, उस जगह पर नहीं पड़ता है। नम्बरदार जी, आप शायद वहां पर गये नहीं होंगे? (विघ्न) कोई बात नहीं... आपकी जानकारी के लिए मैं बता दूं कि जब नरवाना से कैथल जाते हैं तो उसके दो रास्ते हैं उनके बीच में भी गढ़ी पिपलथा का ब्रिज नहीं पड़ता है। (विघ्न) कोई बात नहीं है... कई बार लोकेशन को जानने तथा पहचानने में भी दिक्कत हो जाती है। आप पहली बार चुनकर आये हैं इसलिए शायद थोड़ी दिक्कत है जो लोकेशन ठीक तरह से नहीं पता है...कोई बात नहीं...? आप हमारे काबिल साथी जो हैं...। सर, अगर वहां भी जायें तो पहले बैलरखा आयेगा उसके बाद उझाना गांव आयेगा और पिपलथा और गढ़ी जो हैं that are on a side road. (interruption)

**श्री पृथी सिंह नम्बरदार:** स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पिपलथा और गढ़ी के बीच में जो माखड़ा का पुल है उसके बारे में पूछना चाहता हूं। (विघ्न)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** नम्बरदार जी, आप कभी मेरे साथ चलिए मैं पहले तो आपको नरवाना के रास्ते दिखाकर लाऊंगा... (विघ्न) कोई बात नहीं..., कोई दिक्कत की बात नहीं।

**श्री पृथी सिंह नम्बरदार :** मंत्री जी, आप तो शायद इस इलाके में जाते भी न होंगे लेकिन मैं तो वहां पर रोजाना ही जाता हूं। (विघ्न)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** नम्बरदार जी, मैं आपको नरवाना के रास्ते दिखाकर लाऊंगा (विघ्न) कोई बात नहीं...। कई बार आदमी सारे हल्के में नहीं घूमा होता है इसलिए ऐसी दिक्कत हो जाती है... कोई ऐसी बात नहीं...। आप सीख जायेंगे। (विघ्न) स्पीकर सर, गढ़ी से पिपलथा का जो रास्ता है उसके बीच में एक ब्रिज है that is under construction. यह इन दोनों गांव का एक पुराना ब्रिज था and that bridge was damaged and now that is under construction. ये सभी गांव सिखों के होने के कारण यहां पर हमारे सिख भाई बहुत ज्यादा संख्या में रहते हैं। यह ब्रिज वहां पर बनने के बाद दोनों तरफ के खेतों के लिए हम्प बन जाता था। जब हमारे सिख भाई ट्रैक्टर, ट्रॉली के साथ अपने डेरों में आते-जाते थे तो उनको ज्यादा प्रॉब्लम आती थी। इस संबंध में वे माननीय मुख्यमंत्री जी से भी मिले थे और मुझे भी मिले थे और मैंने मुख्यमंत्री जी से अनुरोध करवाकर उनके हम्प्स चौड़े करवाकर वहा स्लाईडिंग पोरशंज बनवाने का एस्टीमेट्स भी साथ में मंजूर करवा दिया है ताकि हमारे सिख भाईयों को वहां से अपने डेरों से आने जाने में दिक्कत न हो। अगर ब्रिज बन जाये और हम्प्स की समस्या फिर भी बनी रहती तो जाहिर सी बात है कि इस ब्रिज के दोनों तरफ के किसानों को अपने डेरों में आने-जाने में फिर भी दिक्कत होती तो ऐसी स्थिति में ब्रिज बनाने का औचित्य क्या रह जाता ? We have already sanctioned it and I can assure my learned friend that we will get it done very shortly.

**श्री जगदीश नॉयर:** स्पीकर साहब, अगर आप इजाजत दें तो मैं भी कुछ बोलना चाहता हूं ?

**श्री अध्यक्ष:** नॉयर जी, अगर अब भी आपके बोलने के लिए कुछ बाकी रह गया है तो वह भी आप बोल लीजिये।

**श्री जगदीश नॉयर:** स्पीकर सर, आपने जो मुझे बोलने के लिए अवसर दिया उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। हसनपुर गांव जोकि होडल विधान सभा क्षेत्र में है, उसका लगभग आधा हिस्सा यमुना के साथ लगता है। श्री मौहम्मद इलियास जी तथा श्री सुभाष चौधरी जी जो यहां सदन में बैठे हुए हैं उनको भी पता है और मैं आपको भी बताना चाहता हूं कि हमारे क्षेत्र से एक यात्रा निकलती है जिसको ब्रिज यात्रा कहते हैं। सारे देश के करोड़ों यात्री यहां से गुजरते हैं इसलिए इस क्षेत्र में यमुना पर पुल बनाना बहुत जरूरी हो गया है। मैंने सदन में इस बारे में अपना प्रश्न लगाया था, लेकिन एक बार फिर से मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वे इस समस्या पर गंभीरतापूर्वक विचार करके हमारे इस क्षेत्र में यमुना पर पुल बनाने की कोई स्कीम तैयार करें।

**श्री अध्यक्ष:** मंत्री जी, यह विधायक जी का अनुरोध है therefore, need not reply please.

**Sh. Randeep Singh Surjewala:** Sir, the suggestion noted and my learned friend may also send it in writing. I will get it examined and will also discuss with U.P. Government.

---

**Functioning of Sewerage System**

***1364. Shri Narender Sangwan :** Will the Public Health Engineering Minister be pleased to state whether it is a fact that the sewerage system is not functioning properly in Gharounda city; if so, wheter there is any proposal under consideration of the Government to solve this problem ?

**Public Health Minister (Smt. Kiran Choudhary) :** No Sir. The sewerage system of the Gharounda town is functioning properly.

**सरदार दिलबाग सिंह :** स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को यह बताना चाहता हूं कि जो यमुनानगर प्रॉपर शहर है यह लगभग 18 गांवों को मिलाकर बनाया गया था। जिसे यहां पर नाला कहा गया था यह पुराने समय में साफ पानी का नाला था लेकिन आज इसमें जगाधरी की सभी मैटल इण्डस्ट्रीज का सारा कैमिकल का पानी इसमें डाला जाता है। यह पानी वहां से लगातार चलता है। इसमें प्रोफैसर कालोनी, मॉडल टाऊन, गरीब बस्ती, लाजपत नगर, विजय कालोनी और गुलाब नगर ये सारी ऐसी कालोनियां हैं जो इसके दोनों साईडों में बसी हुई हैं। जब बारिश आती है तो इस नाले में इतना ओवरफ्लो पानी होता है कि साथ लगते लोगों के घरों में चार-चार फुट तक पानी भर जाता है जिससे उनके घर के फर्नीचर सहित सारे का सारा कीमती सामान खराब हो जाता है। कई बार इसके पानी में लोगों के बच्चे भी बह चुके हैं। मेरी सरकार से डिमाण्ड है कि इसको शहर के बाहर जहां पर नेशनल हाईवे है उसके बराबर में इसके लिए ज़मीन को खोदकर इसको बनाया जाये ताकि यह शहर से बाहर जा सके। जगाधरी बस अड्डा से लेकर यमुनानगर में जो एन.एच.73 है उसके बराबर में इसको लाकर वाटर ट्रीटमैंट प्लांट में डाला जाये ताकि लोगों के जान माल की सुरक्षा हो सके। मैं इस बारे में इतना ही कहना चाहता हूं।

**Mr. Speaker:** Hon'ble Minister, this is the suggestion.

**Shri Randeep Singh Surjewala:** Sir, I have noted down the suggestion. I would also like to tell my learned friend that he may send his suggestion in writing. We will get it examined on priority. I will assure him. But I want to tell him that the waste water flowing like this can not be sent to the treatment plant of Public Health Engineering Department. That will be hazardous for people. I am sure that there will be an alternative. We will find it out.

## वर्ष 2013-14 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा

**Mr. Speaker:** Hon'ble Members, now general discussion on Budget Estimates for the year 2013-14 will take place.

**प्रो. सम्पत सिंह (नलवा) :** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए समय दिया उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। (विघ्न)

**श्री अनिल विज:** अध्यक्ष महोदय, बजट पर हमेशा ही विपक्ष की तरफ से ओपन किया जाता है। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष:** ऐसा कहाँ पर लिखा हुआ है? Where is it written ? (Interruption)

**श्री अनिल विज:** अध्यक्ष महोदय, सब कुछ लिखा हुआ नहीं है, यह परम्परा रही है कि बजट पर विपक्ष की तरफ से शुरुआत होती है। (विघ्न)

**Mr. Speaker:** You will get a chance. (Interruption)

**उद्योग मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) :** अध्यक्ष महोदय, विज साहब हरियाणा विकास पार्टी के साथ सत्ता में थे, ये एक बार भी बता दें कि इन्होंने कभी विपक्ष से बजट पर ओपन करवाया हो। (विघ्न)

**श्री अनिल विज:** अध्यक्ष महोदय, बजट पर हमेशा ही विपक्ष की तरफ से ओपन किया जाता है। हुड्डा साहब अपनी तरफ से श्री मांगे राम गुप्ता जी को बुलवाते थे। (विघ्न)

**Mr. Speaker:** I will check the record and tell you. (Interruption)

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** अध्यक्ष महोदय, 1996 में जब हरियाणा विकास पार्टी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और श्री ओमप्रकाश चौटाला विपक्ष के नेता थे तो ओपन उनसे ही करवाया जाता था। (विघ्न)

**मुख्य मंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) :** अध्यक्ष महोदय, 1996 में तो मैं विधान सभा का सदस्य ही नहीं था लेकिन जब मैं विपक्ष का नेता था तो कभी भी विपक्ष को बजट पर ओपन करने का मौका नहीं दिया गया। (विघ्न)

**Mr. Speaker:** We will check the record. Sampat Singh Ji, please continue. (Interruption)

**उद्योग मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला) :** अध्यक्ष महोदय, 1996 में ये सत्ता में थे और भारतीय जनता पार्टी और विकास पार्टी की सरकार थी और बाद में भारतीय जनता पार्टी और इंडियन नैशनल लोकदल की सरकार थी। उस समय मैं विपक्ष में बैठता था। बजट पर ओपन करवाने की बात तो दूर ये हमें बोलने भी नहीं देते थे। (विघ्न)

**श्री रामपाल माजरा :** अध्यक्ष महोदय, यह तो आपने पहले ही मन बनाया हुआ है कि प्रो. सम्पत सिंह जी को बुलवाना है। अगर आपको इस बारे में रिकॉर्ड देखना होता तो आप रिकॉर्ड देख कर आते। बजट पर हमेशा विपक्ष के नेता या विपक्ष के किसी सदस्य को ही शुरू में बोलने का मौका दिया जाता है। (विघ्न)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** अध्यक्ष महोदय, ये लीडर ऑफ ओपोजीशन को लेकर आयें हम उनको मौका दे देंगे। (विघ्न)

**श्री रामपाल माजरा:** अध्यक्ष महोदय, ****

**Mr. Speaker:** I am not permitting to Mr. Majra to speak. Nothing is to be recorded. (Interruption)

**प्रो० सम्पत सिंह:** अध्यक्ष महोदय, मैं फिर से आपका बहुत धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए समय दिया। जो भी वित्त मंत्री बजट तैयार करता है, चाहे वह राज्य का वित्त मंत्री हो, चाहे केन्द्र का वित्त मंत्री हो। (विघ्न)

**श्री रामपाल माजरा :** अध्यक्ष महोदय, अब तक तो रिकॉर्ड चैक हो गया होगा। आप एक बार रिकॉर्ड देख लें। (विघ्न)

**Mr. Speaker:** Why are you bringing interruption time and again. (Interruption) प्लीज आप बैठ जाईये। You want to interrupt him. (Interruption)

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया।

## (i) वॉक आउट

**श्री रामपाल माजरा:** अध्यक्ष महोदय, अब तक यही परम्परा रही है कि बजट पर पहले विपक्ष को ही बोलने का मौका दिया जाता है।

**श्री अध्यक्ष:** माजरा जी, अभी मैंने सम्पत सिंह जी को बोलने के लिए कह दिया है। इनके बोलने के बाद विपक्ष के सदस्यों को बजट पर बोलने का मौका दिया जाएगा। इसलिए अभी आप बैठिए।

**श्री रामपाल माजरा:** अगर आप विपक्ष को बजट पर पहले नहीं बोलने दे रहे हो तो हम एज ए प्रोटैस्ट सदन से वॉक-आउट करते हैं। (विघ्न)

**(इस समय इंडियन नेशनल लोकदल के सदन में उपस्थित सभी सदस्य तथा शिरोमणी अकाली दल का एक मात्र सदस्य बजट भाषण पर विपक्ष को शुरुआत करने का अवसर न दिए जाने के कारण सदन से वॉक-आउट कर गये।)**

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** अध्यक्ष महोदय, हमारे विपक्ष के साथियों का रोजाना का ही यह ऐजेन्डा बन गया है कि इनको सदन से बाहर रहना है। ये न तो सदन से बाहर जा रहे हैं और न ही अन्दर आ रहे हैं। (विघ्न)

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, वे तो चले गये हैं, इसलिए अब हमें बजट पर पहले बोलने के लिए समय दिया जाये। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष:** आपको भी मौका दिया जायेगा। (विघ्न)

## (ii)

**श्री अनिल विज:** अध्यक्ष महोदय, पहले विपक्ष को मौका दिया जाता है। यहाँ पर सारी परम्पराएं तोड़ी जा रही हैं। (विघ्न)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** अध्यक्ष महोदय, इनको भी इनैलो के साथ ही जाना है। (विघ्न)

**श्री अनिल विज:** अध्यक्ष महोदय, आप रिकॉर्ड निकलवाकर देख लें। मैं चौथी बार विधायक चुनकर आया हूँ। मैंने हमेशा देखा है कि बजट पर विपक्ष को ही ओपन करने का मौका दिया जाता है। (विघ्न)

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** सर, मुख्यमंत्री जी ने भी यह कहा था कि अगर विपक्ष की तरफ से कोई अच्छे सुझाव आएंगे तो मैं खुले दिल से उसको स्वीकार करूंगा। फिर अब इनको हमारे सुझाव सुनने में क्या दिक्कत है ? (शोर एवं व्यवधान)

**श्री अध्यक्ष :** वे तो वाक आउट अनाऊंस कर गए। (शोर एवं व्यवधान)

**प्रो० सम्पत सिंह :** सर, वे सुनना ही नहीं चाहते।

**श्री अध्यक्ष :** सम्पत सिंह जी, आप बोलिए। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, इन्होंने तो झूठे गुणगान करने हैं आप सुनते जाओ।

**प्रो० सम्पत सिंह :** सर, ये बैठे-बैठे ही बोल रहे हैं।

**श्री अनिल विज :** अध्यक्ष महोदय, *******

**Mr. Speaker :** Nothing is to be recorded which is speaking without my permission.

**प्रो० सम्पत सिंह :** सर, रिकार्ड न करने से क्या होगा क्योंकि ये इन्ट्रप्ट तो कर ही रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री अध्यक्ष :** आप यह तो बता दो कि आप वाक आउट कर रहे हो या यहां बैठे हो। यहां बैठे बोल रहे हो और वहां वाक आउट कर रहे हो। (शोर एवं व्यवधान) Sampat Singh Ji, I have allowed you to speak.

**Prof. Sampat Singh :** Speaker Sir, you have allowed me but he is interrupting me. (Interruption)

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** स्पीकर सर, आप हमारी बात नहीं सुन रहे इसलिए हम एज ए प्रोटैस्ट सदन से वाक आऊट करते हैं। अब ये हाऊस हाऊस न रह कर कांग्रेस पार्टी की लीडरशिप रह गई है।

**(इस समय सदन में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के सभी सदस्य तथा हरियाणा जनहित कांग्रेस (बी०एल०) पार्टी की एक मात्र सदस्या रेनुका बिश्नोई बजट भाषण पर विपक्ष को शुरुआत करने का अवसर न दिए जाने के विरोध में सदन से वाक आऊट कर गए।)**

## वर्ष 2013-14 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भण)

**प्रो० सम्पत सिंह :** सर, यह सब देखकर मुझे बहुत अफसोस होता है। मैं राजनीति में पिछले 36 सालों से जुड़ा हुआ हूँ। अध्यक्ष महोदय, आज एजुकेशन बढ़ती जा रही है और अच्छे पढ़े-लिखे लोग चुनकर आ रहे हैं लेकिन डिबेट का स्तर अनफोरचुनेटली गिरता जा रहा है। आज इल्जाम लगाए जाते हैं कि हरियाणा की विधान सभा बहुत कम चलती है। दूसरी स्टेट्स के साथ कम्पैरिजन करते हैं। विधान सभा कैसे चले ? विधान सभा तभी चल सकती है जब कोई हैल्दी कंट्रीब्यूशन करे, कोई तैयारी करके आए या कोई फैक्ट्स एण्ड फिगर्ज के साथ यहां आए। केवल शोर मचाना और सदन में इस तरह का व्यवहार करना ठीक नहीं है। सर, "It is very easy to disrupt the House but it is very difficult to speak with facts and figures." अध्यक्ष महोदय, मैं बजट पर बोलने के लिए खड़ा हुआ तो पता नहीं इनको मेरे से क्या एलर्जी हो रही है। ये अगर मेरी बात नहीं सुनना चाहते तो ना सुने, चाहे ये सुबह से ही सदन में ना आएं। पहले तो ये शोर मचाते रहते हैं और बाद में ये आपसे बोलने की इजाजत मांगते हैं। सर, हमें भी उनकी तरह इजाजत दे दीजिए। सर, आप समझे नहीं लेकिन मैं समझ गया था। ये इजाजत मांग रहे थे कि हमें जाने की इजाजत दे दीजिए। सर, अब इनको जाने के लिए इजाजत की क्या जरूरत है ? (शोर एवं व्यवधान)

---

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया।

**डॉ० बिशन लाल सैनी :** अध्यक्ष महोदय, .........(विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** सैनी जी, आप बैठिए। Please do not interrupt. (Interruption)

**प्रो० सम्पत सिंह :** स्पीकर सर, आप कोई रूलिंग तो दें। इस तरह डिस्टरबैंस रहेगी तो काम कैसे चलेगा। (शोर एवं व्यवधान)

**Mr. Speaker :** Saini Ji, next time if you stand you will be treated as a person who is disrupting the House. प्लीज बैठिए आप।

**प्रो० सम्पत सिंह :** सर, मैं कह रहा था कि ऐसे समय में जब एक तरफ सारे वर्ल्ड में रिसैशन चल रहा है। ऐसे टाईम के अन्दर चाहे कोई भी वित मंत्री हो उसके लिए बजट पेश करना, बजट तैयार करना, बड़ा मुश्किल काम है। एक पीरियड आता है, जब बूम आता है और सारी स्टेट्स में बूम आ जाता है। आज रिसैशन का पीरियड है। ऐसे पीरियड में मैं तो वित्त मंत्री जी को और मुख्यमंत्री जी को इस बात की बधाई देता हूं कि जो ग्रोथ की स्पीड है उसको बनाए रखने में ये कामयाब हुए हैं। (विघ्न) इसका रिजल्ट प्लानिंग कमीशन और फाईनैंस कमीशन के जो आंकड़े आए हैं वे अपने आप नजर आ रहे हैं। सर, जैसे हम कोई फाईव ईयर प्लॉन बनाते हैं तो उसके लिए टारगैट्स रखे जाते हैं और आपको रिसोर्सिज जनरेट करने पड़ते हैं। उन टारगैट्स को पूरा करने के लिए पहले एक्सपैंडीचर का टारगैट्स रखा जाता है कि हम ये एक्सपैंडीटर करेंगे। उसके बाद उस एक्सपैंडीचर की अलग से प्रायरिटी रखी जाती है कि कहां-कहां हम ये एक्सपैंडीचर करेंगे और इसके बाद कहां से एक्सपैंडीचर लेकर आएंगे। फिर तैयारी करते हैं और उसके बाद बजट बनता है।

अध्यक्ष महोदय, यहां पर मैं यह कहना चाहूँगा कि अकेला हरियाणा नहीं हिंदुस्तान की सभी स्टेट्स का आंकलन हुआ है। आंकलन में पता चला कि जो हरियाणा के रिसोर्सिज मोबिलाईजेशन का टारगेट 92.5 प्रतिशत रखा गया था वह वास्तव में 193 परसैंट रहा है। ऐसे पीरियड में इतने बड़े टारगेट को डबल से ज्यादा पूरा करना एक बहुत बड़ी अचीवमैंट है। अगर मैं रिसोर्सिज की बात करूं तो पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एंड कश्मीर और चंडीगढ़ इन चारों स्टेट्स के टोटल रिसोर्सिज से भी हरियाणा के रिसोर्सिज फालतू जनरेट हुए हैं। अध्यक्ष महोदय, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और पंजाब इन तीनों राज्यों के इंकम टैक्स विभाग के मुताबिक जो आंकड़े आये हैं उनमें भी यदि इन तीनों राज्यों की इंकम मिला लें और हरियाणा की इंकम अलग से रख लें तो हरियाणा में इन तीनों राज्यों से ज्यादा इन्कम टैक्स जनरेट हुआ है। इसका मतलब यह है कि हमने ऐसी योजनायें बनाई हैं जिनके द्वारा प्रोडक्टीविटी पर खर्चा किया गया है और कैपिटल ऐक्सपैंडीचर किया गया है। यह स्वाभाविक ही है कि यदि कैपिटल ऐक्सपैंडीचर होगा तभी डिवैल्पमैंट होगी। कैपिटल ऐक्सपैंडीचर के बिना डिवैल्पमैंट होना नामुमकिन है। आज डिवैल्पमैंट जैसी चीजें अपने आप में नजर भी आ रही हैं। सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण पहलू सकल घरेलू उत्पाद होता है कि हमारे हर सैक्टर में कितना उत्पादन होता है। हरियाणा में सकल घरेलू उत्पाद भी एक रिकॉर्ड है। 2013-14 के लिए 411429 करोड़ का टारगेट रखा गया है। हालांकि यह टारगेट बहुत एंबीसियस रूप में रखा गया है लेकिन फिर भी मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे वित्त मंत्री जी सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चड्ढा जी अपने अनुभव के आधार पर, अपनी बुद्धिमता के आधार पर इस टारगेट को अचीव करेंगे और आगे बढ़ेंगे। इसकी वजह से ही

[प्रो० सम्पत सिंह ]

पर-कैपिटा इंकम आटोमैटिकल अपने आप ही बढ़ जाती है। अगली बार 1,41,540 करोड़ का पर-कैपिटा इंकम का प्रोजैक्शन दिया गया है। जैसे टारगेट पहले पूरे किये गये हैं और मुझे विश्वास है कि उसी तरह से इस टारगेट को भी पूरा किया जायेगा। कंसोलीडेशन फंड से निकलकर जो टोटल एक्सपैंडीचर होना है वह 66,178.49 लाख रुपये है और प्रपोज जो रिसीट्स हैं वह 65,747.75 हैं। यह कोई लंबा चौड़ा गैप नहीं है। यह सारा पैसा डिवैल्पमैंट एक्टीविटिज पर, रिवैन्यू एक्टीविटिज पर, कैपिटल एक्टीविटिज पर लगेगा। एक अच्छी गुंजाईश इस बजट में रखी गई है जिससे आगे भी काम किया जा सकेगा। हमारे कई साथी बार-बार कह देते हैं कि लोन इतना ज्यादा बढ़ रहा है, इतनी ज्यादा लाईबेलिटीज बढ़ रही हैं तो विकास कैसे होगा। जब लाईबिलिटी बढ़ती है तो पहले यह सोचना होता है कि आपके पास असैट्स कितने हैं, जो आप लोन ले रहे हो, उससे क्या-क्या चीज जैनरेट की जायेंगी और क्या-क्या काम किये जायेंगे। अगर आप खर्चा कैपिटल इंवैस्टमैंट में लगा रहे हो तो ठीक है। अगर वह खर्चा रिवैन्यू में हर साल ज्यादा बढ़ता जा रहा है और कैपिटल में घटता जा रहा है तो इसका मतलब यह है कि गाडी पीछे की तरफ जा रही है। अगर हम इंट्रस्ट पेमैंट को देखें तो टोटल रिवैन्यू रिसीट्स रेशो जैसाकि प्लानिंग कमीशन ने भी कहा है कि 15 प्रतिशत होनी चाहिए जबकि हमारी 18 प्रतिशत है। उन्होंने 15 प्रतिशत प्रैस्क्राईब की है जबकि हमारी 18 प्रतिशत है। इसका मतलब यह हुआ कि हम पैरामीटर के अन्दर ही हैं। हरियाणा की रेशो हालांकि पहले 12.12 प्रतिशत भी रही है। अगर रिवैन्यू डैफीसिट की हम बात करते हैं तो वह भी जी.एस.डी.पी. का मुकाबला करके और सकल घरेलू उत्पाद का मुकाबला करके देखते हैं। 2013-14 से पहले यह .90 परसैंट था और इस बार घटकर .59 परसैंट रह गया है। वास्तव में यह बहुत नोमिनल चीज ही रह गई है और इसको पिछली बार से घटाया गया है तथा अब इसे आधा करके ही लेकर आ रहे हैं। इसका मतलब यह है कि हमारा इकॉनमी रेट राईट डॉयरैक्शन में जा रहा है। इसी तरह से फिसकल डेफीसिट को लेते हैं। सवाल आंकड़ों से नहीं बनता है जो लोग बाहर जाकर कह देते हैं कि स्टेट पर 66 हजार करोड़ का कर्ज है। एक आदमी पर इतना कर्ज बनेगा या उतना कर्ज बनेगा। एक आदमी पर खर्च कितना होगा यह बात भी तो इनको बतानी चाहिए। मेरे कहने का मतलब यह है कि यह जो कर्ज होता है यह कोई एक दिन में नहीं देना होता है और न ही यह एक दिन में बना है। पुरानी पेमेन्ट होती रहती है। हर गवर्नमैंट के समय की ये पेमैंट्स होती हैं। इसमें देखना यह होता है कि जो कर्ज लिया है वह खर्च कहां कर रहे हैं ? कर्ज यदि कोई व्यक्ति विशेष भी लेता है तो यदि वह अपने घर में रिसोर्सिज जनरेट करने के लिए कर्ज ले रहा है तो उतर जाता है, खेती के लिए लेता है तो भी उतर जाता है परन्तु अगर शादी ब्याह के लिए लेता है तो नहीं उतरता। अगर आप कैपिटल ग्रोथ करते जाएंगे तो स्वाभाविक है कि कर्ज उतर जाएगा वरना नहीं उतरेगा। फिस्कल डैफिसिट को प्लानिंग कमीशन और फाइनैंस कमीशन ने जो अलाऊ किया हुआ है उससे बहुत कम हमारी स्टेट का आ गया है। वर्ष 2009-10 में यह 4.5 परसैंट था, वर्ष 2012-13 में यह 2.3 प्रतिशत पर आ गया है और वर्ष 2013-14 में जो प्रौजैक्शन आ रही है वह 2.2 परसैंट की आ रही है। इसका मतलब है कि आप गैप को भिटा रहे हैं, फिस्कल घाटा कम कर रहे हैं,रेवेन्यू डैफिसिट आप कम कर रहे हो। अब लोन और इसकी गारंटी के बारे में कहना चाहूंगा कि अब जी.डी.पी.की रेशो ही आप देखेंगे। यह जो रेशो था when this Government took over it was 28.88 percent और अब क्या हो गया है सर, उसका

परसैंटेज घटकर 16.47 परसैंट हो गया है। वर्ष 2012-13 में 16.50 परसैंट था अब घटकर 16.47 रह जाने की उम्मीद है। इसी तरह से रेशो ऑफ सेलरी पेंशन टू टोटल रेवेन्यू रिसीट की बात है, इसमें यह देखना होता है कि आपकी आमदनी तनख्वाहों में कितनी जा रही है। वैसे तो यह भी कोई अनप्रोडक्टिव काम नहीं है। इम्प्लौयी भी प्रदेश को प्रौडक्टिविटी की तरफ ले जाते हैं लेकिन उस राशि को हम सैलरी और इस्टैब्लिशमैंट में गिन लेते हैं। इससे पहले जब पांचवां वेतन आयोग भी आया था तब मैंने देखा था कि उससे सरकार पर बड़ा भार पड़ा था लेकिन वह धीरे धीरे न्यूट्रीलाइज हुआ, शुरु में भार एकदम आया था। 2009-10 में जो भार आया था उससे निकलना बड़ा मुश्किल था। पहले 100 रुपये में से 50.65 पैसे तनख्वाह और पेंशन में चला जाता थे, लेकिन अब जिस तरीके से इसको करते गए यह कम हो गया है। इसका मतलब यह नहीं है कि तनख्वाह घटी है बल्कि ये बढ़ी हैं लेकिन इसके बावजूद भी वोल्यूम बढ़ गया है और वौल्यूम रिसोर्सिज का बढ़कर 2013-14 में 37.94 पर आ गया है। कहां यह 50.65 परसैंट था। मुझे उम्मीद है कि माननीय वित्त मंत्री जी इसको और भी ज्यादा रिड्यूस कर लेंगे। इसी तरह से योजनागत खर्च एक स्टेट के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। मुख्यमंत्री जी और वित्त मंत्री जी डिप्टी चेयरमैन प्लानिंग बोर्ड के पास अपनी योजना लेकर जाते हैं। हर स्टेट के आदमी की नजर होती है कि हमें प्लान में इस बार ज्यादा से ज्यादा राशि मिल जाए। इसके लिए बड़ी तैयारी करके डिप्टी चेयरमैन प्लानिंग बोर्ड के पास जाना पड़ता है और प्लान मंजूर कराके लेकर आते हैं। यह काफी डिस्कशन के बाद प्लान मंजूर होती है कि कहां से आप रिसोर्सिज जुटाएंगे, इस प्रकार वे लोग काफी मीन मेख निकालते हैं। यह तो अपनी स्टेट का फाइनैंशियल मैनेजमैंट बैटर है इसलिए ज्यादा दिक्कत नहीं आती है। ज्यादा क्वेशचन नहीं उठते, दूसरी स्टेट्स के लिए काफी क्वेशचन उठते हैं। प्लान एक्सपैंडीचर ऑन रेवेन्यू और कैपिटल दोनों को मिलाएं तो इंक्लूडिंग सी.एस.एस. 20352.66 करोड़ रुपये हमें मिलेंगे। सर, जो इन्क्रीज पिछली बार हुई है वह 16 हजार समथिंग है और अब 20352.66 है इस प्रकार इसमें 24.58 परसैंट की इन्क्रीज पिछले साल के मुकाबले है, **it is all time high.** इसके लिए मैं चड्ढा साहब को बधाई देता हूं। नॉन प्लान एक्सपैंडीचर और प्लान एक्सपैंडीचर इन दोनों में फर्क की बहुत ही थिन लेयर है। यह डिसाइड करना मुश्किल होता है कि ये खर्च प्लान में डलनी है या नॉन प्लान में डलनी है। हालांकि कंपोनैंट अलग-अलग बना दिये गये हैं। कई ऐसी चीजें हैं चाहे उन्हें आप प्लान में ले लो चाहे नॉन प्लान में ले लो।

उसका खर्चा न तो प्लॉन में जाता है और न ही नॉन प्लान में जाता है। लेकिन फिर भी आजकल पढ़े लिखे सभी लोग भी कहते हैं कि नॉन प्लान एक्सपैंडीचर स्टेट का ज्यादा नहीं होना चाहिए। इस बात के लिए मैं सरकार को बधाई देना चाहता हूं और यह कहना चाहता हूं कि मैंने वर्ष 2011-12, 2012-13 और 2013-14 का नॉन प्लॉन एक्सपैंडीचर देखा है। यह सब देखने के बाद अगर आप ही आंकलन करेंगे तो पायेंगे कि वर्ष 2012-13 में तो नॉन प्लान एक्सपैंडीचर था 32720.93 करोड़ ₹ वर्ष 2012-13 का रिकार्ड हमारे पास है। इसलिए वर्ष 2012-13 के मुकाबले में वर्ष 2013-14 का नॉन प्लान एक्सपैंडीचर 8.6 प्रतिशत बढ़ा है और उसके बाद वर्ष 2011-12 के मुकाबले में वर्ष 2012-13 में नॉन-प्लान एक्सपैंडीचर 17.93 प्रतिशत था जो कि इस साल घटकर यह 8.6 प्रतिशत रह गया है जोकि एक हैल्दी साईन है। इसी प्रकार से एस.पी.एस. ई. यानी स्टेट पब्लिक सैक्टर इंटरप्राइजिज और लोकल बॉडिज अगर इन दोनों का एक्सपैंडीचर क्रमशः यह ₹ 7512.83 करोड़ और ₹1558.49 करोड़ हैं। अगर इन दोनों के

[प्रो० सम्पत सिंह ]

एमाउंट को मिला लें तो यह हमारा प्लॉन बजट का एक्सपैंडीचर हो जाता है। जो सैंट्रल स्पोंसर्ड स्कीम और लोकल बॉडीज फण्ड हैं वे भी स्टेट बजट का पार्ट हैं। क्योंकि प्लानिंग कमीशन ने यह अब जरूरी कर दिया है कि सभी कारपोरेशंज का बजट मिला लिया जाये और स्टेट के जो सारे रिसोर्सिज हैं वे भी मिला लिए जायें तो कुल मिलाकर ₹ 29423.98 करोड़ एक्सपैंडीचर की प्लॉन बन जाती है। अगर कैपिटल एक्सपैंडीचर आपका पिछली साल के मुकाबले बढ़ रहा है तो इसका मतलब यह है कि आप राईट डायरेक्शन में जा रहे हैं। इसके बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि कैपिटल एक्सपैंडीचर जो वर्ष 2013-14 में ₹ 6548.91 करोड़ और वर्ष 2012-13 में ₹ 5159.20 करोड़ था यह एक्सपैंडीचर वर्ष 2012-13 के मुकाबले में ₹1389 करोड़ बढ़ गया है। जब माननीय मुख्यमंत्री जी ने टेक ओवर किया था उससे पहले यह ₹1105 करोड़ था। अगर आप एनुअल ग्रोथ रेट को देखें तो वह वर्ष 2012-13 में 9.82 प्रतिशत आई है और वर्ष 2013-14 में जो कैपिटल एक्सपैंडीचर फोर इन्क्रीज वह आपका रिफलैक्ट कर रहा है अगर आप प्रसैंटेज में देखें तो 27 प्रतिशत कैपिटल एक्सपैंडीचर पिछले साल के मुकाबले में आप ज्यादा करेंगे। तो इसका मतलब है कि आप एसैट्स बनाने में लगे हुए हैं। इसका मतलब है कि आप अपने रिसोर्सिज बढ़ाने में लगे हुए हैं। स्टेट के हित में लगे हुए हैं और अपना इन्फ्रास्ट्रैक्चर बढ़ाने में लगे हुए हैं। इसी तरह से मैं कन्ट्रीब्यूशन ऑफ वैरियस सैक्टर्ज की बात करना चाहूंगा यह बहुत उलझन वाला सैब्जैक्ट है। इसके बारे में कुछ माननीय सदस्यों द्वारा कुछ ब्यान देने की बात आयेगी तो मैं यह कहना चाहता हूं कि एग्रीकल्चर कम्पोनैंट का कन्ट्रीब्यूशन बहुत घटता जा रहा है। This is very serious matter. एग्रीकल्चर का कन्ट्रीब्यूशन घट रहा है। इसके बारे में मुझे एक तकलीफ है जिसके बारे में मैं बाद में बता दूंगा। इसका मीनिंग यह नहीं निकालना चाहिए कि हमारी खेती घट रही है और हमारी खेती की ग्रोथ घट रही है बल्कि इसका मीनिंग यह निकालना चाहिए कि सर्विसीज आगे जा रही हैं। सर, एक समय था आपको तो इस बारे में ज्ञान है कि वर्ष 1969-70 में एग्रीकल्चर का जो कन्ट्रीब्यूशन और एलॉयड सर्विसिज का कन्ट्रीब्यूशन था वह 66.07 प्रतिशत था। सर, 43 साल पहले एग्रीकल्चर का कन्ट्रीब्यूशन 66.07 प्रतिशत था और आज यह कन्ट्रीब्यूशन केवल 16.3 प्रतिशत रह गया है। इसका मतलब यह है कि हम खेती को (squeeze) स्क्वियूज करते थे।

आज हमारे पास सैकेंडरी और ट्रशरी सैक्टर्ज बढ़ गए हैं। सैकेंडरी में इंडस्ट्रीज, ट्रेडिंग और मैनुफैक्चिरंग और सर्विस सैक्टर्स आ जाते हैं। Service Sector; that is growing like any thing. इसका मतलब है कि आपकी स्टेट में डिवैल्पमैंट ने स्पीड पकड़ रखी है। यहां सर्विस सैक्टर का दायरा बढ़ता जा रहा है। अकेले गुड़गांव में टोटल इंडिया की 4 परसैंट सर्विसिज हैं। कहां तो गुड़गांव की आबादी और कहां इंडिया की आबादी इसका मतलब हम अच्छी डायरैक्शन में जा रहे हैं। इस कम्पोनैंट पर सर्विस सैक्टर बढ़ता गया और सर्विस सैक्टर में यह कंट्रीब्यूशन बढ़कर 54.6 परसैंट आ गया है। ट्रेडिंग और इंडस्ट्रीज में 29.1 परसैंट आ गया है और एग्रीकल्चर में जैसा मैंने बताया कि 16.3 परसैंट आ गया है। इसका मतलब प्रोडक्शन ही घटी है परंतु दूसरी चीजें बढ़ गई हैं। उसके लिए माइक्रो, स्माल और मीडियम इंटरप्राइजिज को हमें बढ़ावा देना पड़ेगा ऐसा मेरा सजैशन है। वह बढ़ावा इसलिए देना पड़ेगा क्योंकि आज यह डर है कि एक तरफ 70 परसैंट पापुलेशन केवल 16 परसैंट रिवैन्यू जनरेट करती है। यानि 70 परसैंट लोग काम में लगे हुए हैं और 16 परसैंट कंट्रीब्यूशन है। ओबिवियसली इसका मतलब है कि

फार्मर्स अंडर इम्प्लायड हैं। मैं मानता हूं कि हम सर्विस सैक्टर में आ रहे हैं, ट्रेड इंडस्ट्रीज में हम आ रहे हैं। गांव से शहर की तरफ माइग्रेट हो रहे हैं और छोटे शहर से बड़े शहर की तरफ जा रहे हैं लेकिन जब तक माइक्रो लैवल पर और स्माल लैवल पर हम सुधार नहीं करेंगें तब तक इस इम्बैलेंस को हम नहीं मिटा सकते। अध्यक्ष महोदय, मैं मुख्यमंत्री महोदय और वित्त मंत्री महोदय को कहना चाहूंगा कि इन चीजों की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि एम्पलायमैंट जनरेट हो सके। अध्यक्ष महोदय, एक्सपैंडीचर आन इन्फ्रास्ट्रक्चर दो तरह का होता है। अदर को मिलाकर तो तीन तरह का इन्फ्रास्ट्रक्चर होता है। पहला फिजीकल इन्फ्रास्ट्रक्चर और दूसरा सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर। जहां तक फिजीकल इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात है इसमें पावर ट्रांसपोर्ट, रोड्स और इरीगेशन इत्यादि आते हैं। फिजीकल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 20.33 परसैंट हम खर्च कर रहे हैं। सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर में सैनेटरी, एजूकेशन, सोशल वैल्फेयर और हैल्थ आते हैं जिन पर 30.91 परसैंट और अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 10.27 परसैंट हम खर्च कर रहे हैं। टोटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 61.51 परसैंट खर्च कर रहे हैं इसका मतलब अच्छा पैसा इन्फ्रास्ट्रक्चर पर लग रहा है। Infrastructure invites investment. अगर इन्फ्रास्ट्रक्चर अच्छा है तभी चारों तरफ फ्लाई ओवर नजर आ रहे हैं और चारों तरफ कहीं फोर लेनिंग और कहीं सिक्स लेनिंग नजर आ रही हैं। अध्यक्ष महोदय, रेल गाड़ियां बढ़ती जा रही हैं। इसी तरह से मैट्रो जो है उसके लिए मैं कहना चाहूंगा कि गवर्नमैंट आफ इंडिया कोई स्कीम फ्री में नहीं देती है। 40 सालों में एक इंच भी रेल लाइन नहीं बिछी तो फिर आज कहां से यह चमत्कार हो गया। स्टेट इसमें अपना कंट्रीब्यूशन दे रही है। कहीं फ्लाई ओवर बन रहा है तो मुख्यमंत्री महोदय जी ने अनाउंस कर दिया कि इसका 50 परसैंट पैसा हम देंगें। कहीं मैट्रो ट्रेन की बात आती है तो मुख्यमंत्री जी अनाउंस कर देते हैं कि इसका 50 परसैंट पैसा हम देंगें। अध्यक्ष महोदय, इसका मतलब इन्फ्रास्ट्रक्चर अल्टीमेटली हमारे ही काम आ रहा है। कल को दिल्ली से हमारा जितना लिंक बढ़ता है उतनी हमारी प्रोग्रैस बढ़ेगी। प्रोग्रैस होगी तो इन्वैस्टमैंट आएगी। इन्वैस्टमैंट आएगी तो रिवैन्यू जनरेट होगी और रिवैन्यू जनरेट होगी तो इम्पलायमैंट आएगी। अध्यक्ष महोदय, सभी चीजें इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ जुड़ी हुई हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है तो कोई भी इंडस्ट्री वाला यहां इंडस्ट्री लगाने के लिए नहीं आएगा और दूसरी स्टेट्स यहां इंडस्ट्रीज लगाने के लिए तैयार बैठी हैं। अध्यक्ष महोदय, ये सारी चीजें प्रायरिटी पर ली गई हैं इसके लिए मैं सरकार का धन्यवाद करना चाहता हूं।

**Mr. Speaker :** Wind up please, you have spoken for 23 minutes. Others Members also have to speak.

**प्रो० सम्पत सिंह:** अध्यक्ष महोदय, मैं अभी आंकड़ों की बात कर रहा था लेकिन मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं। स्टेट इक्नोमी ग्रोथ की जहां तक बात है तो इस बारे में मैंने पहले ही बता दिया है कि पिछले 5 सालों में बिहार को छोड़कर हम नम्बर एक पर थे। बिहार के आगे होने के कुछ कारण हैं। एक आदमी की कमाई 100 रुपये हो रही है और उसकी कमाई एकदम 300 रुपये हो जाती है और एक दूसरे आदमी की कमाई 200 रुपये हो रही है और बाद में उसकी कमाई 250 रुपये हो जाती है। एक की आमदनी 25 परसैंट बढ़ गई और दूसरे की 300 परसैंट बढ़ गई। इसी वजह से वहां हुआ है वर्ना तो हरियाणा इसमें टोप कर रहा है। ये बहुत अच्छे इकनोमी के साइन हैं। इसी तरह से जितनी भी हमारी रैवेन्यू रिसीट्स टैक्स से, नोन

[प्रो० सम्पत सिंह]

टैक्स से, शेयर सैंट्रल टैक्स से या सैंट्रल ग्रांट्स से ट्रांसफर होकर आ रही हैं, वे पहले से बहुत बढ़ी हैं। अध्यक्ष महोदय, एक तरफ हमारी इकनोमी बढ़ रही है और दूसरी तरफ सरकार सोशल सैक्टर और फिजीकल सैक्टर की तरफ भी पूरा ध्यान दे रही है। आज प्रदेश में नये-नये मैडीकल कालेज बनाये जा रहे हैं। हमारा छोटा सा स्टेट है और यहां चार-चार मैडीकल कालेज बनाये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त इंजीनियरिंग कालेज और यूनिवर्सिटीज बनाई गई हैं ताकि हमारे बच्चे अच्छी शिक्षा ले सकें। आज हमारे प्रदेश में चाहे मैडीकल सर्विसिज की बात है, एजूकेशन की बात है, चाहे टैक्नीकल या नॉन टैक्नीकल एजूकेशन की बात है, चाहे स्किल्ड एजूकेशन की बात है बहुत अच्छे-अच्छे इन्स्टीच्यूट प्रदेश में बनाये जा रहे हैं। जैसे कि निफ़्ट है, यह बहुत बढ़िया इन्स्टीच्यूट है। इसको मैंने अपनी आंखों से देखा है। अध्यक्ष महोदय, इसको आपने भी देखा हुआ है, आपके नजदीक पड़ता है। ऐसी यूनिवर्सिटी दुनिया में नहीं मिलेगी जिसमें 3-3 कोर्सिज को साथ जोड़ा गया है। इसमें टैक्नीकल एजूकेशन, एम. मैनेजमैंट और एग्रो फार्मिंग को साथ जोड़ा गया है और सभी किस्म की एजूकेशन एक यूनिवर्सिटी में बच्चे ले सकेंगे। अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि प्रदेश के बच्चों को शिक्षा देने के लिए सरकार ने बहुत कुछ किया है इसमें कोई दो राय नहीं है। अब मैं अपने हल्के पर आना चाहूंगा जहां पर मुख्यमंत्री जी ने बहुत विकास कार्य करवाये हैं। मैंने अपने हल्के में जल रैली की थी और मुख्यमंत्री जी की हमेशा हमारे ऊपर मेहरबानी रही है। उस जल रैली में मुख्यमंत्री जी ने जल से संबंधित उस एरिया की सारी समस्याएं दूर कर दी लेकिन दो समस्याएं अभी भी हैं। एक तो राना माईनर और दूसरा कबीर माईनर है जिनकी रि-मोडलिंग होनी है। अध्यक्ष महोदय, मेरा एरिया भाखड़ा और यमुना दोनों के टेल पर है और ये दोनों माईनर बने हुए 40-40 साल हो गए हैं। वे सारे टूटे हुए हैं यदि उनको भी बना दिया जाये तो बहुत मेहरबानी होगी। (विघ्न)

**वित्त मंत्री (सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चड्ढा) :** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि इन्होंने जिन दो माईनर्ज का जिक्र किया है इसकी रिमॉडलिंग के काम को मुख्यमंत्री जी ने एप्रूवल दे दी है, जल्दी ही उनकी रिमॉडलिंग कर दी जायेगी। (इस समय मेजें थप-थपाई गई।)

**प्रो० सम्पत सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मुझे मुख्यमंत्री जी का सहयोग समय-समय पर मिला है और मुझे इस बात का फक्र है। बाकी जो कहते हैं कि मेरे पास टाईम नहीं है, मैं उनमें से नहीं हूं। I have ample time for every thing. मैं पूरी लिखित-पढ़त करके भेजता हूं और उसी का नतीजा है कि हरियाणा प्रदेश में एक विधायक की रिकमंडेशन पर सिंचाई विभाग के सबसे ज्यादा काम हुए हैं तो वे मेरे हुए हैं। चाहे ये काम 9 हल्कों में हुए हैं उन हल्कों में से 7 हिसार जिले के हैं और दो नरवाना और उचाना-जींद जिले के हैं। वहां बरवाला ब्रांच पर 32 करोड़ रुपये खर्च करके रिमांडलिंग का कार्य किया गया जो पिछले कई सालों से खराब पड़ी थी वहां पानी नहीं जा रहा था अब ठीक कर दिया गया है। इसी तरह से बालसमंद माईनर पर 28 करोड़ रुपये सरकार की तरफ से रिमॉडलिंग पर खर्च किए गए हैं। यह माईनर बिलकुल बेकार पड़ा था जिससे तीन हल्के बरबाद हो रहे थे। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से नलवा माईनर जहां हमेशा कुवारी गांव में धरना ही रहता था हमारे पुराने साथी अत्तर सिंह आर्य वहां 24 घंटे धरने पर ही बैठे रहते थे, क्योंकि वहां लोगों को पीने का पानी नहीं मिलता था। वहां धरने के कारण लोग

नहर-वे होकर निकलते थे और बहुत बुरे हालात हो जाते थे। आज पीने के पानी के लिए दो रॉ वाटर के प्रोजैक्ट हरियाणा में मंजूर हुए हैं for the first time like Rajasthan. अध्यक्ष महोदय, मेरे कहने का मतलब है कि मेरे हल्के में सिंचाई के बहुत काम हुए हैं। नलवा माईनर पर 35 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं और वहां बड़ी तेजी से काम चल रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि यदि सभी विधायक इसी तरह प्रयास करें, तैयारी करें तो सब कुछ हो सकता है। मुझे कई बार मुख्यमंत्री जी इस बात का उलाहना देते हैं कि सिंचाई के काम मैंने बहुत करवा लिये। इस बात को मैं मानता हूं और सदन में भी यह बात कह रहा हूं। सिंचाई के काम कईयों के मिलकर नहीं हुए जितने काम मेरे अकेले के हुए हैं। अध्यक्ष महोदय, इसमें मैं कुछ राय देना चाहता हूं कि एग्रीकल्चर की जो प्रोडैक्शन है अब थोड़ी बहुत दूसरी तरफ सरक रही है। (विघ्न) सर, अब मैं सिर्फ सुझाव ही सुझाव दूंगा और कोई बात नहीं करूंगा। Sir, consumption pattern of the people पर मैं कहना चाहूँगा कि अब यह चेंज हो रही है and the demand of the people is shifting from cereal to non-cereal products like milk, eggs, fish, fruits, vegetable and other horticulture products. इस बात से कुछ लोग तो हरियाणा में हंसते होंगे कि जैसे हरियाणा प्रदेश पूरे देश में गेहूं के उत्पादन में प्रथम है वैसे ही पूरे हिन्दुस्तान में हमारा प्रति हैक्टेयर मछली उत्पादन में दूसरा स्थान है। यह मेरी जानकारी के मुताबिक है बाकी तो इस बारे में मंत्री जी अपने जवाब में डिटेल में बता ही देंगे। मछली उत्पादन में हरियाणा जैसी स्टेट का पूरे देश में दूसरे नम्बर पर होना बड़े आश्चर्य की बात है। इससे कितने लोगों को रोज़गार मिला होगा इसका हम अंदाज़ा लगा सकते हैं और इससे कितने ही लोगों को काम मिला होगा यह भी विचार करने की बात है। (विघ्न)

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** स्पीकर सर, यह बहुत खुशी की बात है कि हरियाणा गेहूं के उत्पादन में पूरे देश में अव्वल है और इस साल जो आकलन हो रहा है उसमें धान की उत्पादकता में भी हरियाणा नम्बर एक के पायदान पर है। (इस समय मेजें थपथपाई गई।)

**प्रो० सम्पत्त सिंह :** स्पीकर सर, इसी प्रकार से हम ट्रेडीशनल टैक्सों पर निर्भर नहीं रह सकते। सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि जैसे एम.एस.एम.ई. की हिदायतें थीं और जो हमारा टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन है इस पर सबसे पहले तो मैं माननीय मंत्री महोदया जी को धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूं कि हर बार इनके रेवेन्यू रिसीट्स बढ़ रहे हैं लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि हरियाणा में अभी भी ई-टैक्सेशन की जरूरत है। आज हम टेक्नोलॉजी में इतना एडवांस हो गये हैं, इसलिए अगर ई-टैक्सिंग हो जाती है तो इससे इसकी इम्पलीमैंटेशन में बहुत ज्यादा फायदा मिलेगा। सर, एक बात मैं यह बताना चाहता हूं कि user charges for public goods and services should be rationalized. सर, अब क्या हो रहा है? मैं यह कहना चाहता हूं कि फ्री बाज़ी नहीं चलेगा कि अगर आप किसी को कोई भी चीज़ फ्री देंगे तो कोई भी उसकी केयर नहीं करेगा। मैं तो यह कहना चाहता हूं कि टैक्स का सवाल नहीं है चार्जिज़ आपको लेने पड़ेंगे, इसलिए आप चार्जिज लें और सुविधायें मुहैया करवायें। जैसे पहले यह बात थी जब रोड्ज को बी.ओ.टी. बेसिस पर बनाया जाता था तो यह जिक्र किया जाता था कि इतना पैसा लगेगा उतना पैसा लगेगा आज जब लोग सड़कों पर सफर करते हैं तो उन्हें आनंद आता है। मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर हमें सुविधायें चाहिएं तो हमें पैसा तो देना ही पड़ेगा। अगर हम यूरोप और अमेरिका को देखें और उनके टैक्स का अगर हम वॉल्यूम देखें तो हम पायेंगे कि उनका टैक्स में

[प्रो० सम्पत सिंह ]

50-50 परसैंट का कंट्रीब्यूशन है यह अकेले टैक्स का है और हमारा अकेले टैक्स का कंट्रीब्यूशन सिर्फ 5-6 परसैंट है। अगर हम स्टेट का मिलायें और कंट्रीं का मिलायें तो हम पायेंगे कि यह बहुत ज्यादा कम होता जा रहा है। मैं यह कहना चाहता हूं कि यूज़र सर्विस चार्जिज के अंदर हमें इसका दायरा बढ़ाना पड़ेगा। सर, खास करके मैं लोकल बॉडीज़ और पंचायतों के बारे में कहना चाहता हूं इनको हमें आत्मनिर्भर बनाना चाहिए! मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार इनको ग्रांट्स देकर कितने दिनों तक अपनी मातहत रखेगी। आज तो ठीक है कि पंचायतों को पैसा सरकार की तरफ से जा रहा है और उनका काम ठीक ढंग से चल रहा है लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि हमें इस बारे में अपने सिस्टम को चेंज करना पड़ेगा जिससे कि वे भी आमदनी के साधन अपने लैवल पर जनरेट करें। मुझे पिछले दिनों बैंगलोर जाने का मौका मिला तो मैं बैंगलोर म्युनिसिपल कारपोरेशन में भी चला गया वहां पर मुझे बताया गया कि बैंगलोर कारपोरेशन का 10 हज़ार करोड़ रुपये का बजट है। इसके साथ-साथ मुझे मुम्बई म्युनिसिपल कारपोरेशन में भी जाने का मौका मिला। One of the I.A.S. officer, who is from Haryana, is there जो कि वहां मुम्बई म्युनिसिपल कारपोरेशन में ज्वाईंट कमिश्नर हैं उन्होंने मुझे वहां पर इनवाईट किया था। वह झज्जर डिस्ट्रिक्ट के जज का लड़का है उनसे मिलने के लिए मैं वहां गया था। तब उन्होंने मुझे बताया कि मुम्बई म्युनिसिपल कारपोरेशन का 20 हज़ार करोड़ रुपये का बजट है। इस बार हमारे वित्त मंत्री जी ने पंचायतों को एजुकेट करने के लिए जो अलग से फण्ड दिया है मैं इसके लिए उनका बहुत आभारी हूं। इसकी बहुत सख्त जरूरत थी क्योंकि बहुत सी पंचायतों को पता ही नहीं है कि कौन सा फण्ड कैसे खर्च करना है और कहां से रिसोर्सिज आयें। सर, पिछली बार हरियाणा सरकार द्वारा पंचायत एक्ट में एक अमैंडमैंट की गई थी लेकिन गांव के किसी भी पंचायत मैम्बर को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है जिस कारण वह अमैंडमैंट इम्पलीमैंट नहीं हो पाई। यह अमैंडमैंट हुई थी कि गांव की पंचायत टैलीफोन के टॉवरों पर सैस लगा सकती है लेकिन मेरे ख्याल से आज तक ऐसा किसी भी पंचायत ने नहीं किया होगा। हां, अगर कोई व्यक्तिगत रूप से अपनी जगह का किराया ले रहा है तो यह अलग बात है लेकिन उन पर अभी तक सैस नहीं लगाया गया है जबकि पंचायत एक्ट में सरकार ने उनको इसकी पॉवर दी हुई है। इस प्रकार से पंचायतों को ट्रेनिंग देने के लिए जो सरकार ने प्रावधान किया है मैं समझता हूं कि यह बहुत अच्छा काम सरकार द्वारा किया गया है। अध्यक्ष महोदय, इस प्रकार से जो सरकार द्वारा स्टीमुलस दिया गया है उससे हमारी डिवैल्पमैंट होगी। इंफ्रास्ट्रक्चर बोर्ड सरकार द्वारा बनाया जा रहा है। इसी प्रकार से लेबरर्स की वैल्फेयर के लिए भी बहुत कुछ किया गया है। सर, लेबर के बारे में मैं यह बताना चाहूंगा कि लेबर डिपार्टमैंट में दो बोर्ड हैं। इन दोनों बोर्डों में से एक में 700 करोड़ रुपये और दूसरे में 200 करोड़ रुपये यानि कुल 900 करोड़ रुपये जमा पड़े थे। मुझे यह सुनकर बहुत खुशी हुई जब चड्ढा साहब ने यह कहा कि उनके लिए गवर्नमैंट का बोर्ड बनाया जा रहा है और इस धनराशि को अंदर सर्विसिज़ में खर्च करवाया जायेगा जैसे एजुकेशन पर खर्च करवाया जायेगा, हैल्थ पर खर्च करवाया जायेगा और पानी की सुविधाओं पर खर्च करवाया जायेगा। यह काम अब तक हो ही नहीं रहा था क्योंकि इस बारे में इससे पहले कोई पैमाना ही नहीं था और न ही कोई नॉर्म थे। नॉर्म्ज़ न होने से यह पैसा पड़ा था। मैं यह कहना चाहता हूं 900 करोड़ रुपये का बजट कोई थोड़ा बजट नहीं होता। इसको वित्त मंत्री जी ने इस बार एक हज़ार करोड़ रुपये रखा है और यह एक हज़ार करोड़ तो इस साल

में ही खर्च किया जा सकता है। माननीय वित्तमंत्री जी ने कहा है कि इस पैसे को दो साल के लिए रखा गया है। क्योंकि उन के पास इतना पैसा तो ऑलरेडी पड़ा है। मैं ज्यादा न कहते हुए 2-3 बातें और कहना चाहता हूँ क्योंकि मैं फैक्ट्स और फीगर्ज के बिना नहीं बोलता हूँ। मैं मुलाजिमों के बारे में भी कुछ कहना चाहता हूँ। हालाँकि हमारी सरकार ने पहले ही छठे वेतन आयोग की सिफारिशें लागू की हुई हैं और सभी कर्मचारियों को उनका बकाया नकद दिया गया है। हरियाणा पहला राज्य है जहाँ पर कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग का एरियर नकद दिया गया है बाकी किसी भी स्टेट में नहीं मिला है। उनका अब तक बकाया पड़ा हुआ है। उसके बावजूद भी सर, मांग करने वाला तो मांग करेगा ही। दो-तीन बातों के लिए मैं भी माननीय वित्त मंत्री जी और माननीय मुख्य मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ। अध्यक्ष महोदय, हमारे विकास में सभी सैक्टरों का योगदान होता है। लॉ एण्ड ऑर्डर को इम्पलीमैंट करने में सबसे ज्यादा पुलिस का हाथ होता है। स्पीकर सर, आजकल पहले वाले क्राईम नहीं रहे। आपस में झगड़े वगैरह अब नहीं होते, पहले कोई मर्डर हो जाता था, कोई विशेष किस्म के क्राईम नहीं होते थे और अपराधी जल्दी पकड़े जाते थे लेकिन अब तो दूसरी प्रकार के क्राईम होते हैं। आज आदमी के क्रिमिनल माइंड का पता ही नहीं चलता। नाम किसी का लिया जाता है और पुलिस पकड़ भी लाती है लेकिन दो दिन की इन्वैस्टीगेशन के बाद पता चलता है कि अपराधी कोई घर का ही आदमी था। अध्यक्ष महोदय, किसान की जमीन की इकॉनोमिक वैल्यू बढ़ने से भी अपराध बढ़ा है और यह दुर्भाग्यवश हो रहा है। हालाँकि इससे होना तो फायदा चाहिए था लेकिन लोगों ने ऐसा वातावरण बना दिया कि भाई, भाई को मार रहा है कि मेरा हिस्सा सड़क पर आना चाहिए, फ्रंट में आना चाहिए क्योंकि फ्रंट के पैसे ज्यादा मिलते हैं दूसरी जमीनों के कम मिलते हैं। पहले इससे उलट होता था, पहले सड़क पर या फ्रंट में कोई आना ही नहीं चाहता था। जो कमजोर भाई होता था उसको सड़क पर जमीन दे देते थे क्योंकि उसमें पशुओं का और जानवरों का नुकसान ज्यादा होता था। इसके लिये हमें सुधार लाना पड़ेगा क्योंकि आज के दिन क्राईम अलग तरह के आ गये हैं। अध्यक्ष महोदय, अनाउन्समैंट मैंने कई बार देखी है, लेकिन इस बार इसे सीरियसली लेकर इस काम को करना चाहिए। एक तो पुलिस के कम्पोनैंट्स को अलग-अलग किया जाए। एक ही कम्पोनैन्ट में काम नहीं चलने वाला। सरकार ने अलग-अलग विंग के लिए डी.जी. और ए.डी.जी. अलग बनाये हैं, मुझे उसकी खुशी है। आजकल क्राईम की नेचर बदल गई है, इन्वैस्टीगेशन की नेचर बदल गई है। आजकल साइबर क्राईम बहुत ज्यादा होने लगे हैं। इनके लिए आप अलग से कैडर बनायें। आप सी.आई.डी. को ही ले लीजिए, इसका कोई कैडर नहीं है, कोई इधर से आता है और कोई उधर से आता है। कई बार तो लोग हमारे पास भी सिफारिश के लिए आते हैं कि लड़के को सी.आई.डी. में लगवा दो।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** अध्यक्ष महोदय, सी.आई.डी. के लिए हम अलग कैडर बना रहे हैं।

**प्रो० सम्पत सिंह:** ठीक है सर, धन्यवाद, यह बहुत अच्छी बात है। मैंने यह खबर अखबार में पढ़ी थी तो मैंने सोचा कि अगर इस तरह का कैडर बन जाये तो बहुत अच्छी बात है। विजीलैंस हो गई, सी.आई.डी. हो गई। जिस प्रकार से दिल्ली में बने हुये हैं। अब तो हमारे यहाँ भी कमिश्नरी आ गई है। दूसरी बात यह है कि क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए। आज एक से बढ़ कर एक हुनर वाले बच्चे उपलब्ध हैं। आजकल कांस्टेबल के लिए भी एम.ए., पी.एच.डी. और

[प्रो० सम्पत सिंह ]

एल.एल.बी. लेवल के बच्चे आ जाते हैं। अध्यक्ष महोदय, इस तरह के बच्चों की हमें जरूरत है और इसी तरह की पुलिस फोर्स हमें चाहिए। उसके लिए एक तो रिक्रूटमैंट बोर्ड होना चाहिए ताकि भर्ती फास्ट हो। अध्यक्ष महोदय, मेरा सुझाव यह है कि हमारे यहाँ 4 फिजिकल टैस्ट होते हैं बाकि सभी देशों में केवल एक ही फिजिकल टैस्ट होता है और वह है रेस। रेस से स्टैमिना का पता चल जाता है। माननीय मुख्य मंत्री जी इस बात को अच्छी तरह जानते हैं क्योंकि ये खिलाड़ी हैं। एक 10 किलोमीटर की रेस रख ली जाये उसमें टाईम देकर निपटारा कर लिया जाये बजाय इसके कि कहीं पर दो जम्प और तीसरी दौड़ हो जाती है। उसके लिए भी बहुत से प्रावधान करने पड़ते हैं। कहीं पर कैमरा लगाया जाता है कहीं पर कुछ किया जाता है और उसमें हमारा टाईम बहुत वेस्ट हो जाता है। माननीय मुख्य मंत्री जी से भी कई बार हमने यह सुना है कि हम पुलिस कर्मचारियों के वेतनमानों के बारे में कुछ कर रहे हैं। मैं यह नहीं कहता कि पंजाब का क्या वेतनमान है, हिमाचल का क्या है या उत्तराखंड का क्या है लेकिन हमारी पुलिस दूर से ही नजर आये कि हाँ यह हरियाणा पुलिस का सिपाही है। यूरोप में आपको पता है कि डी.जी. की बजाय सिपाही की वैल्यू ज्यादा होती है। उनकी तनख्वाहें और दूसरी सुविधायें बढ़ाना बहुत जरूरी हो गया है। वे भी समाज का अभिन्न अंग हैं। ये अपने आपको थोड़ा सा ह्यूमिलिएट फील करते हैं। मुख्य मंत्री जी जब इतने दरियादिल हैं, हर वर्ग को इतना दे रहे हैं कि आज कम से कम 50 लाख घरों में किसी न किसी रूप में हरियाणा सरकार का नकद पैसा जाता है। 100 रुपये से लेकर 5-5 हजार रुपये तक नकद एक घर में पैसे जाते हैं। वे पैसे चाहे किसी भी रूप में जाते हों चाहे ओल्ड एज पैन्शन का बहाना हो, चाहे विडो पैन्शन का हो, चाहे स्कूल में पढ़ने

12.00 बजे वाले बच्चे हों या कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे हों। तीसरी बात विधान सभा के हमारे रिपोटर्ज जो बीच में बैठकर लिखते हैं इनके भी लिखते-लिखते पैन घिस चुके हैं इसलिए इनका भी उद्धार किया जाये। इनकी वेतन विसंगति भी दूर की जाये और विशेषकर पुलिस के कर्मचारियों का तो जरूर ध्यान रखा जाए। इसी निवेदन के साथ-साथ मैं वित्त मंत्री चट्ठा जी को फिर बधाई देता हूं कि उन्होंने बहुत ही बैलैंसड और ऑल राउंड डिवैल्पमैंट बजट दिया है।

**श्री अध्यक्ष :** सम्मानित सदस्यों, इससे पहले कि गुर्जर साहब अपनी स्पीच शुरू करें मैं हाऊस की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि वर्ष 2001-2002 में जब इण्डियन नैशनल लोकदल की गवर्नमैंट थी तो बजट स्पीच को श्री जसबीर सिंह मल्लौर ने ओपन किया था जो उसी पार्टी के सदस्य थे। It is a matter of record.

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** स्पीकर सर, 1996 का और बता दो।

**श्री अध्यक्ष :** बाकी रिकॉर्ड आ रहा है। इसी प्रकार 1996-97 की बजट की चर्चा पर श्रीमती चन्द्रावती जी ने ओपन किया था।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** सर, वह 1996-97 में सदन की सदस्या थी ही नहीं।

**श्री अध्यक्ष :** ये रिकॉर्ड है, मैंने तो देखा ही नहीं। It is a matter of record not prepared by me.

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** सर, वह 1996-97 में सदन की सदस्या ही नहीं थी।

**श्री अध्यक्ष :** थी या नहीं थी ये रिकॉर्ड है मेरे पास।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर** : नहीं सर, वह कैसे बोल सकती हैं जब वे हाऊस की सदस्या ही नहीं थी।

**श्री अध्यक्ष** : ये बोल रखा है आप पढ़ लीजिए।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर** : सांगवान जी, आप तो 1996 में थे आप इस बारे में बताइये।

**Mr. Speaker :** This has not been manufactured by me. She was MLA from Loharu Constituency.

**श्री सतपाल** : सर 1996 के शुरू में चौधरी भजन लाल जी की सरकार थी और वह जनता पार्टी की विधायक थी।

**श्री अध्यक्ष** : सर, 1996 का बजट पेश हुआ था और गुर्जर जी, बजट पेश होने के बाद आपका इलैक्शन हुआ जिसमें बाद में बंसीलाल जी की सरकार आई। बजट पहले पेश हुआ था। इसलिए बजट स्पीच पर श्रीमती चन्द्रावती जी ने ओपन किया था। This is second instance मैंने और रिकार्ड मंगाया है I have asked for more record.

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर** : ठीक है सर, हमारी सरकार का रिकॉर्ड भी मंगवा लीजिए।

**श्री अध्यक्ष** : मैंने रिकॉर्ड मंगा रखे हैं। So, it is wrong to say that nobody ever opened it from the side of Treasury Benches इसमें तो लिखा हुआ रिकॉर्ड है।

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा)** : अध्यक्ष महोदय, आप 1999 से 2005 तक का रिकॉर्ड भी देख लो।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर** : अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं

**(इस समय उपाध्यक्ष महोदय पदासीन हुए)**

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे भी और सदन के सभी सम्मानित साथियों से भी निवेदन करना चाहता हूं कि जब मैं बजट पर चर्चा करूंगा तो कोई बीच में व्यवधान डालने का कष्ट ना करे, क्योंकि हमने भी किसी सदस्य को बोलते हुए टोका टाकी नहीं की थी और फिर भी किसी सदस्य को कुछ कहना है तो माननीय मुख्यमंत्री जी बैठे हैं, वित मंत्री जी बैठे हैं, वह अपने जवाब में कह सकते हैं। मैं यह इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मुख्यमंत्री जी बार-बार कहते हैं कि विपक्ष की तरफ से जो भी अच्छे रचनात्मक सुझाव आएंगे उन्हें मैं खुले दिल से स्वीकार करूंगा। मैं तथ्यों के आधार पर ही बात करूंगा क्योंकि ट्रेजरी बैंचिज का काम है सरकार के कार्यों का गुणगान करना और विपक्ष का काम है जहां भी सरकार की तरफ से कमियां हुई हैं, कोताहियां हुई हैं उनसे उनको अवगत कराना, और अच्छे सुझाव देना, प्रदेश की जनता के हित में वही काम मैं आज यहां करने वाला हूं। हो सकता है कि किसी को मेरे सुझाव ज्यादा पसन्द आयें या किसी को न आयें। अगर उनको पसन्द आ जाये तो उन पर अमल कर लेना और यदि न आये तो पहले की तरह ही उनको छोड़ते चले जाना। उपाध्यक्ष महोदय, अभी एक तारीख को माननीय वित्त मंत्री जी ने बजट पेश किया है और जिसका प्रो० सम्पत सिंह जी गुणगान कर रहे थे...। (विघ्न)

**प्रो० सम्पत सिंह:** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी से निवेदन करना चाहूंगा कि वे मेरे प्रति इस तरह की भाषा का इस्तेमाल न करें। मैंने जो बातें कहीं हैं वह रिकॉर्ड के मुताबिक ही कही हैं। अगर कोई अच्छी चीज है तो उसका गुणगान करने में क्या हर्ज है? अगर मेरे द्वारा बताये गये तथ्यों और आंकड़ों में एक भी चूक नजर आये या एक आंकड़ा भी झूठा हो तो गुर्जर जी, आप मेरा कान पकड़ लेना। मैंने यदि गुणगान किया भी है तो वह आंकड़ों और तथ्यों के हिसाब से ही किया है, अंधा होकर मैंने गुणगान नहीं किया है बल्कि जागरूक होकर किया है।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** उपाध्यक्ष महोदय, मैंने पहले भी कहा था कि मैं जो कुछ भी सुझाव दूंगा वह केवल तथ्यों के आधार पर ही दूंगा। आज तक इस सदन में मेरे मुंह से कभी भी गलत बात नहीं निकली है।

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा):** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से गुर्जर जी से कहना चाहूंगा कि अंधा होकर भी निंदा नहीं करनी चाहिए। (हंसी) आप बजट को एप्रीशियेट करें। गुर्जर जी, जो अगली बार का बजट सैशन होगा उसकी शुरूआत आप ही करेंगे अतः आप पूरी तैयारी करके आना, मैं एडवांस में ही आपको इसकी जानकारी दे रहा हूं।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** उपाध्यक्ष महोदय, जैसा कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने बताया कि अगले बजट सत्र की शुरूआत वे मेरे से ही करवायेंगे तो इसके लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

**सहकारिता मंत्री (श्री सतपाल):** गुर्जर जी, कम से कम मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद तो कर दो।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** सांगवान जी, मैंने तो धन्यवाद कर दिया है, आपके कानों में क्या फंसा हुआ है जो आपको अभी तक सुनाई नहीं दिया?

**श्री सतपाल :** डिप्टी स्पीकर सर, मैं तो पक्का करना चाहता था कि इन्होंने धन्यवाद किया है या नहीं।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** गुर्जर जी, आप अपनी स्पीच आगे बढाओ, सांगवान जी ने अब इसे मान लिया है।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** डिप्टी स्पीकर सर, जो साथी ट्रेजरी बैंचिज पर बैठे हुए हैं उनको गुणगान करने की जरूरत भी है और गुणगान करना भी चाहिए। अगर गुणगान नहीं करेंगे तो कही न कही उनका अहित होगा। बजट में माननीय वित्त मंत्री जी ने दावा किया है कि पिछले बजट की बजाय जो इस बार के बजट की वार्षिक योजना है वह 24 प्रतिशत अधिक है। 2012-13 में यह वार्षिक योजना 14500 करोड़ थी और 2013-14 में यह बढ़कर 18 हजार करोड़ हो जायेगी। इसे बजट अनुमानों में दर्शाया गया है। उपाध्यक्ष महोदय, साथ में यह भी कहा गया है कि राज्य की जो आर्थिक विकास दर है वह 7.1 फीसदी है। अब मेरी समझ में यह बात नहीं आती कि इन्होंने यद्यपि यह कहा कि यह कर रहित बजट है, इसमें कोई कर नहीं लगाया गया है तो सरकार के पास ऐसी कौन सी जादू की छड़ी है कि बगैर कर लगाये विकास और सुविधाओं के जो दावे किये गये हैं वे कैसे पूरा किये जायेंगे। उपाध्यक्ष महोदय, यह आमतौर पर देखने में आया है कि सरकार बजट में कर नहीं लगाती है लेकिन बैक डोर से बहुत ज्यादा करों का बोझ थोप देती है। उदाहरण के लिए (विघ्न)

**श्री नरेश कुमार बादली:** गुर्जर जी, जादू की छड़ी के बारे में मैं आपको बताता हूं। विधायक महोदय, आज बैक डोर से कोई काम नहीं होता सब ईमानदारी से होता है। खनन जो कुछ सौ रूपयों में माफिया की मिलीभगत से अलॉट कर दिये जाते थे आज उनकी ओपन बोली की जाती है। उपाध्यक्ष महोदय, इनके वक्त में जो सरकार के आय के साधन थे उनको माफियाओं की मिलीभगत से औने पौने दामों में माफिया वर्ग के लोगों को सौंप दिया जाता था। इनके रिश्तेदारों और सहयोगियों को औने पौने दामों में दे दिया जाता था और वे प्रदेश को लूटते जाते थे। हमारे मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी द्वारा अब ये काम बड़े ही निष्पक्ष तरीके से जनहित में ओपन बोली में कराए जाते हैं। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** उपाध्यक्ष महोदय, मैंने पहले ही कहा था मैं ऐसे शब्दों का प्रयोग नहीं करूंगा जिनसे कि व्यक्तिगत रूप से किसी को कोई आरोप लगें। मेरा इस तरह की बातों से कोई लेनादेना नहीं है। मैंने पहले कहा है कि सुझाव देना हमारा धर्म है और कर्त्तव्य भी है और यह तब तक करता रहूंगा जब तक कि सरकार मेरे अच्छे सुझावों को स्वीकार नहीं कर लेती। इस पर मैं एक छोटी बात सुनाना चाहूंगा कि समुंदर ने नदी से कहा कि कब तक मेरे जैसे खारे जल से मिलते रहोगे, नदी ने हंसकर कहा कि जब तक तुझ में मिठास न आ जाए। इसी प्रकार से जब तक मेरे सुझावों पर अमल नहीं किया जाता मैं सुझाव देता रहूंगा।

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) :** क्या समुन्दर में मिठास आ गई है?

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** सर, मैं कह रहा था कि सरकार बैकडोर से कर लगाने का काम करती है। उदाहरण के तौर पर इन्होंने पिछले बजट के बाद बस भाड़े में वृद्धि कर दी, हाउस टैक्स लगा दिया, बिजली की कीमतें बढ़ा दी, पानी के रेट बढ़ा दिये। यह सारी तरह की कर वृद्धि है। इसलिए मुझे लगता है कि बजट दिशाहीन है और इससे लोगों का भला होने वाला नहीं है। ये कहते हैं कि प्रदेश तरक्की कर रहा है। प्रदेश बहुत आगे जा रहा है। मैं बताना चाहूंगा कि वर्ष 2005-06 में प्रदेश पर कर्ज 26268 करोड़ रुपये था। (विघ्न)लेकिन इस बार जो बजट अनुमान पेश किए गए हैं उसमें वह कर्ज 67772 करोड़ रुपये होने वाला है। यानी कि पिछले 8 सालों में 41500 करोड़ रुपये का कर्ज इस सरकार के रहते और हरियाणा सरकार के सिर पर आ गया है। उपाध्यक्ष महोदय, मेरी समझ में नहीं आता कि ये कहते हैं कि हम बहुत विकास करेंगे, तरक्की करेंगे। उपाध्यक्ष महोदय, इन बजट अनुमानों को आप देखेंगे तो पाएंगे कि कर्मचारियों के वेतन और पेंशन भुगतान के लिए सरकार को कर्ज लेना पड़ता है और तो और कर्ज लिए हुए ब्याज के लिए भी कर्ज लेना पड़ता है। सरकार ने अपने प्रस्तावित अनुमानों में दर्शाया है कि पेंशन और वेतन पर 2013 में 16612 करोड़ रुपये जाएंगे जो कुल राजस्व का 37.94 फीसदी है। उपाध्यक्ष महोदय, ब्याज की अदायगियों पर 6301.65 करोड़ रुपये जाने वाला है। यानी कि पेंशन, ब्याज और वेतन में कुल राजस्व का 52 फीसदी चले जाने वाला है। इसी तरह से वर्ष 2013-14 में जो ऋण की अदायगी है उसमें 13104 करोड़ चले जायेंगे। जो कुल राजस्व का 29 फीसदी है यानी कि कुल राजस्व का 81 फीसदी इन मदों में जानेवाला है। इसके बाद सरकार ने बजट में दो लाख मकान बनाने की घोषणा की है मैं समझता हूं कि ये तो मुंगेरी लाल के हसीन सपनो वाली बात है। उपाध्यक्ष महोदय, इसका मतलब यह है कि अगर इन मकानों को सरकार बनायेगी तो सरकार को बाजार से और कर्जा लेना पड़ेगा जो पहले भी सरकार लेती आई है।

**श्री भारत भूषण बतरा:** उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य कर्जे की बात कर रहे हैं। स्टेट में जी.एस.डी.पी. की रेशो की बात करें तो जब इस सरकार ने वर्ष 2005 में कार्यभार संभाला था तो उस समय जो डैब्ट था वह 24.12 प्रतिशत था जो आज 16.47 प्रतिशत रह गया है। डैब्ट में कितनी कमी आई है इसका मतलब पिछले बजट में 16.05 डैब्ट था जो कि इस बजट में 16.47 प्रतिशत है। जो प्रान्त तरक्की कर रहा है उसकी जी.डी.पी. के हिसाब से माननीय सदस्य को बात करनी चाहिए। डैब्ट में कमी आ रही है डैब्ट बढ़ नहीं रहा है बल्कि घट रहा है।

**श्री कृष्णपाल गुर्जर:** उपाध्यक्ष महोदय, इसका मतलब बाजार से सरकार को कर्जा लेना पड़ेगा और हरियाणा की जनता पर कर्जे का और बोझ बढ़ेगा। इससे वित्तीय घाटा भी बढ़ेगा। क्योंकि आमदनी कम होगी और खर्चा ज्यादा होगा।

**बिजली मंत्री (कैप्टन अजय सिंह यादव):** उपाध्यक्ष महोदय, स्टेट का रेवेन्यू डैफीसिट और फिसकल डैफीसिट दोनों कम हुए हैं। अगर पिछले बजट को देखेंगे तो उसमें 2.3 प्रतिशत था जो इस बजट में अब 2.2 प्रतिशत हुआ है।

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा):** उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक रेवेन्यू डैफीसिट का सवाल है it is always as compared to the G.S.D.P. It will further reduced to 0.59 % during the year 2013-14 as against 0.90% of the previous year i.e. 2012-13. इसी प्रकार से फिसकल डैफीसिट जो है वह it also falls from 2.3% 2.2.% in the year 2013-14.

**श्री कृष्णपाल गुर्जर :** उपाध्यक्ष महोदय, आप बजट एट ए ग्लॉस देख लें फिसकल डैफीसिट जो वर्ष 2012-13 में 8132.58 करोड़ रुपये था वह अब बढ़कर 8975 करोड़ रुपये हो गया है।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** उपाध्यक्ष महोदय, उस समय प्रदेश की जी.एस.डी.पी. क्या थी जिसका आप जिक्र कर रहे हैं। It is always compared to G.S.D.P. माननीय सदस्य बहुत तजुर्बेकार विधायक हैं और ये मंत्री भी रहे हैं इसलिए ये सारी जिम्मेवारी को समझते हैं।

**कैप्टन अजय सिंह यादव:** उपाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य जो आंकड़े बता रहे हैं वे गलत आंकड़े हैं। मैंने तो यह कहा है कि पिछले बजट में यह 2.3 प्रतिशत था जो कि अब 2.2 प्रतिशत हो गया है।

**श्री कृष्णपाल गुर्जर:** उपाध्यक्ष महोदय, मैंने तीन बातें इस सदन में रखनी हैं। पहली बात तो बजट के बारे में, दूसरी बात सरकार की तरफ से जो कमियां हैं उनको सुधारने के बारे में सुझाव देने हैं। तीसरी बात मैंने कुछ मांगें रखी हैं। उपाध्यक्ष महोदय, आज हरियाणा में अफसरों पर कोई लगाम नहीं है। आम आदमी की कोई सुनवाई नहीं होती। (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री को यह वहम नहीं पालना चाहिए क्योंकि इनके अफसर सामने कुछ और हैं और पीठ पीछे कुछ और होते हैं। मुख्यमंत्री जी, आप समझदार आदमी है इसलिए आपके पास जो बैठे हैं उन पर तो आप लगाम लगा लेते हैं लेकिन जो आपके उधर बैठे हैं उन पर भी लगाम लगाएं। उपाध्यक्ष महोदय, मैं इनको यह बात इसलिए कह रहा हूं कि अगर ये इसमें सुधार कर सकते हैं तो कर लें। मुख्यमंत्री जी अच्छी तरह जानते हैं कि कृष्णपाल के सुझाव को जो मान लेते हैं वे ठीक रहते हैं वरना तो उनको यहां से वहां आना पड़ता है। (विघ्न) वहां आना पड़ेगा, आज नहीं

तो कल आना पड़ेगा। (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, आम आदमी अफसरों तक पहुंचते हैं तो अधिकारी समय पर ओफिस पहुंचे नहीं होते हैं। आम आदमी को धक्के खाकर बार बार ओफिसिज में जाना पड़ता है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं सभी ओफिसर्ज के लिए यह बात नहीं कह रहा। मुख्यमंत्री महोदय साफ सुथरा प्रशासन देने का वायदा करके सत्ता में आए थे इसलिए मेरा मुख्यमंत्री महोदय जी से कहना है कि आपने हरियाणा की जनता से जो वायदा किया था उस पर अमल करें और जो अधिकारी आपकी बात को नहीं मानते उन अधिकारियों के ऊपर नकेल कसें ऐसा मेरा सुझाव है। मुख्यमंत्री जी हमेशा रिवार्ड और पनिशमैंट की बात करते हैं। इन्होंने बहुत से अधिकारियों को रिवार्ड दिए हैं। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि क्या इन्होंने किसी को सजा भी दी है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्यमंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि वे आज कहते हैं कि हरियाणा में भ्रष्टाचार का सफाया हो गया है तो ये यह बात भी बता दें कि आज तक भ्रष्टाचार के मामले में कितने एच.सी.एस., कितने आई.पी.एस. और कितने आई.ए.एस. ओफिसर्ज को सजा दी गई है। उपाध्यक्ष महोदय या तो यह कह दें कि हरियाणा से पूरी तरह से भ्रष्टाचार का सफाया हो गया है, नहीं तो कहीं ऐसा न हो कि आने वाले समय में जनता इनका सफाया कर दे। (विघ्न) दांगी साहब, आप मेरी बात सुन लिजिए मैं आपके भले की ही बात कर रहा हूं। आज आम तौर पर यह देखने में आता है कि अधिकारीगण मुख्यमंत्री जी की बातों को गंभीरता से नहीं लेते। अधिकारी जब गंभीरता से मुख्यमंत्री जी की बातों को नहीं लेंगे तो उनके द्वारा की गई घोषणाओं पर काम कहां से होगा ? उपाध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी ने कहा कि चार नये शहर बसायेंगे, कहां बसायेंगे यह नहीं कहा गया। मुख्यमंत्री जी बता तो दें कि वे चार नये शहर कहां बसाये जायेंगे ? (विघ्न) मैं चट्ठा साहब की तरफ देख रहा हूं क्योंकि जवाब इन्होंने देना है। (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, इसी तरह से मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गांवों का शहरों की तर्ज पर विकास करने के लिए प्राधिकरण बनायेंगे। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या वह प्राधिकरण बन गया है ? कागजों पर प्राधिकरण बन गया हो तो पता नहीं हकीकत में तो सामने आया नहीं है। (विघ्न) मैं पुरानी कही हुई बात बता रहा हूं।

**श्री भारत भूषण बत्तरा(रोहतक)** : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ़ आर्डर है कि मुख्यमंत्री जी ने प्राधिकरण बनाने के बारे में कभी नहीं कहा !

**श्री कृष्णपाल गुर्जर** : बत्तरा जी, मुख्यमंत्री जी ने प्राधिकरण बनाने की बात कही थी। उपाध्यक्ष महोदय, अफसरशाही मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं पर अमल नहीं करती फिर भी मुख्यमंत्री जी अफसरों को अवार्ड पर अवार्ड दिए जा रहे हैं। आज जो अधिकारी रिटायर होते हैं उनको तुरंत पत्र थमा देते हैं कि आईये फिर से सरकारी सेवा में आ जाईये। मैं पूछना चाहता हूं कि ऐसी कौन सी पॉलिसी है कि रिटायरमैंट के बाद भी अफसरों को फिर से सेवा में रखा जाता है या मुझे यह बताया जाये कि सारी काबलियत उन्हीं में है तथा दूसरे अफसरों में कोई काबलियत नहीं है। उपाध्यक्ष महोदय, आमतौर पर देखने में आया है कि मुख्यमंत्री जी पारदर्शिता की बात करते हैं (विघ्न) उपाध्यक्ष महोदय, इनको क्या दिक्कत आ रही है जब आपने मुझे बोलने के लिए एक घंटे का समय दिया हुआ है ? डिप्टी स्पीकर सर, मैं माननीय मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि कौन सी ट्रांसपैरेंसी है जिसके अनुसार वे रिटायरमैंट के बाद भी इन अधिकारियों का दोबारा से चयन करते हैं। डिप्टी स्पीकर सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि प्रदेश के अंदर हरेक प्रकार के अपराध में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। यह मैं नहीं कहता यह सब आंकड़े कह रहे हैं। प्रदेश में प्रतिदिन हत्या, डकैती और बलात्कार की घटनायें हो रही हैं। इनसे सम्बंधित

खबरें हम हर रोज़ अखबारों में पढ़ते हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी के जवाब में भी ये सारी चीज़ें आई हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि प्रदेश में कहीं अपराधियों के मन में कोई भय है या नहीं। थानों में जो लोग अपनी फरियाद लेकर जाते हैं उनके साथ क्या व्यवहार होता है इसके बारे में सभी को मालूम है। (विघ्न)

**श्री नरेश कुमार बादली :** डिप्टी स्पीकर सर, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। मैं माननीय साथी को यह कहना चाहता हूं कि वे यह धीमी गति का समाचार बुलेटिन बंद करें और अगर इनको हरियाणा प्रदेश की जनता के हित में कुछ सुझाव देने हो तो उनके बारे में सदन को बतायें। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** डिप्टी स्पीकर सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि प्रदेश में कानून और व्यवस्था की स्थिति को सुधारने की बहुत ज्यादा जरूरत है बलात्कार के मामलों की जानकारी लेने के लिए कांग्रेस की अध्यक्षा हरियाणा में आई थी। मैं समझता हूं कि उनके यहां पर आने के बाद भी कानून और व्यवस्था एवं बलात्कार की घटनाओं में कोई सुधार नहीं हो पाया है। अगर हुआ हो तो सरकार बता दे। उपाध्यक्ष महोदय, यहां पर सरकार की तरफ से उद्योगों के बारे में भी बहुत सी बातें कही गई कि सरकार एक विशेष उद्योग नीति हरियाणा प्रदेश में लेकर आई है। इस बजट में उद्योग जगत को कोई राहत नहीं दी गई है। उद्योग जगत को उम्मीद थी कि बजट में डीज़ल के दामों को वैट से राहत दी जायेगी क्योंकि बिजली लगातार महंगी हो रही है और बिजली उनको पूरी मिलती भी नहीं है जिसके कारण वे जैनरेटर सैट से अपने उद्योग चलाते हैं जिसकी कॉस्ट उनको 16 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से पड़ती है। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस समय सरकार को डीज़ल और पेट्रोल पर वैट की दर कम करने की घोषणा करने की बहुत ज्यादा जरूरत है और मैं समझता हूं कि सरकार को ऐसा करना भी चाहिए। कहा जाता है कि खाली दिमाग शैतान का घर। आज हरियाणा प्रदेश में बेरोजगारों की फौज बढ़ रही है। मुख्यमंत्री जी ने कहा था कि 10 लाख लोगों को रोज़गार देंगे। उन्होंने फॉरेन इनवैस्टमैंट की भी बात की कि उद्योग आयेंगे, रोज़गार मिलेगा, एस.ई.जैड़. लगवायेंगे और उससे बहुत ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। मैं पूछना चाहता हूं कि कितने लोगों ने एस.ई.जैड. के लिए एप्लाई किया और कितने लोगों ने एस.ई.जैड़. को शुरू किया और कितने लोगों को एस.ई.जैड. की स्थापना से रोजगार मिला है। यहां पर बड़े-बड़े उद्योगों की बात भी हो रही है। उपाध्यक्ष महोदय, यहां पर उद्योग नीति की भी बड़ी सराहना की जा रही है। मैं यह भी जानना चाहूंगा कि कोई ऐसा बड़ा सरकारी और गैर सरकारी उद्योग क्या फरीदाबाद, मेवात, भिवानी, महेन्द्रगढ़, सिरसा, हिसार, फतेहाबाद, जींद, कैथल, अम्बाला, पंचकूला और पानीपत में अब तक स्थापित किया गया है। (विघ्न)

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** उपाध्यक्ष महोदय, मेरे काबिल दोस्त दो-तीन बातें उठा रहे हैं। मैं इनको बताना चाहता हूं कि एक तो हमारी सरकार ने फरीदाबाद में नया आई.एम.टी. बनाया है जहां बड़े-बड़े उद्योग आयेंगे और मेवात में आई.एम.टी. बना दिया है। इसके साथ-साथ अम्बाला में साहा में हमने इण्डस्ट्रियल पार्क बनाया है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं यहां पर नहीं था उस समय मेरे साथी श्री गुर्जर जी ने डीज़ल और पेट्रोल के बारे में एक सवाल उठाया था क्योंकि यह मामला आम आदमी से जुड़ा हुआ है इसलिए मैं इस बारे में इनको बताना चाहूंगा कि आज जो डीज़ल का रेट है उस पर वैट है 9.24 इस प्रकार से हमारे यहां 46.46 रुपये प्रति लीटर डीज़ल का रेट है लेकिन मध्य प्रदेश में 53.21 रुपये प्रति लीटर डीज़ल का दाम है, इसी प्रकार से गुजरात

में 53.50 रुपये प्रति लीटर डीज़ल का दाम है, छत्तीसगढ़ में 53.25 रुपये प्रति लीटर डीज़ल का रेट है। इस प्रकार वहां पर 21 परसैंट, 23 परसैंट और 25 परसैंट वैट लग रहा है। इसी प्रकार से अगर पैट्रोल की बात की जाये तो मध्य प्रदेश में पैट्रोल 75.26 रुपये प्रति लीटर तथा गुजरात में 74.42 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में पैट्रोल 72.70 रुपये प्रति लीटर मिलता है और हरियाणा में पैट्रोल 71.07 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। उपाध्यक्ष महोदय, डीजल और पैट्रोल पर जहाँ तक वैट लगाने की बात है तो मध्य प्रदेश में 28.75 परसैंट, गुजरात में 23 परसैंट, छत्तीसगढ़ में 25 परसैंट और पंजाब में 30.20 परसैंट वैट लगाया जा रहा है जबकि हरियाणा में पैट्रोल और डीजल पर केवल 21 परसैंट वैट लगाया जा रहा है। जहाँ-जहाँ बी.जे.पी. की सरकार हैं या इनका दल साथ में है वहीं पर इतना ज्यादा वैट लगाया जा रहा है। कृष्ण पाल गुर्जर जी यहाँ पर वैट की बात कर रहे हैं लेकिन इनको इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि जहाँ इनकी पार्टी की सरकार हैं वहाँ पर वैट की स्थिति क्या है? उपाध्यक्ष महोदय, ये रोजगार की बात कर रहे हैं तो इस बारे में मैं कहना चाहूँगा कि हरियाणा में जो राष्ट्रीय नमूना सर्वे हुआ है। राष्ट्रीय नमूना सर्वे के आंकड़ों के मुताबिक हरियाणा में उद्योगों में शहरी क्षेत्रों में 319 व्यक्ति प्रति एक हजार रोजगार में लगे हुये हैं जबकि गुजरात में यह आंकड़ा 306 व्यक्ति प्रति एक हजार है। यह मैं गुर्जर साहब की जानकारी के लिए बताना चाहता हूँ।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जरः** उपाध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्य मंत्री जी महाराष्ट्र का भी बता दें वहाँ पर कितना वैट और रेट है। मैं तो हरियाणा और हरियाणा के लोगों के हितों की बात कर रहा हूँ। (विघ्न)

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः** महाराष्ट्र में कॉलीशन गवर्नमैंट है, हरियाणा में कॉलीशन गवर्नमैंट नहीं है।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जरः** उपाध्यक्ष महोदय, मैं उद्योगों के बारे में बात कर रहा था। 26 तारीख को हमारे बहुत से वरिष्ठ साथियों ने इस बारे में अपनी बात कही थी। माननीय श्री विनोद शर्मा जी शायद यहाँ पर बैठे हुये नहीं है, वे बहुत ही वरिष्ठ नेता हैं, केन्द्र में भी मंत्री रह चुके हैं, उन्होंने कहा था कि अम्बाला पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, इसलिए रेल कोच फैक्ट्री यहाँ पर लगवा दो। इसी तरह से बहन किरण चौधरी जी यहाँ पर बैठी हुई हैं उन्होंने भी कहा था कि रेल कोच फैक्ट्री भिवानी में लगा दो, भिवानी भी पिछड़ा हुआ है। राव इन्द्रजीत सिंह जी भी यही बात कहते हैं। इसी तरह से एक केन्द्रीय मंत्री जो इस सदन की सदस्या नहीं हैं, उन्होंने भी इस बारे में अपनी बात कही है। आज राज्यसभा के कांग्रेस के एक माननीय एम.पी. का भी ब्यान आया है, उनका भी यही कहना है। सभी यही बात कह रहे हैं कि हमारे इलाके में रेल कोच फैक्ट्री लगा दी जाये हमारा इलाका पिछड़ा हुआ है।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डाः** आप भी कह सकते हैं कि मेरे जिला फरीदाबाद में मेरे गांव में रेल कोच फैक्ट्री लगा दो।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** उपाध्यक्ष महोदय, यह बात मैं नहीं कहता, यह बात इनकी पार्टी के लोग कहते हैं कि इन जिलों में बड़े उद्योग नहीं लगे हैं तथा ये क्षेत्र पिछड़े हुये हैं। एक तरफ विकास की बात की जा रही है और दूसरी तरफ इनके साथी कह रहे हैं कि हम पिछड़े हुये हैं इसलिए रेल कोच फैक्ट्री हमारे एरिया में लगा दो। (विघ्न)

**श्री उपाध्यक्ष:** गुर्जर साहब, आपको बहुत समय हो गया है, आप कंक्ल्यूड कीजिए।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** उपाध्यक्ष महोदय, मैं तो सरकार को सुझाव दे रहा हूँ अगर आप मना कर दोगे तो मैं बैठ जाऊंगा। आपने ही कहा था कि अच्छे सुझाव आयें।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा :** आप सुझाव तो दो, सुझाव तो दिया ही नहीं। अब तक एक भी सुझाव नहीं दिया।

**श्री महेन्द्र प्रताप :** आपके हल्के में कितनी ग्रांट्स थी ?

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** डिप्टी स्पीकर सर, अगर उस दिन और सदस्यों को भी बोलने का मौका दिया जाता तो जहां तक मेरा ख्याल है सभी सदस्य यही बात कहते। लेकिन सबको मौका नहीं दिया गया। मैं तो वही बात कह रहा हूं जो इनके साथी कह रहे हैं।

**श्री आनन्द सिंह दांगी :** गुर्जर जी, और सदस्यों की बात कहने की कपैसिटी आपकी नहीं है, आप औरों की बात क्यों कह रहे हैं ? आप अपनी बात क्यों नहीं कहते ?

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** ये एक क्षेत्र के नहीं बल्कि हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं इसलिए इनको सभी क्षेत्रों का ध्यान रखना है।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा :** उपाध्यक्ष महोदय, पूरे हाऊस ने हरियाणा में रेल कोच फैक्ट्री देने के लिए केन्द्रीय सरकार का, यू०पी०ए० सरकार का, और रेलवे मंत्री का धन्यवाद किया। हमने केन्द्र सरकार से हरियाणा में रेल कोच फैक्ट्री देने का आग्रह किया और उन्होंने हमारा आग्रह का स्वागत किया। वे इस फैक्ट्री को कहीं भी दे सकते थे। अब ये पता नहीं इस बात को लेकर क्या-क्या बातें बना रहे हैं। हरियाणा में कोच फैक्टरी आ रही है इसके लिए इनको धन्यवाद करना चाहिए और पूरे हाऊस ने इसके लिए प्रस्ताव पास किया है।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** सर, उस प्रस्ताव में तो हम भी शामिल थे।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा :** गुर्जर जी, फिर अब इस बात पर सवाल क्यों उठा रहे हो। कोई अच्छे सुझाव आपके पास हों तो दो।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** मुख्यमंत्री जी, मैंने अपने इलाके के लिए रेल कोच फैक्ट्री की मांग नहीं की यह तो आपके साथियों ने कहा है कि हमारे जिले पिछड़े हुए हैं।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा :** गुर्जर साहब आप उनकी बात क्यों कह रहे हो, आप अपने लिए कुछ मांगो। हम आपको मना नहीं करते। इनैलो पार्टी के मैम्बर्ज भी कुछ मांगेंगे तो हम इनको भी मना नहीं करते मगर ये कहने वाले तो बनें। अभय जी हमारे भतीजे हैं वे अगर किसी काम के लिए कहेंगे तो हम उन्हें भी मना नहीं करते। कोई भी मैम्बर कुछ मांगेंगे तो हम उनको न नहीं करते, क्योंकि हमने तो विकास के लिए ही काम करना है।

**श्री अभय सिंह चौटाला :** उपाध्यक्ष महोदय, स्पीकर साहब तो हमें खड़ा नहीं होने देते। अगर हम बैठे-बैठे बात करते हैं तो सबको तकलीफ हो जाती है। मुख्यमंत्री जी, आप यह भी कहते हो कि हम किसी चीज के लिए ना नहीं करते आपकी हां और ना का भी तो पता नहीं चलता कि कौन सी जगह आप हां करते हो और कौन सी जगह ना करते हो।

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा :** उपाध्यक्ष महोदय, हमें दुःख इस बात का है कि स्पीकर साहब, हमें खड़ा तो होने नहीं देते और बैठे-बैठे बोलें तो आप हमें बोलने नहीं देते इसलिए हम करें क्या ?

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का ध्यान उनकी कही हुई बात की तरफ दिलाना चाहता हूं। जब वह नहीं बैठे थे तब मैंने पहले भी कहा था कि मुख्यमंत्री जी हमेशा कहते हैं कि मैं सजा और ईनाम की नीति में विश्वास करता हूं। माननीय मुख्यमंत्री जी, सरकार ने कुण्डली मानेसर पलवल एक्सप्रैस वे बनाने की बात की और उस पर काम चल रहा है। जून, 2009 में वह कुण्डली मानेसर पलवल एक्सप्रैस वे बनकर तैयार होना था। उपाध्यक्ष महोदय, आप मुझे यह बता दें कि उस समय उसकी कोस्ट कितनी आनी थी, मेरे हिसाब से उस पर लगभग दो हजार करोड़ रुपये खर्च होने थे। लेकिन उस टाईम पीरियड के समाप्त होने के बाद भी लगभग 4 साल और एक्स्ट्रा होने जा रहे हैं और वह काम अब भी आधा अधूरा है और यह सुनने में आ रहा है कि जो उसकी इनीशियल कोस्ट दो हजार करोड़ रुपये थी वह लगभग 4500 करोड़ रुपये होने जा रही है।

**श्री नरेश कुमार बादली :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्वायंट ऑफ ओर्डर पर बोलना चाहता हूं। जब कुण्डली मानेसर पलवल एक्सप्रैस-वे के लिए किसानों की जमीन ली जा रही थी तो उसके लिए मुआवजा राशि 2 लाख 60 हजार रुपये रखी गई थी और आज उसी जमीन की मुआवजा राशि 18 लाख से लेकर 22 लाख रुपये दी गई है। इसके लिए मुख्यमंत्री जी बधाई के पात्र हों। 2 लाख 60 हजार रुपये में किसानों के हितों को कुचला जा रहा था और आज उसी जमीन की 22 लाख रुपये मुआवजा राशि दी जा रही है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** उपाध्यक्ष महोदय, अगर मैं कोई बात पूछ रहा हूं तो उसमें क्या गलत कर रहा हूं ? सर, जो बात मैं पूछ रहा हूं क्या वह गलत बात है ?

**श्री आनन्द सिंह दांगी :** सर,नरेश बादली जी भी तो आंकड़ों के साथ बोल रहे हैं।

**श्री मोहम्मद इलियास :** उपाध्यक्ष महोदय, नरेश बादली जी, आप कृष्ण पाल गुर्जर जी की बात का मतलब बता दें कि ये क्या पूछना चाहते हैं ? (शोर एवं व्यवधान)

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा :** मोहम्मद इलियास जी, मेवात में जो रेल आ रही है आप तो उसके लिए धन्यवाद करो।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** दांगी जी, जो मैं पूछ रहा हूं क्या वह गलत बात है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री आनन्द सिंह दांगी :** गुर्जर साहब, जो नरेश जी बता रहे हैं वह सब आंकड़ों के हिसाब से ही बता रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री मोहम्मद इलियास :** उपाध्यक्ष महोदय, नरेश जी जो सदन में बार-बार उठकर बात कर रहे हैं, उनसे एक बार पूछ तो लो कि वह क्या पूछना चाह रहे हैं... (शोर एवं व्यवधान) कृपया इनसे यह पूछिये कि यह क्या कहना चाह रहे हैं? (शोर एवं व्यवधान) इनको तो यह पता ही नहीं होता कि यह पूछना क्या चाहते हैं? (शोर एवं व्यवधान) यह जो पूछना चाहते हैं उसका एक बार मतलब तो बता दें? (शोर एवं व्यवधान)

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** इलियास जी, आपको तो धन्यवाद करना चाहिए, आपके मेवात में रेल शुरू हो गई है। धन्यवाद करने की बजाए आप तो और बातों में ही उलझे हुए हो? (शोर एवं व्यवधान)

**श्री मोहम्मद इलियास:** हुड्डा साहब, मेवात में जो रेलवे लाईन चलाई गई है इसके लिए धन्यवाद तो अरोड़ा जी ने और हमारी पार्टी ने एकमुस्तलका तौर पर किया था।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** इलियास जी, इन्होंने धन्यवाद कब किया है? (शोर एवं व्यवधान)

**श्री मोहम्मद इलियास:** नरेश जी, बिना वजह सदन में रोला पाना ठीक नही... (शोर एवं व्यवधान)

**श्री नरेश कुमार बादली :** अध्यक्ष महोदय,... (शोर एवं व्यवधान)

**श्री मोहम्मद इलियास:** शर्मा जी, ये बार-बार अध्यक्ष महोदय अध्यक्ष महोदय कहकर क्यों रोला कर रहे हो ? (शोर एवं व्यवधान)

**वित्त मंत्री (सरदार हरमोहिन्दर सिंह चट्ठा):** डिप्टी स्पीकर सर, इलियास जी कह रहे हैं कि नरेश जी को यह नहीं पता है कि क्या कहना है और क्या नहीं कहना। इलियास जी, शायद आपको यह नहीं पता कि नरेश बादली जी एक पंडित है जो आपकी 50 साल की आगे की और पीछे की हिस्ट्री बता देंगे कि आपने क्या किया था।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह जानना चाहूंगा... (विघ्न)

**उद्योग मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला):** डिप्टी स्पीकर सर, मैं माननीय गुर्जर साहब के नोटिस में लाना चाहता हूं कि जैसा कि उन्होंने के.एम.पी. एक्सप्रैस हाइवे की बात की थी it is a BOT project so, any cost increase if at all it happens gets automatically transferred to the concessionaire. It is not owned by the State. I just thought that I must bring it to the notice of the House. सर, एक बात और भी मैं श्री कृष्ण पाल गुर्जर साहब के संज्ञान में लाना चाहता हूं क्योंकि वह उस समय उस गठबंधन का हिस्सा थे। जो जमीन के.एम.पी. एक्सप्रैस हाईवे में गई है, उस जमीन का किसानों को जो मुआवजा इंडियन नैशनल लोकदल और भारतीय जनता पार्टी की उस समय की सरकार ने देने का निर्णय किया था वह मैं बताना चाहूंगा। उस समय की सरकार ने किसानों को 2 लाख 60 हजार रुपये प्रति एकड़ के लगभग मुआवजा देने का फैसला किया था। महोदय, वर्ष 2005 में हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद आदरणीय मुख्यमंत्री जी ने दूसरे प्रांत की सरकारों से बैठक की और यह कहा कि हम यह प्रोजैक्ट तब लागू करेंगे जब जमीनी भाव के मुताबिक किसानों को मुआवजा दिया जायेगा। हमने उस फैसले को जिस पर चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के हस्ताक्षर थे नकार दिया और किसानों को अतिरिक्त मुआवजा दिलाया जोकि 160 करोड़ रुपये के करीब था (इस समय मेजें थपथपाई गई।)

**श्री अभय सिंह चौटाला:** डिप्टी स्पीकर सर, जैसाकि सुरजेवाला जी कह रहे हैं कि कुण्डली मानेसर पलवल एक्सप्रैस हाइवे बी.ओ.टी. बेस पर बन रहा है। ठीक है, कि यह बी.ओ.टी. बेस पर बन रहा होगा लेकिन उसके लिए भी तो सरकार के कुछ मापदंड होते होंगे, कोई समय सीमा होती होगी, ऐसा तो नहीं होता होगा कि किसी को कोई प्रोजैक्ट बी.ओ.टी. बेस पर दे दो और उसके बाद इस बात की छूट भी दे दो कि आप इसे चाहे तो 10 साल में पूरा कर

लेना या 15 साल में पूरा कर लेना। अगर उसकी कोई समय सीमा है और उसने समय पर काम पूरा नहीं किया है तो उस पर कौन सी पैनल्टियां लगाई गई या कौन सी कार्यवाही की गई इस बात का भी आपको पता होना चाहिए?

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** उपाध्यक्ष महोदय, हमारे दोस्त अभय सिंह जी ने जो प्रश्न उठाया है उसके संबंध में मैं उनको बताना चाहूंगा कि शायद उनको इस बात की जानकारी भी होगी और उन्होंने समाचार पत्रों के माध्यम से पढ़ा भी होगा, यह बात ठीक है कि बी.ओ.टी. की समय सीमा होती है और होनी भी चाहिए because every project has a time-limit. In this project, it is a Supreme Court monitored construction, that is happening. There were various stages granted by various Courts. As the project was not getting implemented on time, we have already imposed Liquidated Damages on to the concessionaire.

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** उपाध्यक्ष महोदय, मेरे कहने का मतलब यही था कि कोई समय सीमा निर्धारित होनी चाहिए।

**श्री उपाध्यक्ष:** गुर्जर साहब, आप थोड़ा जल्दी कीजिए।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** ठीक है सर, कुंडली मानेसर पलवल जो एक्सप्रैस वे है यह कब तक तैयार हो जायेगा और जो उसकी कॉस्ट बढ़ रही है क्या वह जनता को टोल के रूप में और बढ़ौत्तरी के रूप में तो नहीं देनी पड़ेगी।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** गुर्जर साहब, उसका टोल भी फिक्स्ड है। जब यह प्रोजैक्ट अवॉर्ड हुआ था तो toll rates have already been fixed.

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** उपाध्यक्ष महोदय, बिजली के बहुत बड़े-बड़े दावे किये गये हैं। वर्ष 2005 में जब माननीय मुख्यमंत्री जी ने सत्ता संभाली थी तो मैंने अखबारों में ब्यान पढ़े थे कि तीन साल में 24 घंटे बिजली देंगे। जो बिजली मंत्री आये उन्होंने भी यही कहा कि 2 साल के बाद सरप्लस बिजली होगी तथा दूसरे प्रदेशों को भी बिजली दी जायेगी लेकिन आज सरकार को खुद बिजली बाहर से खरीदनी पड़ रही है और 6 रुपये पर यूनिट के हिसाब से खरीदनी पड़ रही है और खुद अधिकारियों ने माना है कि जो 6 रुपये और 4.5 रुपये के बीच का गैप है उसकी बजह से 100 करोड़ रुपये रोजाना का बिजली बोर्ड का घाटा हो रहा है। उपाध्यक्ष महोदय मैं जानना चाहता हूं कि तीन साल में जो बिजली ये नहीं दे पाए वह कब तक 24 घंटे बिजली दे पाएंगे ? इसका कोई टाइम पीरियड तय कर दें। (विघ्न) इन्होंने बिजली के कारखाने लगाए लेकिन वे चलने से पहले ही ठप हो गए और वर्षों तक खराब पड़े रहे। चाइना से हफ्तों से इंजीनियर्स इसको ठीक करने के लिए आते रहे।(विघ्न)

**बिजली मंत्री (कैप्टन अजय सिंह यादव):** उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ ऑर्डर है। मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि आज के दिन हमारे सारे प्लांट वर्किंग कंडीशन में हैं। यमुनानगर के 300-300 मेगावाट के दो थर्मल पावर प्लांट खेदड़ के 600-600 मेगावाट के दो प्लांट भी वर्किंग कंडीशन में हैं। हां, यह मैं मानता हूं कि गर्मियों में हम बिजली परचेज करते हैं। आज के दिन बिजली की जो लौंग टर्म परचेज है वह वाजिब रेट पर है और 4 रुपये प्रति यूनिट से कम की दर से अडानी से हम बिजली ले रहे हैं। ये गलत बात

कह रहे हैं कि हम 6 रुपये प्रति यूनिट बिजली ले रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान) हमारे तीन प्लांट बंद हो गए थे उस समय बिजली परचेज करनी पड़ी थी। अदरवाइज ऐसी कोई नौबत नहीं आई। आज के दिन हमारे सारे प्लांट वर्किंग कंडीशन में हैं और हम बिजली के मामले में सरप्लस हैं। जिन गांवों में 25 परसैंट से कम लाइन लौसिज हैं वहां हमने चार घंटे फालतू बिजली देने का प्रावधान कर रखा है। आपके हल्के के यदि कोई ऐसे गांव हैं तो हमें बता दें वहां हम चार घंटे बिजली गांव में फालतू देंगे। (विघ्न)

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ये बता दें कि इन्होंने 6 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदी थी या नहीं खरीदी थी और 100 करोड़ रुपये का घाटा बिजली बोर्ड को हुआ था या नहीं हुआ था ? (विघ्न)

**कैप्टन अजय सिंह यादव :** अध्यक्ष महोदय, मैं पहले ही कह रहा हूं कि गर्मियों के दिनों में हमने इस रेट पर बिजली खरीदी थी।

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा) :** उपाध्यक्ष महोदय, जब किसान की फसल सूख रही होती है, किसान की फसल बचाने के लिए हमें किसी भी कीमत पर बिजली खरीदनी पड़ती है।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** उपाध्यक्ष महोदय, मेरे कहने का मकसद केवल इतना था कि इन्होंने तीन साल का समय कहा था और आज 8.5 साल होने जा रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री उपाध्यक्ष:** पावर मिनिस्टर ने उसके बारे में बता दिया है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री कृष्ण लाल पंवार :** उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ ऑर्डर है। जैसा मंत्री जी ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश में सारे थर्मल पावर प्लांट वर्किंग कंडीशन में है। मैंने आज ही नैट से यह 5 मार्च, 2013 का डाटा निकाला है। मंत्री जी गलत बात कह रहे हैं। चार यूनिट तो पानीपत थर्मल प्लांट के बंद हैं (शोर एवं व्यवधान) मंत्री जी सदन को गुमराह कर रहे हैं। मैं यह इन्फर्मेशन सदन की टेबल पर रखता हूं कि आज के दिन 12 थर्मल यूनिट्स प्रदेश की बंद पड़ी हैं।

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Sir, Point of order can be on something that Shri Krishan Pal Gurjar ji is speaking. How can he raise point of order on Shri Krishan Pal Gurjar's speech ? (Interruption)

**श्री कृष्ण लाल पंवार :** उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री जी गलत कह रहे हैं। 4 मार्च, 2013 को खेदड़ के दोनों प्लांट बंद थे।

**कैप्टन अजय सिंह यादव :** उपाध्यक्ष महोदय, जो प्लांट बंद हैं वह इसलिए बंद हैं कि आज के दिन बिजली की डिमांड कम है। 3800 मेगावाट बिजली की डिमांड है और हमारे पास बिजली पर्याप्त है इसलिए हमें कुछ पावर प्लांट बंद करने पड़ रहे हैं। (शोर एवं व्यवधान) ये पूरी बात तो सुनते ही नहीं हैं। मैंने यह कहा है कि सभी प्लांट्स वर्किंग कंडीशन में हैं लेकिन हमने बंद कर रखे हैं क्योंकि डिमांड कम है।(शोर एवं व्यवधान)

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा :** आपने कहा था कि सारे प्लांट्स चालू हैं। (शोर एवं व्यवधान)

**कैप्टन अजय सिंह यादव :** मैंने कहा है कि चार यूनिट्स शट डाउन कर रखें हैं क्योंकि 3800 मेगावाट बिजली आज के दिन पर्याप्त है और 1424 मेगावाट बिजली हम अडानी से लौंग टर्म परचेज में ले रहे हैं। आज के दिन चार यूनिट्स शट डाऊन हैं क्योंकि इनकी रिक्वायरमैंट

नहीं है। आज के दिन हरियाणा में 3800 मेगावाट बिजली की जरूरत है जबकि हरियाणा में 9000 मेगावाट बिजली उपलब्ध है इसलिए डिमाण्ड कम होने के कारण चार थर्मल प्लांट शट डाऊन किए हुए हैं। मैं गलत थोड़े ही कह रहा हूं। जब गुर्जर साहब की सरकार थी उस समय जो बिजली की जो प्रोडैक्शन थी वह केवल 1578 मैगावाट थी जबकि वर्तमान सरकार के समय 5300 मैगावाट बिजली पैदा की जा रही है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री उपाध्यक्ष:** गुर्जर साहब, आप दो मिनट में कन्कल्यूड कीजिए।

**श्री कृष्णपाल गुर्जर:** उपाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि थर्मल प्लांट्स में चाइना की मशीनरी लगाई गई थी। अब सुनने में यह आ रहा है कि उन थर्मल प्लांट्स में फाल्ट आ रहा है तो इस समय सरकार ने चाइना से इंजीनियर्स बुलाये हुए हैं। वे थर्मल प्लांट्स बन्द क्यों रहे, उनमें क्या कमियां थीं, उनके लिए कौन दोषी था ? जो मशीनरी चाइना से लगवाई गई हैं इनके लिए मरम्मत की जरूरत रोज नहीं दिन में कई-कई बार पड़ेगी।

**श्री उपाध्यक्ष:** गुर्जर साहब, आप जल्दी कन्कल्यूड कीजिए।

**श्री कृष्णपाल गुर्जर:** उपाध्यक्ष महोदय, आज थर्मल प्लांट्स शट डाऊन क्यों किये हैं। मेरा माननीय मुख्यमंत्री जी को एक सुझाव है कि जो चाइना से इंजीनियर्स बुलाये गये हैं उनके लिए केन्द्र सरकार से सिफारिश करके इन इंजीनियर्स को भारत की नागरिकता दिलाकर बिजली बोर्ड में शामिल कर लिया जाए क्योंकि उनकी तो अब रोजाना जरूरत पड़ने वाली है।

**(इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए।)**

**कैप्टन अजय सिंह यादव:** अध्यक्ष महोदय, हमने चाइना से जो इंजीनियर्स बुलाये हैं उसका मकसद सिर्फ यह है कि इन थर्मल प्लांट्स का प्रोपर सुपरविज़न हो सके।

**श्री कृष्णपाल गुर्जर:** अध्यक्ष महोदय, सुनने में तो यह भी आ रहा है कि इन पावर हाउसिज का जो प्लांट्स का लोड फैक्टर है वह 35 फीसदी के आसपास है।

**कैप्टन अजय सिंह यादव:** अध्यक्ष महोदय, कृष्णपाल गुर्जर जी गलत ब्यान दे रहे हैं। इस समय इन थर्मल प्लांट्स का लोड फैक्टर 85 फीसदी है न कि 35 फीसदी। सदन में माननीय सदस्य को सही बात कहनी चाहिए। (शोर एवं व्यवधान)

**Mr. Speaker:** Krishal Pal Gurjar ji, please continue. आप कितना समय और बोलेंगे ?

**श्री कृष्णपाल गुर्जर:** अध्यक्ष महोदय, मुझे आप आधे घण्टे का समय और दे दीजिए।

**Mr. Speaker :** You are being very magnanimous.

**श्री कृष्णपाल गुर्जर:** अध्यक्ष महोदय, मैं किसी व्यक्ति पर न तो आरोप लगा रहा हूं, न मैं किसी घपले की बात कर रहा हूं और न ही मैं भ्रष्टाचार की बात कह रहा हूं। मैं तो सुझाव दे रहा हूं। जो सरकार की कमियां हैं मैं उनमें सुधार करने के लिए कह रहा हूं। अगर सरकार उन कमियों में सुधार करें तो ठीक है। माननीय मुख्यमंत्री जी चाहते हैं कि सदन में अच्छे सुझाव आयें इसलिए मैं तो सदन में अच्छे सुझाव ही दे भी रहा हूं। अध्यक्ष महोदय, अब मैं कृषि के बारे

[ श्री कृष्णपाल गुर्जर ]

में कहना चाहता हूं। हरियाणा प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है। लेकिन आज प्रदेश में किसान की हालत क्या है ? आज खेती के दाम कितने बढ़ गये हैं। बीज के दाम, डीजल के दाम, बिजली के दाम आप देखिये कितने बढ़ गये हैं। इनमें बेतहाशा वृद्धि हुई है। जो किसान के उपयोग में आने वाली चीजें हैं उन सभी चीजों के दाम बढ़े हैं और फसल की कीमत कितनी बढ़ी है ? लेकिन गेहूं की कीमत 65 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाने की बात की गई है। पिछली बार माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा के किसानों को बोनस दे दिया था लेकिन इस बार बोनस देने की घोषणा नहीं की गई है। माननीय मुख्यमंत्री जी किसान हितैषी हैं और अपने आपको किसान का पुत्र कहते हैं। 65 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं की कीमत में बढ़ौतरी बहुत कम है इसलिए मैं चाहता हूं कि सरकार को हरियाणा के किसानों को बोनस देने की घोषणा करनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मुझे यह बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान लगातार घट रहा है जोकि चिन्ता का विषय है। मैं यह कहना चाहूंगा कि यह योगदान बढ़ना चाहिए। कृषि को लाभकारी बनाने के लिए कोई रणनीति बननी चाहिए। किसानों को राहत देनी

13.00 बजे

चाहिए। कृषि का योगदान आज 16 फीसदी है जबकि 2011-12 में 17 फीसदी था। अध्यक्ष महोदय, अभी नरेश भाई जी ने मुआवजे की बात की, इसलिए मैं इस बारे में ज्यादा नहीं कहना चाहता। यहां बार बार मुआवजे के बारे में बात आती है कि उस समय क्या मुआवजे मिलते थे और इस समय क्या मुआवजे मिलते हैं। मेरा निवेदन है कि उस समय के जमीनों के रेट निकाल लें, मार्किट में जिस रेट पर रजिस्ट्रियां होती थीं वे रेट निकाल लें और आज के रेट निकाल लें तो पता चल जाएगा। ये रेट केवल हरियाणा में नहीं बढ़े हैं बल्कि सारी जगह जमीनों के रेट बढ़े हैं। पंजाब में 2 करोड़ रुपये पर एकड़ मुआवजा दिया जाता है। दिल्ली में और नोयडा में भी जमीनों के दाम बढ़े हैं। किसान की खेती की जमीन के दाम अकेले हरियाणा में नहीं बल्कि पूरे हिन्दुस्तान में बढ़े हैं इसलिए इस मुआवजे के बार बार गुणगान करना ठीक नहीं है। अध्यक्ष महोदय, फैक्ट्स के साथ यहां बात आनी चाहिए कि उस समय मार्किट में किस रेट पर रजिस्ट्रियां होती थीं। मैं मुख्यमंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि फरीदाबाद में गांव बढ़ौली और मिर्जापुर की जमीन सैक्टर 75 और 80 में चली गई। उस समय आई.एम.टी. के लिए भी जमीन अर्जित की गई थी। इन दोनों बढ़ौली और मिर्जापुर गांवों की जो जमीन एक महीना पहले अर्जित की गई थी उसका मुआवजा 16 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से दिया गया जबकि आई.एम.टी. के लिए जो जमीन अर्जित की गई है उसका मुआवजा 24 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से दिया गया है। बढ़ौली और मिर्जापुर दोनों गांवों के किसानों ने आन्दोलन भी किए और उनके डैलीगेशन मुख्यमंत्री महोदय से भी मिलें लेकिन उनकी जमीनों का मुआवजा नहीं बढ़ाया गया। अध्यक्ष महोदय, यदि आपने आई.एम.टी. की जमीन का मुआवजा बढ़ाकर 42 लाख रुपये कर दिया तो उन दोनों गांवों के किसानों का क्या दोष है जिनकी जमीन भी उन्हीं दिनों एक्वायर की गई थी, उनका मुआवजा क्यों नहीं बढ़ाया गया। मेरा आपसे निवेदन है कि उनका मुआवजा भी कम से कम उनके बराबर कर दिया जाए या उनको लैंड पुलिंग स्कीम के अन्तर्गत ले लिया जाए। आज वे बेचारे अनाथों की तरह सरकारी दफतरों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। अध्यक्ष महोदय, इसी तरह ओला वृष्टि और बारिश के बारे में यहां चर्चा हुई है। गिरदावरी और मुआवजा देने की भी यहां बात आ गई। अध्यक्ष महोदय, बिजली मंत्री जी यहां बैठे हैं। हर बार बिजली के दाम बढ़ा देते हैं। अप्रैल 2012 से सितम्बर 2012 तक एक

अप्रैल से 10 से 15 फीसदी फ्यूल चार्जिज के नाम पर बढ़ा दिए। एक जुलाई, 2012 को 12 पैसे से 28 पैसे और एक सितम्बर 2012 को 17 पैसे से 45 पैसे कर दिए और अब सुनने में आ रहा है कि अप्रैल 2013 से फिर दाम बढ़ाने जा रहे हैं।

**कैप्टन अजय सिंह यादव:** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि ये दाम हरियाणा इलैक्ट्रिसिटी रैगुलेटरी कमीशन बढ़ाता है और इसमें स्टेट की कोई दखल अंदाजी नहीं होती।(विघ्न) इसके लिए गवर्नमैंट अपना कोई प्रपोजल नहीं भेजती है।

**श्री नरेश कुमार बादली :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है कि मैं अपने बड़े भाई कृष्णपाल जी को बताना चाहूंगा कि जनवरी-फरवरी, 2005 में 2.60 लाख रुपये प्रति एकड़ हरियाणा में किसानों को जमीन एक्वायर करने पर मुआवजा दिया जाता था। उसके बाद अप्रैल, 2005 में चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी की जन कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से यह रेट बढ़ाकर 22 लाख रुपये प्रति एकड़ कर दिया। यह बात तथ्य और सत्य है। मेरे भाई कृष्णपाल जी तुकबंदी की बात कर रहे हैं जो कि सत्य से परे है। धन्यवाद।

**श्री रामेश्वर दयाल राजोरिया :** अध्यक्ष महोदय, मेरा भी प्वायंट ऑफ आर्डर है कि 1992-93 में बावल के किसानों की जमीन 60 से 80 हजार रुपये प्रति एकड़ के मुताबिक कांग्रेस की सरकार ने एक्वायर की थी। यह रिकार्ड की बात है। वहां जमीन यह कहकर एक्वायर की गई थी कि वहां के बच्चों को वहां लगने वाली इण्डस्ट्रीज में नौकरियां मिलेंगी लेकिन आज वहां उन लोगों को पोल्यूशन और बीमारियों के अलावा कुछ नहीं मिल रहा। वहां नौकरियां भी बाहर के लोगों को दी जा रही हैं। वहां 60 प्रतिशत लोकल बच्चों को नौकरी मिलनी चाहिए थी।

**Mr. Speaker:** It's not a point of order. It's a suggestion.

**श्री कृष्णपाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, मैं एक सुझाव यह भी देना चाहूंगा कि आज गुड़गांव व मानेसर आटो हब बन गये हैं।

**श्री अध्यक्ष :** कृष्णपाल जी, आप बातें तो अच्छी कर रहे हैं लेकिन यह बतायें कि आप कितना समय और लेंगे ?

**श्री कृष्णपाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, मुझे 15 मिनट का समय और दिया जाये।

**श्री अध्यक्ष :** आपकी पार्टी का सारा समय आप ही लेंगे क्या ? क्या आपकी पार्टी के दूसरे सदस्य नहीं बोलेंगे ? आपको बोलते हुए एक घंटा और पांच मिनट हो गये हैं। प्लीज आप वाईंड अप करें।

**श्री कृष्णपाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, वहां की जो उद्योगपतियों की संस्था है उसने चेतावनी दी है कि गुड़गांव-मानेसर में जो मजदूरों के मामले हैं उनको जल्द से जल्द सुलटाना चाहिए। क्योंकि उन झगड़ों के चलते मारूति सुजूकि जैसी बड़ी कंपनी अपना दूसरा प्लांट लगाने के लिए गुजरात में चली गई है।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है कि माननीय सदस्य श्री कृष्णपाल गुर्जर जी ने तथ्यों को जाने बगैर एक इल्जाम लगाया है कि मारूति उद्योग लिमिटिड हरियाणा से प्लायन कर रहा है। (विघ्न)

**श्री कृष्णपाल गुर्जर :** अध्यक्ष महोदय, मैंने प्लायन की बात नहीं कही है, मैंने दूसरा प्लांट लगाने की बात कही है।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, जहां तक दूसरा प्लांट लगाने की बात है इस बारे में भी मैं माननीय साथी को बताना चाहूंगा कि मारूति उद्योग लिमिटिड अपना दूसरा प्लांट भी उसी प्रिमीसिज में प्लांट (b) लगा रहे हैं जहां पर यह हिंसक इनसीडैंट हुआ था। माननीय सदस्य की जानकारी के लिए मैं बता रहा हूं कृपा जाकर ये चैक कर लें। अध्यक्ष महोदय, मारूति उद्योग लिमिटिड कंपनी एशिया की सबसे बड़ी कंपनी है। इसके अलावा दो और उद्यम मारूति कंपनी हरियाणा में लगा रही है। एशिया की सबसे बड़ी ट्रैक व टैस्टिंग सुविधा आई.एम.टी. रोहतक में लगाने जा रही है और साथ में एक मोटर साईकिल का प्लांट भी वहां लगा रहे हैं। अगर मारूति एक्सपोर्ट के लिए अपनी एक्सपैंशन करना चाहती है तो उन्हें पूरा अधिकार है कि वे देश में या विदेश में कहीं पर भी अपना एक्सपैंशन कर सकते हैं।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** अध्यक्ष महोदय, श्री गुर्जर जी ने यह कहा है कि मारूति उद्योग लिमिटिड कर्मचारियों के झगड़े के कारण अपना दूसरा प्लांट गुजरात में लगाने जा रही है। इस बारे में मैं इनको यह बताना चाहता हूं कि वह इस कारण नहीं जा रही है। इसके साथ-साथ मैं इनको यह भी बताना चाहता हूं कि इस झगड़े से बहुत पहले इसके लिए उन्होंने वहां पर ज़मीन ले रखी है।

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** स्पीकर सर, इसी तरह आप देखेंगे कि हुंडई, जनरल मोटर्स, फोर्ड, रिनॉल्ट, निसान और फॉक्सवैगन ने चैन्नई और पुणे को चुना है। इनमें से अकेले फोर्ड का इनवैस्टमैंट 4000 करोड़ रुपये का है। मैं यह कहना चाहता हूं कि बेहतर होता अगर ये सारी की सारी कम्पनीज़ हरियाणा में आती। मेरा यह निवेदन है कि हरियाणा प्रदेश में इण्डस्ट्रीज़ के लिए माहौल को अच्छा बनाया जाये।

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Sir, on a point of order. With your permission, I want to clarify one thing. गुर्जर साहब को मैं यह बताना चाहता हूं कि जहां यह प्लांट उन्होंने लगाया भी है या और दूसरे प्लांट्स लगें हैं। यह प्रान्त की ज़मीन, बिजनैस प्लैन तथा अनेकों सुविधाएं जो आम आदमी की जेब से जाती हैं, पर निर्भर हैं। ओरिजनली टाटा नैनों जैसा कि गुर्जर साहब फरमा रहे हैं और दूसरे प्लांट्स के बारे में भी ये कह रहे हैं Many companies want to come to Haryana. But the kind of concessions that they were insisting upon were upto conducive to welfare of people of Haryana and the farmers of Haryana. गुजरात में टाटा नैनो और मारूति के लिए जो भी ज़मीन दी गई है, वह 50 रुपये प्रति गज से लेकर 200 रुपये प्रति गज़ के हिसाब से दी गई है। इसके अतिरिक्त उल्टा गुजरात की सरकार ने तो तीन हज़ार करोड़ रुपये से ज्यादा के लगभग ब्याज रहित ऋण भी टाटा नैनो को दिया है। Today the facts are that for every TATA Nano, the TATA manufacturer, the people of Gujarat are paying about Rs. 8000 as subsidy. How can we sacrifice the interest of the farmers and exchequer in that fashion? So, every State takes its own call, depending on its own economy. If they want to give concession like this by giving thousands of acres of land free to industrialists in Gujarat, very well they are welcome to do so. If they want to waive octroi, they want to waive VAT, they want to waive sales tax, they want to give thousands

of crores of rupees interest free, well they are welcome to do so. Haryana will not do so. Haryana will first protect the interests of its farmers, protect the interests of its common men, protect the interests of its exchequer and promote industry also.

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर :** स्पीकर सर, इसी प्रकार से इन्होंने हरियाणा में ग्रोथ की बहुत बातें की हैं कि हर सैक्टर में बहुत ग्रोथ हुआ है। मैं ध्यान दिलाना चाहूंगा कि मैन्युफैक्चरिंग सैक्टर में अगर आप ग्रोथ रेट देखें तो जो वर्ष 2009-10 में 10.5 प्रतिशत था, वह 2011-12 में 4.8 फीसदी रह गई, मैं पूछना चाहता हूं कि यह सब क्यों हुआ। इसी प्रकार से अगर पॉवर सैक्टर में ग्रोथ रेट देखा जाये तो जो वर्ष 2009-10 में 16 फीसदी था वह ग्रोथ रेट वर्ष 2011-12 में 10.6 प्रतिशत रह गया। मैं पूछना चाहता हूं कि यह सब आखिर क्यों ? इसी तरह से कंस्ट्रक्शन सैक्टर में देखें तो जो ग्रोथ 2009-10 में 10.7 फीसदी थी वह 2011-12 में 8.3 प्रतिशत रह गई है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि ऐसा क्यों? सबसे चौकाने वाला तथ्य यह है कि जो रियल एस्टेट में जो ग्रोथ थी जो वर्ष 2005-06 में 20.2 प्रतिशत थी वह 2010-11 में 6.5 और वर्ष 2012 में 8.3 फीसदी क्यों रह गई ? यह ग्रोथ आप देख लीजिए। जब जवाब दिया जाये तो इसके बारे में भी बता दिया जाये। अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा मैं कुछ और चीजों के बारे में भी माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा। स्पीकर सर, सरकार ने तिगांव को तहसील बनाया। इसके लिए हमने पहले भी माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद किया। पिछले बजट सत्र में भी मैंने माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन किया था। राजस्व मंत्री जी भी यहां पर बैठे हैं जो कि उसी जिले से सम्बंध रखते हैं। यह इनका पुराना चुनाव क्षेत्र भी है। मैं यह कहना चाहता हूं कि इसको बनाते समय उसकी भौगोलिक स्थिति का ध्यान नहीं रखा गया। उस समय इन्होंने यह आश्वासन दिया था कि हम उसको ठीक कर लेंगे लेकिन तिगांव के बिलकुल पास जो गांव बदरोला है, लैंडोला है, कोराली है, प्रहलादपुर है, धांदपुर है, छज्जुपुर है, बहादरपुर है और मंझावली है ये वे सारे गांव हैं जो तिगांव की बिलकुल सीमा में हैं इन गांवों को मोहना के साथ जोड़ दिया। वहां के लोग कहते हैं कि उनके लिए तो बल्लभगढ़ ही ठीक था और जो फरीदाबाद के साथ खेड़ी कलां जैसे गांव लगते हैं उनको तिगांव भेज दिया, वे कहते हैं कि उन्हें तो फरीदाबाद ज्यादा सूट करता था। इस बारे में पिछले सैशन में माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्पष्ट आश्वासन दिया था। यह लोगों के हित का मामला है। जिनकी पूरी तरह से सीमा मिली हुई है। इसलिए मेरा निवेदन है कि इस गलती में सुधार करके तिगांव सब-तहसील के साथ लगते गांवों को तिगांव सब-तहसील के साथ ही जोड़ दिया जाये क्योंकि मोहाना जाना उनके लिए बड़ा ही मुश्किल काम है। दूसरी बात मैंने पहले भी कही थी कि तिगांव और मंझावली के दो पुलों को बनाने के लिए माननीय मुख्य मंत्री जी ने 2008 में घोषणा की थी वहाँ से दोनों पुलों पर दो दर्जन से अधिक गांवों का आवागमन रहता है। अब सुनने में आया है कि उस प्रपोजल को रिजैक्ट कर दिया गया है। लोगों को दूर से घूमकर आना पड़ेगा। मैं चाहूंगा कि मुख्य मंत्री जी ने जो घोषणा की थी, इसलिए वे लोकहित में उन पुलों को बनाने का काम करेंगे। अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने पिछले से पिछले बजट में कहा था, आप वह रिकॉर्ड भी निकलवा सकते हैं, इन्होंने कहा था कि अगला बजट सैशन आने से पहले-पहले जो भी अनाधिकृत कालोनियाँ हैं उन सबको मैं एप्रूव कर दूंगा लेकिन अब यह सैशन भी जा रहा है। मैं कह रहा हूँ कि साढे 8 साल निकल गये हैं।

**जन-स्वास्थ्य मंत्री (श्रीमती किरण चौधरी) :** उस बारे में तो हाई कोर्ट का आदेश आ गया है और जो मैटर सबज्यूडिश है उस पर आप कैसे बोल सकते हैं ?

**श्री कृष्ण पाल गुर्जर:** अध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा हूँ कि उस केस की जल्दी से पैरवी करके इन सभी लोगों को राहत देने का काम करें। इसी तरह से फरीदाबाद नगर निगम की सूरजकुण्ड के पास अरबों रुपये की सैंकड़ों एकड़ जमीन पर लगातार कब्जे हो रहे हैं। वह जमीन अरबों रुपये की है। आज के दिन अगर उस जमीन को मार्किट में बेचें तो 20-25 करोड़ रुपये प्रति एकड़ का भाव है। वहाँ पर सड़कें बन रही हैं, बिजली के पोल लग रहे हैं। एक तरफ तो नगर निगम फरीदाबाद कंगाल है, उसके पास कोई पैसा नहीं है, माननीय मुख्य मंत्री जी से वहाँ के अधिकारी मिलते हैं, ठेकेदारों ने काम बंद कर दिया है। तनख्वाहों के लिए पैसे नहीं हैं कभी गुड़गांव नगर निगम से कर्जा दिलवाते हैं कभी मुख्य मंत्री जी उनको दूसरे हैड से पैसा देते हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरा यह कहना है कि नगर निगम की जो इतनी महंगी सम्पत्ति है उसको कब्जों से बचाया जाये। मैं अंत में माननीय मुख्य मंत्री जी से एक बात पूछना चाहूँगा कि आज कल अखबारों में रोज सरकार की उपलब्धियों के विज्ञापन आ रहे हैं। हम देखते हैं कि जब चुनाव आने वाले होते हैं तब इस तरह के विज्ञापन आते हैं। मैं मुख्य मंत्री जी से सिर्फ इतना पूछना चाहता हूँ कि क्या चुनाव नजदीक हैं। अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए समय दिया उसके लिए आपका धन्यवाद।

**श्री रामपाल माजरा(कलायत):** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका देकर मुझ पर बड़ी अनुकम्पा की है, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। सर, बजट से बहुत उम्मीदें होती हैं। किसान सोचता है कि उसे कोई राहत मिलेगी, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी सबको उम्मीद होती है। उम्मीद में जब यह बजट लोगों के पास गया तो लगता है कि बजट दिशाहीन है, इसमें कोई उद्देश्य नहीं है। स्पीकर सर, न इसमें कोई डिलीवरी है, न कोई गवर्नैंस है और न कोई विजन है और लगता है कि हरियाणा की सरकार को जिस प्रकार से खंडित जनादेश लोगों ने दिया था, उसी प्रकार से यह लगता है कि बजट और सरकार आइ.सी.यू. में वैंटिलेटर पर है आगे न जाने राम क्या होगा ? अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जो से पूछते कुछ हैं, बताते कुछ हैं, पर मैं उन बातों में न पड़कर बजट के मेन मुद्दों के बारे में कहना चाहता हूं। जिस प्रकार से बजट की रिवायत है कि कर रहित बजट केवल मेजें थप थपाने के लिए ही प्रस्तुत किया जाता है। सर, पहले भी 2011-12 में बजट प्रस्तुत किया गया था तब कहा गया था कि बजट टैक्स रहित है और मेजें थप-थपाई गई। 2012-13 में बजट पेश किया गया तब भी कहा गया कि बजट टैक्स रहित है और मेजें थप-थपाई गई परन्तु बजट प्रस्तुत करने के बाद कभी वैट, कभी वैट पर सरचार्ज बढ़ाया गया, बिजली के रेट बढ़ाए गए, रोड़वेज का किराया बढ़ाया गया। स्पीकर सर, आज जो बजट प्रस्तुत किया है उसके लिए क्या वित्त मंत्री जी यह आश्वस्त करेंगे कि इसके बाद प्रदेश की जनता पर कोई टैक्स नहीं लगाएंगे और आगे किसी प्रकार के बिजली के रेट नहीं बढ़ाएंगे। जैसा कि एक प्रस्ताव में मेरे मित्र कृष्ण पाल गुर्जर जी ने बताया है कि अभी 5700 करोड़ रुपये का बजट आने जा रहा है। स्पीकर सर, अगर बजट का आकार देखेंगे तो कुल प्राप्तियां 65 हजार 745 रुपये हैं। राजस्व व भिन्न-भिन्न राजस्व मदों में 43780.33 करोड़ रुपये हैं और कर्जे 21648.13 करोड़ रुपये हैं यानि कि जितनी राशि की प्राप्तियां होंगी उसमें से आधी राशि तो लोन और उसके इंट्रस्ट की पेमैंट में चली जाएगी। स्पीकर सर,

50% लोन है तो कब तक लोन लेकर गुजारा करते रहेंगे। आधारभूत ढाचे के ऊपर घरेलू उत्पाद का पूंजीगत खर्चा 1.56% है जो शायद हरियाणा बनने के बाद आज तक का सबसे कम खर्चा है। आधारभूत ढांचे के ऊपर जो खर्चा होता है इन्फ्रास्ट्रेक्चर उसी से बनता है। स्पीकर सर, कैपीटल एक्सपैंडीचर सन् 2005-06 में 1.68 था, 2006-07 में 2.08 था, 2007-08 में 2.44 था, 2008-09 में 2.37 था, 2009-10 में 2.25 था, 2010-11 में 1.72 था, 2011-12 में 1.62 था, और 2012-13 में गिर कर 1.56 रह गया। स्पीकर सर, यह बहुत चिन्ता का विषय है। सरकार जब खुद कुछ करने में नाकामयाब हो जाती है तो फिर पी०पी० मॉडल का सहारा लेती है। वित्त मंत्री जी ने अपने बजट अभिभाषण में सड़कें, राज मार्ग, स्वास्थ्य व देखभाल, शिक्षा, दक्षता, विकास, शहरी परिवहन प्रणाली, जन स्वास्थ्य, स्वच्छता शहरी और ग्रामीण विकास के कार्य पी०पी० मॉडल के सहारे छोड़ दिए हैं। सर, वित मंत्री जी ने अपने बजट में जो आंकड़े प्रस्तुत किए हैं उनसे साफ जाहिर होता है कि वेतन और पैंशन पर बजट का 38% हिस्सा चला जाएगा और पिछला कर्जा और ब्याज की अदायगी में बजट का 30% चला जाएगा। स्पीकर सर, सेवाओं और ग्रांट में 8% चला जाएगा। यानि कि बजट का 76% हिस्सा तो इन्हीं अदायगियों में चला जाएगा। रिपेमैंट ऑफ लोन, पैंशनज और ग्रांटस की वापसी करेंगे तो विकास किस बात का करेंगे। स्पीकर सर, ये विकास किससे कर पाएंगे। 24% पैसा बचा है इससे ये क्या करना चाहते हैं। प्रदेश की जनता पहले ही कर्जे से कराह रही है। आज हरियाणा बनने के बाद 39 वर्ष में 67772 करोड़ रुपये का कर्जा है।

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा)** : अध्यक्ष महोदय, मेरे साथी बहुत तजुर्बेकार रहे हैं, सरकार में भी रहे हैं, जो डैट और जी०एस०डी०पी० होती है वह इसी रेशों में देखी जाती है। Speaker Sir, debt and GSDP ratio also declined favourably. It has been 16.50% in 2012-2013 and 16.47% during 2013-14 which are much within the target *i.e.* 22.8% prescribed by the 13th Finance Commission. आप ये देखें कि जब आपकी सरकार थी उस समय कर्जे की जी०एस०डी०पी० की क्या रेशो थी और आज क्या है ? जो पैमाने हैं उसी से तो नापा जाएगा।

**श्री रामपाल माजरा** : सी०एम० साहब, जब जवाब देंगे तो सारी बातों के बारे में बता देंगे। ये पर्ची चट्ठा साहब को दे दें। स्पीकर सर, हरियाणा बनने के बाद 39 वर्ष में हरियाणा प्रदेश पर 23319 करोड़ रुपये कर्जा था और कांग्रेस सरकार के 8 वर्ष के दौरान 44353 करोड़ रुपये कर्जा हो गया यानि कि 8 वर्ष में कर्जा ही कर्जा है। हरियाणा में जो बच्चा जन्म लेगा उसके सिर पर 27 हजार रुपये का कर्जा होगा।

**Industries Minister (Sh. Randeep Singh Surjewala):** The Chief Minister has already clarified that it is the norms of the Finance Commission which determines the norms of Gross State Domestic Product ratio to debt of the State. My learned friend should again read the norms of the Finance Commission which are applied to the whole country. मेरे काबिल दोस्त आप से अनुरोध है कि कृपया घर जाकर दोबारा से फाईनैंस कमीशन की वैबसाईट पर यह नॉमर्ज पढ़ लें।

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा):** अध्यक्ष महोदय, इन्होंने बजट पढ़ा तो है लेकिन ये लोग सदन को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। (विघ्न)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** स्पीकर सर, मुझे यह शक है कि इन लोगों ने इसे अच्छी तरह पढ़ा नहीं है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा:** सुरजेवाला जी, आपका बजट तो कर्जा ही ज्यादा बता रहा है।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** स्पीकर सर, मेरे काबिल दोस्त घर पर बजट को अच्छी तरह से पढ़कर नहीं आये हैं। आज तो यह सदन में बिना तैयारी के ही आये हैं। कागज तो यह लोग कभी पढ़ते ही नहीं हैं। मैं इनकी जानकारी के लिए बता दूं कि तेरहवें फाईनेंस कमीशन के जो नॉर्म्ज हैं वे सभी उनकी वैबसाईट पर उपलब्ध हैं जहां ये जब चाहे पढ़ सकते हैं। फाईनेंशियल रेगुलेशन में और डैब्ट-जी.एस.डी.पी. में Haryana is one of the best performing State, kudos to Finance Minister Sahib, it has come down. (इस समय मेजें थप-थपाई गई।)

**श्री राम पाल माजरा:** स्पीकर सर, जो बजट के आंकड़े इन्होंने खुद प्रस्तुत किए हैं तथा माना भी है कि जितना इनके ऊपर कर्जा है उसके ब्याज के रूप में वर्ष 2008-09 में 2339 करोड़ रुपये तो केवल ब्याज के ही दिये गये थे और आज वर्ष 2013-14 में बढ़कर इस कर्ज की ब्याज की राशि के रूप में 6302 करोड़ रुपये देने पड़ेंगे। इस बात का जिक्र तो 'बजट एट ए ग्लॉस' में भी किया गया है। Interest payment revenue receipt at page 14 बताता है कि वर्ष 2005 से लेकर वर्ष 2006 तक में ब्याज की राशि 2100 करोड़ रुपये जो आज बढ़कर 6302 करोड़ रुपये हो गई है। इतना पैसा तो अकेले ब्याज में ही चला जायेगा तो फिर विकास के नाम पर क्या बचेगा। राजस्व घाटा 2443.23 करोड़ रूपया दिखाया गया है जोकि 13वें वित्त आयोग की सिफारिश के हिसाब से शून्य होना चाहिए था और एक्ट भी है पर यह शून्य हो नहीं सका। हमारी सरकार में रिवेन्यू डेफिसिट शून्य हुआ करता था। हमारी सरकार द्वारा किये गये प्रयासों का असर वर्ष 2006-07 से लेकर वर्ष 2008 तक भी रिवेन्यू सरप्लस में आता रहा था (विघ्न)

**Shri Randeep Singh Surjewala:** Speaker Sir, I have a point of order. मेरे दोस्त यह कहकर कि उनके समय में रिवेन्यू डेफिसीट शून्य हुआ करता था, एक बार फिर सदन को गुमराह कर रहे हैं। मैं इनको याद दिलाना चाहूंगा कि इन्होंने वर्ष 2004-05 में बजट तो 2100 करोड़ रुपये का पेश किया था लेकिन ये केवल 1800 करोड़ रुपये ही इक्ट्ठा कर पाये थे। बजट के पैसे भी यह लोग पूरे इक्ट्ठे नहीं कर पाये थे। आज 30000 करोड़ का बजट पेश किया गया है (मेजें थपथपाई गई।) ये बोलने से पहले कम से कम अपने आंकड़ें और तथ्य तो देख लें......(विघ्न)

**श्री राम पाल माजरा :** स्पीकर सर, जहां राजस्व घाटा 2443.23 करोड़ है वहीं राजकोषीय घाटा भी बढ़ रहा है। एस्टीमेटिड राजकोषीय घाटा 8975.97 करोड़ रुपये दिखाया गया जो कुल मिलाकर 11419.2 करोड़ रुपये हो जायेगा। इस तरह से राजस्व घाटा भी बढ़ रहा है, राजकोषीय घाटा भी बढ़ रहा है और नॉन प्लान का घाटा भी 20 प्रतिशत बढ़ रहा है।

**श्री अध्यक्ष:** माजरा जी, जब यह जीरो बजट घाटा हुआ करता था तो उस समय आपके वित्त मंत्री कौन थे?

**श्री आनन्द सिंह दांगी:** स्पीकर सर, वह प्रो. सम्पत सिंह जी ही थे जिनकी वजह से यह शून्य घाटा हुआ था। (हंसी)

**श्री राम पाल माजरा:** जी सर, उस समय प्रो. संपत सिंह जी हमारे वित्त मंत्री हुआ करते थे। (हंसी).... (विघ्न) इसको बताने में क्या हर्ज है ? आप उनसे पूछ लो कि यह घाटा शून्य था या नहीं। (विघ्न) वह इस बात का जवाब दे देंगे। सरकार का कई घटकों और विभागों में पैसा घटा है। कई विभागों में विकास दर 11 प्रतिशत से 7.1 प्रतिशत रह गई है और वर्ष 2011-12 में जहां जी.एस.डी.पी. का कंट्रीब्यूशन 16.7 प्रतिशत था वह 2012-13 में 16 प्रतिशत रह गया, जिसको वित्त मंत्री जी ने खुद माना भी है। सिंचाई पर बजट वर्ष 2012-13 में 3.61 प्रतिशत था जो अब घटकर 3.39 प्रतिशत रह गया है जो कि 0.29 प्रतिशत कम है। बिजली में वर्ष 2012-13 में 9.60 प्रतिशत था वह वर्ष 2013-14 में 7.91 प्रतिशत हो गया है यानी कि 1.69 प्रतिशत कम रह गया है, शिक्षा में 15.39 प्रतिशत से घटकर 14.77 प्रतिशत हो गया यानी 0.62 प्रतिशत कम हो गया है। इसी तरह से सड़क और भवन निर्माण में 4.71 परसैंट से घटकर 2013-14 में 4.28 परसैंट हो गया है जो कि 0.43 परसैंट कम हो गया। इसी तरह से जनस्वास्थ्य सेवाओं में 4.06 प्रतिशत था जो कि 2013-14 तक 3.49 प्रतिशत हो गया इसमें .7 प्रतिशत की कमी हुई। यातायात में 2.78 प्रतिशत था, 2013-14 में 2.47 प्रतिशत रह गया इसमें भी 0.31 प्रतिशत की कमी हुई। पुलिस में 3.62 प्रतिशत था, जो कि 3.20 प्रतिशत हो गया और 0.32 परसैंट की कमी रही। इसी प्रकार से खुद इनके इस बजट को दि ट्रिब्यून अखबार ने लिखा है "The Budget is an accountant dull exercise, with no focus on gray areas a political vision for the State is missing." सर, सबसे अहम विभाग कृषि का है। इन्होंने कृषकों के लिए किसान आयोग भी बनाया है। गेहूं के बारे में खुद इन्होंने माना है कि हमें कृषि कर्मण पुरस्कार मिला है। इस प्रकार कृषि विकास में मध्य प्रदेश सबसे ऊपर रहा। सिर्फ एक फसल में हरियाणा प्रदेश आगे रहा है जिसका हमें गौरव मिला है। सारी फसलों में मध्य प्रदेश आगे रहा है और दूसरे नंबर पर तमिलनाडु 16.67 प्रतिशत के साथ सभी फसलों में है। हरियाणा गेहूं में और झारखण्ड दाल में आगे रहा है। गेहूं का खुद कृषि विभाग ने माना कि उत्पादन मूल्य 1613 रुपये आंका है। गवर्नमैंट ऑफ हरियाणा ने सिफारिश 1650 रुपये की की और किसान को 1350 रुपये मात्र मिले। (विघ्न)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** ऑन ए प्वायंट ऑफ ऑर्डर स्पीकर सर। अध्यक्ष महोदय, मेरे काबिल दोस्त इस बजट का पेज 41 यदि पढ़ लेते तो शायद उनको ये आंकड़े प्रस्तुत करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। मैं इनका ध्यान इस बात की ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि बजट का जो पेज 41 है उसमें तीन बातें कही गई हैं। हाईऐस्ट व्हीट प्रौडक्टिविटी के लिए राष्ट्रपति जी ने मुख्यमंत्री जी को कृषि कर्मण पुरस्कार दिया। इसके साथ साथ बासमती चावल है उसका 60 प्रतिशत निर्यात अकेले हरियाणा प्रदेश से होता है जिसकी कुल आबादी देश की जनसंख्या के अनुपात में 1.9 प्रतिशत है। (इस समय मेजें थपथपाई गईं।) वर्ष 2010-11 के अंदर 1869 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर उत्पादकता सरसों की हासिल करके हरियाणा देश में पहला राज्य है। 45 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से गन्ने के न्यूनतम मूल्यों में इजाफा करने वाला भी हरियाणा राज्य पहला बेहतरीन प्रान्त है। ये कम से कम सदन को गुमराह तो न करें। अभी भी हरियाणा के मुख्यमंत्री जी ने पत्र लिखकर प्रधानमंत्री जी से अनुरोध किया है कि गेहूं का अतिरिक्त 200 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बोनस दिया जाए। किसान की समस्या को लेकर यह सरकार व यू.पी.ए. की चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी और डॉक्टर मनमोहन सिंह जी के

नेतृत्व वाली सरकार पूर्णतया गंभीर है और सबसे बेहतरीन जींस के भाव अलग अलग फसलों के हमने दिये हैं।

**श्री राम पाल माजरा :** अध्यक्ष महोदय, जीरी की उत्पादन लागत 1556 रुपये प्रति क्विंटल मानी है और एम.एस.पी.1280 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, यह भी किसान को नहीं मिला है। 150-200 रुपये एम.एस.पी. देने में पर्चा तो पूरा काट दिया लेकिन किसान को मिले नहीं हैं। यह इस बात का जीता जागता प्रमाण है कि गुहला चीका मंडी में मुकदमा नंबर 178 दिनांक 12 दिसंबर, 2012 धान घोटाले में किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिला, पर दर्ज हुआ और सर जहां तक ये कह रहे हैं कि हमने किसानों के गन्ने के भाव ज्यादा दिये, किसान को गन्ने के दाम हमेशा ज्यादा मिलते थे। केवल आपकी सरकार ने कम दिये हैं। (विघ्न)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, मैं ऑन ए प्वायंट ऑफ आर्डर बोलना चाहता हूं। जब माजरा साहब की पार्टी की सरकार थी उस समय ये पांच साल तक सत्ता में रहे लेकिन इन्होंने गन्ने का भाव एक रुपया भी नहीं बढ़ाया। इसके बारे में आप हाउस की कमेटी बना कर देख लें। जब चुनाव का समय आया तो इन्होंने गन्ने का भाव दस रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया था वह भाव भी कांग्रेस पार्टी की सरकार आने के बाद किसानों को दिया गया। इन्होंने पांच साल के अन्दर गन्ने का भाव एक रुपया भी नहीं बढ़ाया। आज ये किसान के भले की बात करते हैं।

**श्री रामपाल माजरा:** स्पीकर सर, मैंने गन्ने की बात की तो मंत्री जी खड़े हो गये। हरियाणा प्रदेश में गन्ने की अगेती फसल का भाव 276 ₹ प्रति क्विंटल है जबकि उत्तर प्रदेश में गन्ने की अगेती फसल का भाव 290 ₹ प्रति क्विंटल है और उत्तराखण्ड में गन्ने की अगेती फसल का भाव 295 ₹ मिलता है। इसी प्रकार से गन्ने की मध्यम फसल का भाव हरियाणा में 271 ₹ प्रति क्विंटल है जबकि उत्तरप्रदेश में मध्यम फसल का भाव 281 ₹ प्रति क्विंटल है और उत्तराखण्ड में गन्ने की मध्यम फसल का भाव 285 ₹ प्रति क्विंटल है। इसके अलावा अगर किसान गन्ना बोता था तो वर्ष 2009-10 में किसानों को प्रोत्साहन राशि दो हजार ₹ प्रति एकड़ के हिसाब से मिलती थी जिसको वर्ष 2010-11 में 1500 ₹ प्रति एकड़ के हिसाब से किया गया और वर्ष 2011-12 में इस प्रोत्साहन राशि को घटाकर 1000 ₹ प्रति एकड़ कर दिया गया और अब वर्ष 2012-13 में इस प्रोत्साहन राशि को निल करके बिल्कुल खत्म कर दिया गया है।

**सहकारिता मंत्री (श्री सतपाल):** स्पीकर सर, माननीय साथी ने गन्ने के भाव बढ़ाने की बात की है। सरकार द्वारा गन्ने का भाव बढ़ाने के बाद शायद माननीय सदस्य अपनी कान्सटीच्यूंसी में नहीं गये हैं। मैं खुद कैथल शुगर मिल में गया था और वहां पर तकरीबन 500 किसानों से मिला था। मैं यह बात सदन में बता रहा हूं कि जब मैंने गन्ने के भाव के बारे में उनसे पूछा तो वे किसान माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की जय जयकार के नारे लगाने लग गये। अगर ऐसी बात नहीं है तो माननीय सदस्य मेरे साथ चलें इनको सारा पता चल जायेगा (शोर एवं व्यवधान) जहां तक यू.पी. का सवाल है.......... (शोर एवं व्यवधान) कोई बन्द नहीं की है। माननीय सदस्य मेरे साथ चलें तो सही। अगर हर किसान को एक एकड़ में 50 हजार ₹ से कम फायदा हो तो ये बात करें। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री रामपाल माजरा:** अध्यक्ष महोदय, मैंने किसानों को प्रोत्साहन राशि के बारे में कहा है। माननीय मंत्री जी यह बता दें कि सरकार ने किसानों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को बन्द

किया है या नहीं ? मैंने प्रोत्साहन राशि जो किसानों को प्रति एकड़ दो हजार रुपये के हिसाब से मिलती थी उसके बारे में कहा है। मण्डूसी मार दवाई का मार्केट भाव 180 रुपये है जबकि इस पर किसानों को 50 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाती है। लेकिन यह दवाई किसानों को हरियाणा बीज विकास निगम द्वारा सब्सिडी के बाद 149 रुपये के हिसाब से मिलती है। मण्डूसी मार दवाई में एक बहुत बड़ा घोटाला है। इसी प्रकार से फव्वारा सैट का रेट भी सरकार द्वारा 50 प्रतिशत सब्सिडी देने के बावजूद भी गुजरात के रेट से डेढ़ गुणा ज्यादा है जबकि वहां 60 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाती है।

**श्री अध्यक्षः** माजरा जी, आप वाईंड अप कीजिए आपको बोलते हुए 25 मिनट हो गये हैं।

**श्री रामपाल माजराः** अध्यक्ष महोदय, हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, हिसार ने एक भी नये बीज की रिसर्च नहीं की है। न तो धान की रिसर्च की है और न ही कोई बीज तैयार किया है। सरकार द्वारा बड़े ढोल पीटे गए, रोजाना एडवर्टाइजमैंट आती है कि किसानों की जमीन अब नीलाम नहीं होगी। फिर भी किसानों की जमीन के नीलामी के नोटिस दिए गये हैं। किसानों से चैक खुले लिए जाते हैं। खाली चैक लिये जाते हैं और उसके बाद उन चैक्स को डिसआनर करके उनके खिलाफ 138 के मुकदमें बनाये जाते हैं। उसके बाद किसानों की जमीन नीलाम करने के नोटिस जारी कर दिए जाते हैं। मैं माननीय मुख्यमंत्री जी से कहना चाहता हूं कि वे माननीय वित्त मंत्री जी को कहें कि वे अपने जवाब में सदन में यह आश्वासन दें कि आगे से किसानों के साथ ऐसा नहीं किया जायेगा।

**श्री नरेश कुमार बादलीः** अध्यक्ष महोदय, माजरा साहब की सरकार जब सत्ता में थी तो इनकी सरकार के समय में सहकारी बैंकों के कर्ज के पांच हजार रुपये के लिए किसानों का जीप पीछा करती थी और उनको पकड़ा जाता था और उनको बैंक में ही बन्द करके जालियों में से खाना डाल दिया जाता था। ये आज इस तरह की बात किस मुंह से कह रहे हैं। रामपाल माजरा जी मेरे बड़े भाई साहब हैं। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि क्या इनकी सरकार के समय ऐसा काला कानून था या नहीं ? अगर यह काला कानून था तो उस काले कानून को किसने खत्म किया यह कृपा सदन में बता दें।

**श्री रामपाल माजराः** अध्यक्ष महोदय, राज्यपाल महोदय द्वारा उनके अभिभाषण में 22 तारीख को यह कहा गया था कि हम एस.वाई.एल. लिंक नहर को लेकर आयेंगे। जबकि उसके नौ दिन बाद बजट पेश हुआ जिसमें एस.वाई.एल. नहर के लिए एक पैसा भी नहीं दिया गया है। अध्यक्ष महोदय, राज्यपाल के अभिभाषण में यह भी कहा गया है कि लखवार-व्यासी बांध पर जल संसाधान मंत्रालय की तकनीकी मूल्यांकन समिति से सहमति मिल गई है और रेणुका बांध के लिए पर्यावरण से अगले चरण में मंजूरी मिल जाएगी परंतु इनके ऊपर भी एक पैसा खर्च करने के लिए बजट में प्रावधान नहीं किया गया है। अध्यक्ष महोदय, शिक्षा एक अहम मुद्दा है जिस पर आप भी सुनना चाहते हैं, इस पर भी बजट कम किया गया है। शिक्षा पर प्वांयट 62 परसैंट बजट कम कर दिया गया है। हरियाणा में मिड डे मील, डियुल डैस्क या एजूसैट के बारे में कहकर मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा क्योंकि ये सारे कमीशनखोरी के काम हैं। आज कोई एजूसैट काम नहीं कर रहा। जनरेटर सैट तो दे दिए लेकिन उनमें तेल नहीं है।

**श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल:** अध्यक्ष महोदय, ये फ्लोर आफ दि हाउस बिल्कुल गलत स्टेटमैंट दे रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में मैक्सीमम बजट अलॉट किया गया है। जहां तक एजूसैट की बात है तो प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा एजूसैट काम कर रहे हैं।

**श्री अध्यक्ष :** माजरा जी, आप वाइंड अप करें। आपको बोलते हुए 30 मिनट हो चुके हैं।

**श्री रामपाल माजरा:** अध्यक्ष महोदय, आरोही स्कूल खोलने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। इनका खुद का गांव रामगढ़ है जो मेरे हल्के में पड़ता है वहां आरोही स्कूल खोला गया है।

**Mr. Speaker:** Mr. Majra, as other members of your party would also like to speak so, please conclude in one minute.

**श्री रामपाल माजरा:** अध्यक्ष महोदय, मैं ही बोलूंगा और कोई नहीं बोलेगा।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** अध्यक्ष महोदय, पार्टी के व्यवहार को यह दर्शाता है कि ये कह रहे हैं कि और कोई नहीं बोलेगा और मैं ही बोलूंगा that shows the behaviour of their party.

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा:** अध्यक्ष महोदय, टाइम निकाल कर देख लीजिए। कृष्णपाल जी को एक घंटा बोलने के लिए दिया गया और रामपाल माजरा को बोलते हुए 35 मिनट हुए हैं और उसमें से भी 20 मिनट ये खा गए इसलिए इन्होंने अभी 15 मिनट ही बोला है और उस पर भी आप वाइंड अप करने के लिए कह रहे हैं।

**श्री रामपाल माजरा:** अध्यक्ष महोदय, महर्षि दयानंद यूनीवर्सिटी की छत पर उत्तर पुस्तिकाएं पड़ी हुई हैं। बच्चों ने रिवैल्यूएशन के लिए एप्लाई किया तो पहले जीरो नम्बर और फिर 72 नम्बर हो जाते हैं। अध्यक्ष महोदय, ये कहते हैं कि हमने हरियाणा में 546 तकनीकी कालेजिज खोल दिए लेकिन उनमें 48 परसैंट सीटें खाली पड़ी हैं क्योंकि घर घर कालेज खोल दिए गए हैं। इसलिए न इन कालेजिज की कोई उपयोगिता है और न ही इनमें कोई लाइब्रेरी है और न ही इनमें एग्जाम का कोई सिस्टम है। इसलिए समान शिक्षा की बात ये सरकार ऐसे ही कर रही है। अध्यक्ष महोदय, आरोही स्कूलों की जहां तक बात है, इनका गांव रामगढ़ जो मेरे हल्के में पड़ता है वहां आरोही स्कूल खोला गया। वहां अध्यापक तो 13 हैं लेकिन छात्र जीरो हैं। राजौंद ब्लॉक सोगरी गुलाना मेरे हल्के में पड़ता है वहां अध्यापक तो 14 हैं और छात्र 40 हैं। (विघ्न)

**श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल:** अध्यक्ष महोदय, हमारे साथी ने कई नाम गिनवा दिए। इसलिए मैं इनको बताना चाहूंगी कि इनका एजूकेशनली बैकवर्ड ब्लाक था वहां सरकार ने बहुत से आरोही स्कूल खुलवा दिए इसके लिए इनको धन्यवाद करना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, जब से ये स्कूल बने हैं पहले तो हमने इनमें एडमिशन करवाए लेकिन दूसरी तरफ चाहे मैं शिक्षा मंत्री हूं लेकिन एक बात मेरी समझ में नहीं आती कि जहां जहां से लोकदल के एम.एल.ए. चुनकर आते हैं वहां चाहे मॉडल स्कूल खोल दें या दूसरे स्कूल खोल दें, पता नहीं बच्चे पढ़ने के लिए क्यों नहीं आते।(विघ्न) अध्यक्ष महोदय, इन्होंने रामगढ़ का कहा है तो मैं कहना चाहूंगी कि कलायत मेरी कांस्टीच्युंसी है और मेरी खुद की ससुराल है। रामगढ़ पांडवा मेरा खुद का गांव है, वहां पर मॉडल स्कूल खोले गए हैं, उसमें पहले तो ये कहते थे कि टीचर्स नहीं हैं तो हमने टीचर्स की भी अप्वाइंटमैंट करवा दी। वहां हमने फर्नीचर भिजवा दिए और एग्जाम की भी डेट रख दी। अध्यक्ष महोदय, सारे हरियाणा में एजूकेशनली बैकवर्ड ब्लॉक्स में आरोही स्कूल खोले जाने की

बात हो तो पूरे हरियाणा में से सिरसा जिले में ज्यादा से ज्यादा आरोही स्कूल खोले गए हैं। जहां जहां से लोकदल के मैम्बर्ज हैं वहां वहां पर भारत सरकार द्वारा एजूकेशनली बैकवर्ड ब्लॉक्स डिक्लेयर किए गए हैं और हमने इन स्कूलों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाए जाने का प्रावधान किया है।

**श्री रामपाल माजरा :** अध्यक्ष महोदय, हरियाणा राज्य को निर्मल करने का बीड़ा प्रदेश सरकार ने उठाया है लेकिन मैं बताना चाहूंगा कि आज प्रदेश के 14.80 लाख परिवारों के घरों में शौचालय नहीं हैं जिनमें से 1302894 परिवार ग्रामीण आंचल में हैं।(विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** माजरा जी, आपको बोलते हुए 35 मिनट हो गये हैं।

**श्री रामपाल माजरा :** अध्यक्ष महोदय, मुझे थोड़ा समय और दिया जाये। मैं कह रहा था कि 1.70 लाख परिवार शहरों में ऐसे हैं जिनके पास शौचालय नहीं हैं। अध्यक्ष महोदय, आज भी मैला ढोने की प्रथा है जिसे खत्म किया जाना चाहिए।

**श्री अध्यक्ष :** आपको बोलते हुए 35 मिनट हो गए हैं। प्लीज आप बैठें।

**श्री रामपाल माजरा :** अध्यक्ष महोदय, मुझे थोड़ा समय और दिया जाये नहीं तो अन्याय हो जायेगा। सर, मैं यह कहना चाह रहा था कि ग्रामीण विकास पर सरकार ने केवल 44.45 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। डी प्लान स्कीम को दोबारा से कांस्टीच्यूट कर दिया गया और डिवैल्पमैंट एंड मोनिटरिंग कमेटी बनाई गई फिर भी पिछले साल अंबाला, कैथल, पंचकुला, फतेहाबाद, झज्जर, पानीपत, करनाल आदि शहरों का 67 करोड़ रुपये लैप्स हो गया। अध्यक्ष महोदय, इसी प्रकार से आज यदि इस बजट को देखेंगे जिसके 48 पन्ने हैं और मेरे ख्याल से 141-142 पैराग्राफ हैं जिनमें से करीबन 60 पैराग्राफ रोहतक से ही संबंधित हैं। एच.आर.डी.एफ. पूरे प्रदेश से इकट्ठा किया जाता है और मेरे भाई यह सोच लें कि इन्होंने 8 वर्ष में प्रदेश को क्या दिया है और कहते हैं कि इन्होंने बहुत विकास कर दिया है। अध्यक्ष महोदय, इन्होंने प्रदेश का विकास नहीं बल्कि विनाश किया है। आठ वर्ष में इन्होंने अम्बाला में केवल 64 करोड़ रुपये दिए हैं। इसी तरह से फतेहाबाद और कुरूक्षेत्र में 41-41 करोड़, मेवात में 35 करोड़, पलवल में 22 करोड़, पंचकुला में 13 करोड़ रुपये एच.आर.डी.एफ. के तहत दिए गए हैं जबकि अकेले रोहतक में 229 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसी तरह से झज्जर में 275 करोड़ रुपये दिए गए हैं। (विघ्न)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है कि मंत्री जी ने रूरल और अर्बन का पूरा डाटा दिया है और माननीय साथी की सारी बातें तथ्यों से परे हैं। यह सारा डाटा सदन के पटल पर आ चुका है। (विघ्न)

**श्री अध्यक्ष :** माजरा जी, प्लीज आप बैठें।

**मुख्यमंत्री (श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा):** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है कि माननीय साथी सदन को गुमराह कर रहे हैं। यदि जिले में किसी भी तरह का विकास होता है जैसे रूरल डिवैल्पमैंट की बात है, उसमें एच.आर.डी.एफ., पंचायत, रूरल डिवैल्पमैंट और फाईनैंस कमीशन का पैसा लगता है। मैं सदन की जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि अम्बाला में विपक्ष की सरकार के समय में 88 करोड़ रुपये और हमारे समय में 415 करोड़ रुपये लगाये गये हैं। इसी तरह से भिवानी में इनके समय में 174.69 करोड़ रुपये और हमारे समय

[ श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ]

में 704 करोड़ रुपये लगा है। इसी तरह से फरीदाबाद में इनके समय में 88 करोड़ रुपये और हमारे समय में 199 करोड़ रुपये से ज्यादा लगा है। इसी तरह से हिसार में इनके समय में 123.28 करोड़ रुपये और हमारे समय में 676.81 करोड़ रुपये लगा है। इसी तरह से जींद में इनके समय में 107.40 करोड़ रुपये और हमारे समय में 513 करोड़ रुपये लगा है। इसी तरह से सिरसा में इनके समय में सबसे ज्यादा पैसा 195.67 करोड़ रुपये और हमारे समय में 679.31 करोड़ रुपये लगा है। अध्यक्ष महोदय, विपक्ष के साथी गलत आंकड़े बताकर सदन को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। इन्होंने अपने समय में सिरसा में सबसे ज्यादा पैसे लगाये थे यह रिकार्ड की बात है। इसी तरह से रोहतक में इनके समय में 70.36 करोड़ रुपये और हमारे समय में 570 करोड़ रुपये लगा है। अध्यक्ष महोदय, हमने रोहतक से ज्यादा पैसा तो सिरसा में 679.31 करोड़ रुपये लगाया है फिर भेदभाव कहां से हो गया। (इस समय मेजें थप-थपाई गई )।

**श्री अभय सिंह चौटाला(ऐलनाबाद):** अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वाइंट ऑफ आर्डर है कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि इन्होंने कोई भेदभाव नहीं किया और पूरे प्रदेश में समान रूप से पैसे खर्च किए हैं। मैं एक उदाहरण बताना चाहूंगा माजरा जी ने तो पढ़कर बताया है मैं केवल इतना कहना चाहूंगा, कि 7 जिले जिनको उत्तरी हरियाणा कहा जाता है वहां केवल 391 करोड़ रुपये इन्होंने खर्च किए हैं और अकेले रोहतक में 728 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह क्या है ?

**श्री अध्यक्ष :** छोटा सा हरियाणा है इसे आप उत्तरी-दक्षिणी हरियाणा में क्यों बांट रहे हो ?

**श्री अभय सिंह चौटाला :** अध्यक्ष महोदय, इस बारे में आप इनसे पूछो इनको पता है। इन्होंने केवल रोहतक में ही 728 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** स्पीकर सर, विपक्ष के साथी उत्तरी हरियाणा की बात कर रहे हैं तो मैं इनको बताना चाहूंगा कि अकेले अम्बाला में इनके समय में 88.71 करोड़ रुपये खर्च किये गये और हमारे समय में अम्बाला में 415.78 करोड़ रुपये खर्च किये गये। (इस समय मेजें थपथपाई गई। ) मैं इनको यह कहना चाहता हूं कि ये सिर्फ एक आईटम को ही न पढ़ें। (शोर एवं व्यवधान) ये तो सरकारी आंकड़े हैं। ये सदन को गुमराह करते हैं इनको तो किसी चीज़ की पूरी जानकारी नहीं है। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री राम पाल माजरा :** स्पीकर सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि स्थानीय निकायों को बजट मुताबिक 54 करोड़ रुपये मिलेंगे। इनको देसी शराब की बोतल पर 5 रुपये, आई.एम.एफ.एल. पर सात रुपये, बीयर पर तीन रुपये मिलेंगे। स्पीकर सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि क्या स्थानीय निकायों को सिर्फ शराब के भरोसे पर ही छोड़ दिया गया है कि वे अपनी डिवैल्पमैंट मात्र इससे करेंगे? इसी प्रकार से दूसरे अदारों के भी घाटे बढ़ रहे हैं। हरियाणा रोडवेज़ का घाटा 247 करोड़ रुपये हो गया है, उत्तरी हरियाणा बिजली वितरण निगम और दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम का घाटा एक्युमिलेटिड 12526 करोड़ रुपये, शूगर मिल्ज़ का 164 करोड़ रुपये, पी.एस.यूज. का घाटा 8622 करोड़ रुपये हो गया है। (विघ्न)

**Mr. Speaker :** Majra Ji, please wind up fast. I am inviting the next speaker. (Interruption)

**श्री राम पाल माजरा :** स्पीकर सर, जो पुलिस फोर्स है वह या तो किसी की एस्कॉर्ट में लगाई हुई है या कहीं और लगाई हुई है। मैं यह कहना चाहता हूं कि इसके रेशनेलाईजेशन की आवश्यकता है। सर, हरियाणा सरकार ने एक-एक विधायक को 19-19 पुलिस सिपाही दिये हुए हैं। मैं कहता हूं कि इनकी क्या जरूरत है। इसके अलावा रोहतक में 73 आदमियों और हिसार में 53 आदमियों को प्राईवेट सिक्योरिटी भी दी हुई है। मैं सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि इसका क्या औचित्य है ? (विघ्न)

**श्री नरेश कुमार बादली :** स्पीकर सर, मेरा प्वायंट ऑफ आर्डर है। हमें भी अपने विधान सभा क्षेत्र के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री विकास पुरुष चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से कुछ मूलभूत सुविधाओं की मांग करनी है, इसलिए हमें भी बोलने का समय दिया जाये। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री राम पाल माजरा :** स्पीकर सर, आज प्रदेश के सभी कर्मचारी आंदोलन की राह पर हैं। (विघ्न)

**Mr. Speaker :** Shri Majra Ji, your time is over. Now, next speaker please. Shri Jagbir Singh Malik Ji, do you want to say something on Budget?

**श्री जगबीर सिंह मलिक :** अध्यक्ष महोदय, वित्त मंत्री जी ने जो बजट पेश किया है मैं भी इस पर अपनी कुछ बातें रखना चाहता हूं। (शोर एवं व्यवधान)

**श्रीमती किरण चौधरी :** स्पीकर सर, मैं सदन के पटल पर यह कहना चाहती हूं कि विपक्ष के साथियों को तो इस बात की खुशी होनी चाहिए कि पहली बार शराब के पैसे अच्छे-अच्छे कामों में लगाये जा रहे हैं। चाईल्ड वैल्फेयर के लिए लगाये जा रहे हैं, स्पोर्ट्स डिपार्टमैंट के लिए लगाये जा रहे हैं और इसी प्रकार से अन्य कामों में लगाये जा रहे हैं। विपक्ष के साथियों के समय में जो-जो काम हुआ करते थे उसके बारे में तो सभी अच्छी तरह से जानते हैं। (शोर एवं व्यवधान)

**Mr. Speaker :** Majra Ji, I give you last thirty second to wind-up. So, please wind-up.

**श्री राम पाल माजरा :** स्पीकर सर, मैं माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नोटिस में यह बात लाना चाहता हूं कि (शोर एवं व्यवधान) इनकी सरकार में लोग पानी बचाओ के नारों पर भी पैसे खा गये हैं। इसके अतिरिक्त 8 अक्तूबर को हाई पॉवर परचेज़ कमेटी ने जिन्दल सॉ लिमिटिड को डयूपटाईल पाईप का 300 करोड़ रुपये का सिंगल टैण्डर ऑर्डर कर दिया। यह जनस्वास्थ्य विभाग की बात है। (शोर एवं व्यवधान) सर, मेरे पास इस प्रकार की बहुत लम्बी लिस्ट है। (शोर एवं व्यवधान)*****

**Mr. Speaker :** Not to be recorded. (Interruption) Nothing more to be recorded. (Interruption)

**श्री जगबीर सिंह मलिक :** स्पीकर सर, आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए समय दिया सबसे पहले तो मैं इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। (विघ्न)

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया।

**श्री राम पाल माजरा :** स्पीकर सर, ***

**Mr. Speaker :** Not to be recorded.

**Shri Randeep Singh Surjewala :** Speaker Sir, how can he contribute? He has concluded.

**श्रीमती किरण चौधरी :** स्पीकर सर, मैं माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगी कि हाई पॉवर परचेज़ कमेटी में जो एल-1 होता है उसकी प्रक्रिया पूरी विधिवत होती है। जो इस प्रकार से विपक्ष के माननीय सदस्य सदन को गुमराह करते हैं यह बहुत गलत बात है। इनके अपनी बात वापस लेने से बात नहीं बनेगी। मैं यह कहना चाहती हूं कि इसके लिए इनके खिलाफ कार्यवाही की जाये। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा:** स्पीकर सर, मेरे काबिल साथी सिवाए सदन को गुमराह करने के कोई दूसरा काम नहीं करते। इन्होंने भूमि अधिग्रहण की बात की। (शोर एवं व्यवधान) इनके समय में जब पंचकूला में ज़मीन एक्वायर की गई तो उस समय इन्होंने किसान को प्रति एकड़ का भाव 1,06,732 रुपये के हिसाब से दिया और हमने 35.63 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से भाव दिया। इस प्रकार से हमने इनके समय से 35 गुणा ज्यादा किसान को उसकी ज़मीन का मुआवज़ा दिया। इसी प्रकार से इन्होंने जब पानीपत में ज़मीन एक्वायर की तो 5 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से किसानों को मुआवज़ा दिया और हमने 71 लाख रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से किसानों को मुआवज़ा दिया। इस प्रकार से इन्होंने किसानों को लूटने का काम किया। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री राम पाल माजरा :** स्पीकर सर, *****

**Mr. Speaker :** Not to be recorded.

**श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना) :** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए जो समय दिया उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। माननीय वित्त मंत्री ने 2013-14 का जो बजट पेश किया है यह आम आदमी का बजट है और एक प्रोग्रैसिव बजट है जिसमें हरियाणा सरकार का विजन निहित है। माननीय मुख्य मंत्री जी ने जो विजन दिया है यह बजट उस पर आधारित है। मैं समझता हूँ कि यह जो बजट पेश किया गया है यह आम आदमी के हित का बजट है जिसमें हरियाणा स्टेट को जो अगले वर्ष में काम करना है वह दर्शाया गया है। हर मद के लिए जो बजट का प्रावधान किया गया है उसको देखते हुए लगता है कि आने वाले समय में हरियाणा एक मॉडल स्टेट होगा जिसकी नकल दूसरे प्रदेश भी करेंगे। मुख्य मंत्री जी का जो विजन है उसको देखते हुए हरियाणा नम्बर 1 स्टेट होगा। बजट के बारे में जहाँ तक आंकड़ों की बात है तो प्रो. सम्पत सिंह जी ने सभी आंकड़े बता दिये हैं। इस बजट में जो विशेष बातें हैं मैं उनकी तरफ इस सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा। यहाँ पर रिवैन्यू डेफिसिट कम होने की बात कही गई है और सैलरी एण्ड पेन्शन में रिवैन्यू रिसिप्ट की बात कही गई है और डैट की कमी की बात कही गई है, ये सारी बातें यह दर्शाती हैं कि इस बजट में पिछले साल के बजट की तुलना में ज्यादा तरक्की के थान्स हैं, इसमें ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। 27 हजार 71 करोड़ रुपये का जो बजट पेश किया गया है वह पिछले साल से कहीं ज्यादा है और रिवैन्यू डेफिसिट भी कम किया गया है। इस बजट में जिस मद में पैसे दिये गये हैं वे जरूरत के हिसाब से दिये गये हैं।

* चेयर के आदेशानुसार रिकार्ड नहीं किया गया।

शिक्षा के लिए सबसे ज्यादा दिये गये हैं तथा दूसरे सैक्टरों में भी काफी पैसा दिया गया है। मैं यह चाहता हूँ कि बेरोजगारी दूर करने के लिए स्माल स्केल इण्डस्ट्री पर भी ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। पानी की समस्या आज सभी की है और हर फील्ड में पानी की जरूरत पड़ती है इसलिए इस पर भी ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए तथा इसके बजट में भी बढ़ोतरी की जानी चाहिए। पानी की सभी लाईनें रिप्लेस होनी चाहिएं क्योंकि वे पुरानी पड़ गई हैं। उसके लिए बजट में भी कुछ इजाफा होना चाहिए ताकि हर आदमी को पीने का पानी मिल सके। अध्यक्ष महोदय, इस बजट में जो नई चीजें जोड़ी गई हैं उनके लिए भी मैं माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूँ। आम आदमी के लिए जो बीमा योजना पहली बार शुरू की गई है कि उसकी नैचुरल डैथ पर 30 हजार रुपये देने का जो प्रावधान किया गया है उसके लिए मैं माननीय मुख्य मंत्री जी और वित्त मंत्री जी को धन्यवाद करना चाहता हूँ। इसके अलावा दुर्घटना के कारण डैथ केस में 75000/- रुपये तथा दुर्घटना के कारण आंशिक रूप से स्थाई अक्षमता पर 37500/- रुपये देने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा चालू वित्त वर्ष में जनहित में चार स्थाई आयोग गठित किए गये हैं। मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए हरियाणा मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया है। महिलाओं के अधिकारों और हितों की सुरक्षा के लिए हरियाणा राज्य महिला आयोग की स्थापना की गई है। इसी प्रकार से बाल अधिकार संरक्षण आयोग का गठन किया गया है। अनुसूचित जाति के लोगों को संविधान और विभिन्न विधियों के अंतर्गत प्रदान की गई सुरक्षा से संबंधित मामलों में जांच पड़ताल करने के लिए हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है तथा इसके लिए भी वित्त मंत्री और मुख्य मंत्री जी बधाई के पात्र हैं। हर जिले में फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना की गई है। अध्यक्ष महोदय, राजीव गांधी पंचायत सशक्तिकरण अभियान की जो शुरूआत की है, यह भी एक सराहनीय कदम है। इससे पंचायतों को शक्ति मिलेगी और उनको काम करने की आजादी मिलेगी। इसी प्रकार से खेलों से हमारे राज्य की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक छवि बनी है। उसको बढ़ावा देने के लिए बजट में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। नये खिलाड़ियों की खोज के लिए जो स्पैट का कार्यक्रम चलाया गया है उसके लिए भी सरकार बधाई की पात्र है। वाटर डिवैल्पमैंट बॉडी के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो कि सिंचाई के भी काम आती है, एक सराहनीय कदम है। नैशनल रीवर कंजर्वेशन प्रोग्राम के प्रोजैक्ट सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट सोनीपत और पानीपत में लगे हैं इसके लिए भी सरकार बधाई की पात्र है। इसी प्रकार से सोनीपत में नैशनल लॉ यूनिवर्सिटी और रेवाड़ी व झज्जर में नए राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित करने के लिए वर्ष 2013-14 में 16 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है।

---

## बैठक का समय बढ़ाना

**Mr. Speaker:** Is it the sense of the House that the time of the Sitting of the House be extended for 30 minutes?

**Voices:** Yes Sir.

**Mr. Speaker:** O.K. The time of the Sitting of the House is extended for 30 minutes.

## वर्ष 2013-14 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भण)

14.00 बजे **श्री जगबीर सिंह मलिक :** स्पीकर सर, हमारे मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली से गुड़गांव, फरीदाबाद और बहादुरगढ़ तक मैट्रो को पहुंचाया है। सोनीपत में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी बनाने जा रहे हैं जो अपने आप में एक अहम कार्य है जिसमें कई लाख बच्चे शिक्षा ग्रहण करेंगे और मैं यह उम्मीद करता हूं कि सोनीपत की जनसंख्या के हिसाब से मुख्यमंत्री जी का सोनीपत के लिए अगला कदम मैट्रो को सोनीपत तक लाने का होना चाहिए। इस सदन में जो सोनीपत में रेल कोच फैक्टरी लगाने का प्रस्ताव पास किया गया है उसके लिए मैं यू.पी.ए. चेयरपर्सन का, प्रधानमंत्री का, रेलवे मंत्री का और मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करता हूं। इसके लिए दीपेन्द्र हुड्डा जी ने जो कोशिश की है उसके लिए मैं उनका भी धन्यवाद करता हूं। स्पीकर सर, और भी बहुत सारे ऐसे मिशन हैं जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने का। स्पीकर सर, बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन वर्कर्ज के बच्चों की सुविधाओं के लिए एक हजार करोड़ रुपये का प्रबंध किया गया है। इससे उनको पीने के पानी की सुविधाएं, स्कूल की सुविधाएं, लाईट की सुविधाएं दी जाएंगी। सर, यह भी सरकार का एक अच्छा कदम है इसके आगे जा कर अच्छे ही परिणाम मिलेंगे। स्पीकर सर, सरकार ने एक नई अर्बन हाऊसिंग पॉलिसी बनाई है जिसमें रूरल और अर्बन के लिए एक नया प्रोविजन किया गया है। वह बहुत अच्छा प्रोविजन है जिसमें 2 लाख ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को और डेढ़ लाख शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को फायदा होगा। यह सबसे बढ़िया पॉलिसी है और गोहाना में हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी बनाने के लिए बहुत जगह खाली पड़ी है। हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के लिए उससे उपयुक्त जगह कहीं नहीं है। स्पीकर सर, वहां हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी बनाने पर न जाने कितने गरीब लोगों को सहारा मिलेगा। मैं वित्त मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि उस जगह को एग्जामिन करा लें, क्योंकि वह जगह खाली पड़ी है। मैं एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि मुख्यमंत्री जी ने हमारे इलाके के बहुत काम किए हैं। अब सोनीपत में रेल कोच फैक्टरी आने के बाद तो कोई बात बकाया ही नहीं रह जाती। जहां तक रोड्ज की बात है, आर.ओ.बीज. की बात है, आर.यू.बीज. की बात है, नैशनल हाईवेज की बात है, स्टेट हाईवेज की बात है, इन सब की वाइडनिंग, स्टेरैंथनिंग आदि का काम जितनी तेजी से पी.डब्ल्यू.डी. ने किया है शायद ही किसी और डिपार्टमैंट का काम इतना तेजी से होता हो। इसके अलावा मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि बजट के दो हिस्से होते हैं। एक हिस्सा होता है बजट देने का कि किस-किस डिपार्टमैंट को कितना-कितना बजट देना है और वह पैसा किस ढंग से खर्च होना चाहिए और कैसे खर्च होना चाहिए ? बजट का यह भी अहम भाग है कि कितना पैसा आम आदमी तक पहुंचता है। पैसा आम आदमी के प्रॉपर लाभ के लिए सही जगह यूटिलाईज होता है या नहीं, ये भी महत्वपूर्ण है। अगर हम इस पैसे का यूटिलाईजेशन प्रोपर ढंग से ना करें, मैनेज ना करें, तो ये भी हमारी फैल्योर होगी। मैं यह चाहता हूं कि इस पार्ट पर भी ध्यान दिया जाए। पीछे असैम्बली में भी शायद गुहला चीका का सवाल उठाया गया था जिसमें यह कहा था कि बस स्टैंड ऐसी जगह बना दिया गया जहां कोई नहीं जाता। ये बस स्टैंड केवल एक ही नहीं है ऐसे बहुत से बस स्टैंड जहां पर बस खड़ी ही नहीं होती ईसराना के, नीलोखेड़ी के और तरावड़ी के, बस स्टैंड पर कहीं कोई बस खड़ी नहीं होती। मैं यह बताना चाहता हूं कि सारे स्टेट के अन्दर ऐसी बहुत सी बिल्डिंग्ज हैं जिनका कोई यूज नहीं हो रहा। जब जगह का चयन ही ठीक न हो और वहां कुछ बना दिया जाए और उसका यूज न हो तो इससे अच्छा तो न बनाया जाना ही बेहतर है। वह पैसा प्रोपर जगह यूटिलाईज हो जाए तो बैटर है। ऑफिसर

जब जगह सिलैक्ट करता है तो उसकी एक रिस्पोंसिबिलिटी होनी चाहिए कि वह चैक करे कि वह कैसी जगह है। ऐसा नहीं होना चाहिए कि पंचायत ने प्रस्ताव दे दिया और जगह को ठीक तरह से चैक किए बिना वहां कुछ भी बना दिया जाए। स्पोर्ट्स कम्पलैक्सिज के लिए भी ठीक जगह का चयन करना चाहिए। स्पीकर सर, कई बार ऐसा होता है कि हम पैसा खर्च कर देते हैं लेकिन बाद में वह पैसा वेस्ट हो जाता है। जैसे आज सीवरेज डाल दिया लेकिन सड़क टूट गई तो इस प्रकार सीवरेज डालने में सड़क को दोबारा बनाने में पैसे की वेस्टेज हुई। उसी तरह गांव में पहले पानी की पाईप नहीं बिछाते और गली बना देते हैं फिर एक महिने के बाद वह पाईप बिछाते हैं तो वह पैसे की वेसटेज है। इस ढंग की पॉलिसी होनी चाहिए कि जहां शहर में सीवरेज और पानी की लाईन नहीं है उस गली को न बनाया जाये बल्कि यह गली तब बने जब सीवरेज और पानी की लाईन को डाल दिया जाये ताकि जो पैसा खर्च किया जाता है वह पैसा वेस्ट न हो। दूसरा जो चीज बनती है उसके बनने का टाईम पीरियड टाईम बाऊंड होना चाहिए। हम देखते हैं कि एक साल में बनने वाली चीज तीन-तीन साल में जाकर तैयार होती है। इस वजह से जो उस काम मे खर्चा आता है वह भी कई गुणा बढ़ जाता है और फिर ऐडिशनल पैसे की डिमांड की जाती है। तीसरा जिस ऑफिसर की वजह से काम डिले होता है उसकी जिम्मेवारी फिक्स होनी चाहिए क्योंकि काम में जब देरी होती है तो इससे लोगों को जो फायदा मिलना चाहिए वह फायदा नहीं मिल पाता है। आज हम देखते हैं कि जो बिजली के कनेक्शंज या पानी के कनेक्शंज है वे एक-एक साल तक भी पैंडिंग पड़े रहते हैं। उन आफिसर्ज के खिलाफ जिनकी वजह से एक साल पहले इन सुविधाओं का लोगों को लाभ मिल जाना चाहिए था, लेकिन नहीं मिला, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। मैं गोहाना के बारे में बताता हूं जहां पर ऐसे कम्पलैक्सिज बने हुए हैं जो आज तक हैंड ओवर नहीं किये जा सके हैं क्योंकि उनका कंस्ट्रक्शन ठीक ढंग से नहीं हुआ था इसलिए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। एक तरह से मैं कहूं तो हमें इसकी शुरुआत ऊपर से ही करनी होगी। अधिकारियों का एक ऐसा सैट बनाया जाना चाहिए जो हरियाणा प्रदेश में हो रहे सारे प्रोजैक्ट्स को मॉनिटर करे और जो कमी हो उसे तुरन्त दूर करे। लेकिन आज हम देखते हैं कि आफिसर्ज में एडजैस्टमैंट है जिनकी वजह से काम के प्रोपर ढंग से संचालन में दिक्कत आती है। यह बात मैं इसलिए उठा रहा हूं क्योंकि आज वास्तव में ही ऐसा देखने में आ रहा है कि एक डिपार्टमैंट काम करता है और दूसरा उस काम पर अपनी मुहर लगा देता है। सारा काम टाईम लिमिट के अन्दर ही होना चाहिए और इसके अलावा एक बात और मैं कहना चाहता हूं।

**Mr. Speaker:** Jagbir ji, Please conclude.

**श्री जगबीर सिंह मलिक :** स्पीकर सर, यह जो सारा सिस्टम है यदि इस सारे सिस्टम को सैट किया जाये, सारा पैसा प्रोपर ढंग से लगाया जाये तो हरियाणा के अन्दर आज जो काम हुआ है वैसा काम दूसरी किसी भी स्टेट में नहीं हुआ है। विपक्ष के लोग तो सिर्फ आलोचना करते ही रहते हैं जो उनकी आदत में शुमार भी हो चुका है। संक्षेप में मैं केवल एक ही बात कहना चाहता हूं कि जो यह बजट पेश किया गया है इससे एक ही बात प्रदर्शित होती है कि "चड्ढा साहब की बल्ले-बल्ले, बाकी सब थल्ले थल्ले" (इस समय मेजें थपथपाई गई।)

**श्रीमती रेणुका बिश्नोई (आदमपुर) :** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बजट पर बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूं। हरियाणा सरकार के वित्त मंत्री जी ने जो

[ श्रीमती रेणुका बिश्नोई ]

वर्ष 2013-14 का बजट प्रस्तुत किया है उससे हरियाणा की जनता को काफी उम्मीदें थी लेकिन अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि यह बजट प्रदेश के किसी भी वर्ग की उम्मीदों को पूरा करने में तथा उम्मीदों पर खरा उतरने में पूर्ण रूप से असफल रहा है जिससे प्रदेशवासियों में गहरी निराशा है। अध्यक्ष महोदय, मैं समझती हूं कि यह जो बजट पेश हुआ है यह बिना विजन का बजट है क्योंकि इसमें जो तथ्य मौजूद हैं, जो तथ्य दिये गये हैं वह आधारहीन और सच से परे हैं और उनको भी तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। बजट का जो वितरण हुआ है वह भी संतुलित ढंग से नहीं किया गया है क्योंकि पूरे हरियाणा प्रदेश को बराबर नजर से देखकर बजट नहीं बनाया गया है। यदि मैं कहूं तो यह बजट हरियाणा की ज्यादातर संख्या और ज्यादातर इलाकों के खिलाफ है तब भी यह बात झूठी नहीं होगी। यदि हम गुजरात और हरियाणा के बजट की तुलना करते हैं तो हम देखते हैं कि गुजरात का बजट सरप्लस है जहां पर सोशल सर्विसिज को प्राथमिकता दी गई है। वहीं दूसरी तरफ जब हम हरियाणा का बजट देखते हैं तो बड़े अफसोस और दुख की बात है कि हरियाणा के बजट में सरकार के कर्ज और उसके इंट्रस्ट को उतारने को ही प्राथमिकता दी गई है। अध्यक्ष महोदय, बजट का 35 प्रतिशत पैसा तो लोन की पेमैंट करने में ही चला जाता है। आज हरियाणा प्रदेश में जो सबसे बड़ी समस्या है वह कानून और व्यवस्था की ही समस्या है। आज जगह जगह पर डकैती, गुंडागर्दी, लूटमार, बलात्कार और हिंसा फैली हुई है। हमारे गठबंधन की बार-बार यही कोशिश रही है कि सरकार को इसके बारे में बताएं यहां तक कि महामहिम राज्यपाल जी के पास ज्ञापन के माध्यम से हमने उन्हें बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी देने का पूरा प्रयास किया लेकिन हमारी पूर्ण रूप से अनदेखी हुई। मुझे हैरानी होती है कि यह इतनी संजीदगी का मामला है फिर हरियाणा सरकार इस ओर ध्यान क्यों नहीं देती। जब पूर्ण रूप से हरियाणा प्रदेश की सरकार ने इस ओर से अपनी आंखें मूंद ली तो हमारे सांसद ने अपने निजी कोष से पैसे लगाकर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाए, जिसके माध्यम से आपने अखबारों में पढ़ा भी होगा कि हांसी में एक अपहृत बच्ची बरामद की गई और अपराधी भी पकड़े गए। उसके तुरंत बाद हरियाणा सरकार ने वहां यह स्टेटमैंट दी कि अन्य क्षेत्रों में सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाए जाएंगे लेकिन उसके बाद भी कैमरे नहीं लगे और इस बार के बजट में भी उनके लिए कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। अध्यक्ष महोदय, मैं समझती हूं कि हमारे प्रदेश को जो हम कहते हैं कि हरियाणा नंबर वन बनाना चाहते हैं; यहां इतने बिगड़े हुए हालात और कानून व्यवस्था है, कि इसमें कोई भी वर्ग सुरक्षित महसूस नहीं करता। ऐसे में मैं जानना चाहती हूं कि कैसे यह प्रदेश देश का नंबर वन राज्य बनने वाला है। मैंने मुख्यमंत्री जी को पत्र के माध्यम से इस बारे में लिखा भी था, इसके बारे में जो उनका जवाब आया है उसे पढ़कर मुझे हैरानी भी हुई और अफसोस भी हुआ, उन्होंने आंकड़े दिए हैं, उन्होंने लिखा कि in 2012 rape cases registered 686 eve-teasing cases registered 534 atrocities and downtrodden cases registered 215 and जनवरी के महीने में 61 rape cases रजिस्टर हुए उनके नीचे स्टेटमैंट है the law and order situation in the State is not deteriorating and is peaceful and well under control. दूसरी जो सबसे बड़ी समस्या है वह मैं समझती हूं कि किसानों की समस्या है जिसकी वजह से जगह जगह किसान धरने और प्रदर्शन कर रहे हैं. किसान कहीं भूमि अधिग्रहण के लिए, कहीं बिजली पानी को लेकर तो कहीं सरकार के नकारात्मक व्यवहार को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। आप सभी जानते हैं कि हरियाणा प्रदेश कृषि

प्रधान प्रदेश है लेकिन बजट में ऐग्रीकल्चर सैक्टर के लिए 5 परसैंट का प्रावधान रखा गया है अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार को सुझाव देना चाहती हूं और अनुरोध करना चाहती हूं कि जैसे हम विधायकों को 4 परसैंट ब्याज की दर पर लोन मिलता है इसी तरह किसानों को भी ट्रेक्टर और अन्य खेती के उपकरण खरीदने के लिए इंट्रस्ट रेट कम किया जाए। अब मैं इरीगेशन के बारे में अपनी बात कहना चाहती हूं। एस.वाई.एल. कैनाल हमारे हरियाणा की जीवन रेखा मानी जाती है लेकिन इसके लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि इस मामले को संजीदगी से लें और तुरंत प्रभाव से इसका समाधान निकालें। केन्द्र में भी कांग्रेस की सरकार है और हरियाणा में भी कांग्रेस की सरकार है इसलिए मैं नहीं समझती कि इस समस्या को नहीं सुलझाया जा सकता। रेणुका बांध और किसाऊ डैम की परियोजना शुरु करने के लिए बजट में प्रावधान रखना चाहिए ताकि किसानों को फसल के लिए पानी मिल सके और राहत मिल सके। शिक्षा के लिए मैं बताना चाहूंगी कि मुख्यमंत्री जी कह रहे थे कि हम प्रदेश को ऐजूकेशन हब बनाना चाहते हैं। यह बहुत खुशी की बात है हम इसका समर्थन करते हैं कि ऐजूकेशन हब बने ताकि हमारे प्रदेश के बच्चों को पढ़ाई लिखाई के लिए बाहर जाने की जरूरत न पड़े। आज जो प्राइमरी स्कूल्स की हालत है उसमें बहुत अधिक सुधार की आवश्यकता है। इसकी शुरुआत हम वैकेंट सीट्स को भरने से कर सकते हैं। जो भी सीट्स वैकेंट पड़ी हैं उनको तुरंत भरा जाए। मैजोरिटी स्कूल में शिक्षकों का अभाव है। स्कूल्स की बिल्डिंग्स की हालत दयनीय है। हमारे लिए यह नैसेसिटी है कि हम क्वालिटी ऑफ ऐजूकेशन को इम्प्रूव करें। आप देख रहे हैं कि गुड़गांव के काल सैन्टर जो हैं उनमें दिल्ली और आसपास के लोग ज्यादा काम करते हैं क्योंकि हमारे बच्चों के पास साउंड ट्रेनिंग इन्सटीच्यूट नहीं हैं। यहां पर ये डिबेट की बात नहीं है। मैं समझती हूं कि हमें एजूकेशन सिस्टम को ग्राउंड लैवल पर सुधारना पड़ेगा। यह हकीकत है कि जो सरकारी प्राईमरी स्कूल हैं उनमें सुधार की बहुत आवश्यकता है और वहां पर फैसीलिटीज देने की बहुत आवश्यकता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगी कि सरकार इस बारे में कुछ गौर करे ताकि बच्चों को राहत मिल सके।

**Mr. Speaker :** Hon'ble Minister wants to intervene.

**शिक्षा मंत्री (श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल ):** अध्यक्ष महोदय, हमारी सम्मानित सदस्या ने शिक्षा के सुधार के लिए जो सरकार के प्रयास हैं उनके लिए इन्होंने अपनी सहमति दी है। इस बात की मुझे खुशी है। विशेष तौर से इन्होंने प्राईमरी शिक्षा को लेकर अपना कन्सर्न बताया है। इसके बारे में मैं यह कहना चाहूंगी कि शिक्षा का अधिकार जब सारे देश में लागू हुआ तो हरियाणा प्रदेश देश का पहला अग्रणी राज्य है जोकि शिक्षा के अधिकार के कानून को अच्छे ढंग से लागू कर रहा है। जहां तक प्राईमरी स्कूलों में टीचर्ज की कमी की बात है। उसके लिए आलरैडी नौ हजार से ज्यादा वैकेंसिज एडवर्टाईज की जा चुकी हैं और उनको भरने की प्रक्रिया जारी है। सबसे बड़ी बात यह है कि टीचर्ज की कमी को देखते हुए ही सरकार ने टीचर्ज भर्ती बोर्ड का गठन किया है। जहां तक कम्यूनिकेशन स्किल्ज को लेकर हमारी सम्मानित सदस्या ने जो बात कही है। इस बारे में मैं इनको बताना चाहूंगी कि हमारे जो सैंटर ऑफ एक्सिलैंस कालेजिज हैं और जो हमारी यूनिवर्सिटीज हैं उनमें हमने जॉब आरिएंटिड कोर्सिज के साथ साथ इंग्लिश कम्यूनिकेशन लैंग्वेज लैब भी कम्पलसरी की हुई हैं ताकि बच्चों का कम्यूनिकेशन स्किल्ज

[ श्रीमती गीता भुक्कल ]
प्रोपर रहे और हमारे बच्चे जो विशेष तौर से प्राईवेट सैक्टर में काम करते हैं उनके लिए काफी सुविधा रहे। (शोर एवं व्यवधान)

**Mr. Speaker :** A new Member is speaking and she is speaking well. Please let her speak. Silent please. (Interruption.)

**श्री आनन्द सिंह दांगी :** स्पीकर सर, यह सदन के लिए बहुत अच्छी बात है कि एक नया सदस्य बहुत बढ़िया ढंग से अपनी बात रख रहा है। जब किसी डिपार्टमैंट से संबंधित बात आती है तो उसका जो कन्संर्ड मिनिस्टर हैं उसको उस प्रश्न का स्पष्टीकरण देने का भी अधिकार है। लेकिन जिस तरह से इस प्रकार की लैंग्वेज का इस्तेमाल दूसरे सदस्य कर रहे हैं यह बात ठीक नहीं है। (शोर एवं व्यवधान)

**Mr. Speaker :** Smt. Bishnoi, please continue. Everybody is appreciating what you are saying. Please let her speak. Hon'ble Members, please let her speak. (Interruption.)

**श्रीमती रेणुका बिश्नोई:** अध्यक्ष महोदय, मैं शिक्षकों के अभाव की बात यहां जरूर करना चाहूंगी। गुड़गांव के आसपास के स्कूलों में हमारे बच्चे सरकारी स्कूलों को एडॉप्ट करके उनमें पढ़ाने जाते हैं। मेरी बेटी आठवीं क्लास में पढ़ती है। मेरी बेटी के स्कूल के बच्चे इन सरकारी स्कूलों में पढ़ाने के लिए गये थे और वहां से यह फीड बैक आई है कि वहां पर टीचर्ज यह कहते हैं कि या तो किताबें आती ही नहीं हैं और अगर आती हैं तो इस बारे में कोई सुनिश्चित नहीं होता कि किताबें कब आयेंगी। उन्होंने बताया कि कई बार ऐसा होता है कि पूरे साल में किताबें आती ही नहीं हैं। उस स्कूल में प्रिंसीपल की बदली हो गई है और पिछले तीन महीनों से उस स्कूल में प्रिंसीपल नहीं है। यह मैं एक छोटा सा उदाहरण दे रही हूं जो हम सपना देख रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है कि हम हरियाणा को एक एजूकेशन हब बना पायें लेकिन उसके लिए क्या हमें अपनी नींव मजबूत नहीं करनी चाहिए ? यह तो एक छोटा सा एग्जाम्पल मैंने सदन में दिया है। पूरे हरियाणा प्रदेश में जहां भी प्राइमरी स्कूल्ज हैं उन ज्यादातर स्कूल्ज में इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहां पर प्रोपर इन्फ्रास्ट्रैक्चर भी नहीं है। जिस स्कूल की मैं बात कर रही हूं उस स्कूल की तो प्रोपर चार दीवारी भी नहीं है और गाँव के लोग स्कूल के बीच से ही निकलते रहते हैं।

**श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल:** अध्यक्ष महोदय, मैं सम्मानित सदस्या से यह कहना चाहूंगी कि वे उस पर्टिकुलर स्कूल का नाम बता दें ताकि जो भी कमियां वहां पर हैं हम उनको दूर करवा सकें।

**Mr. Speaker :** It is a maiden speech please let her continue.

**Smt. Ranuka Bishnoi :** Speaker Sir, I am not just talking about one school. Similar situation will be seen in so many schools also all across the State. So, I am not just trying to pin-point.

**Mr. Speaker :** She is not specifying the things.

**Smt. Ranuka Bishnoi :** Speaker Sir, I am not trying to find out the faults whatever you are saying. It is just a suggestion that I think it is really need to do something about the primary education system of this State.

अध्यक्ष महोदय, जहां हम किसी भी प्रदेश के चहुमुंखी विकास की बात करते हैं और जहां हम कहते हैं कि किसी भी प्रदेश की होलिस्टिक प्रोग्रैस होनी चाहिए तो मैं समझती हूं कि किसी भी प्रदेश का जब तक समान विकास नहीं होगा तब तक उस प्रदेश का होलिस्टिक विकास नहीं हो सकता। प्रदेश में समान विकास करने के लिए सख्त नीतियां लानी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मैं एक उदाहरण देना चाहती हूं। स्वर्गीय चौधरी भजनलाल जी के शासन काल में विधायकों को अपनी कांस्टीच्युंसी के विकास के लिए 20-20 लाख रुपये अलॉट किए जाते थे लेकिन बाद की सरकारों ने इस स्कीम को हटा दिया। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार को सुझाव है कि उसी तरीके की कोई और नीति लाई जाए और हम विधायकों को एक सर्टन फण्ड अलाट किया जाए ताकि हम अपनी कांस्टीच्युंसी के विकास के कार्य कर सकें। अध्यक्ष महोदय, मैं अनुरोध करती हूं कि यदि यह अमाउंट कंसीडर किया जाए तो कम से कम एक करोड़ रुपये जरुर कंसीडर किया जाए। अध्यक्ष महोदय, पिछले कई सालों से खासकर हिसार क्षेत्र से बहुत बड़ा भेदभाव हो रहा है। हिसार की जनता को सहूलियतें देने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। हिसार के सम्मानित मैम्बर्ज यहां बैठे हैं। हिसार में सड़कों, सीवरेज, बिजली और पानी की स्थिति बहुत दयनीय है। आनरेबल मिनिस्टर कैप्टन साहब ने कहा था कि पावर प्लांट बन्द पड़े है क्योंकि बिजली सरप्लस है। मुख्यमंत्री महोदय जी ने भी कहा कि हिसार के लिए 600 करोड़ रुपये एलोकेट किए गए हैं तो मैं उनसे जानना चाहूंगी कि ये 600 करोड़ रुपये हिसार में लगे हैं तो ये नजर क्यों नहीं आते। अध्यक्ष महोदय, हिसार के सीवरेज सिस्टम की जहां तक बात है तो इस बारे में हिसार से जितने भी इलैक्टिड मैम्बर्ज हैं उनसे यहां के शहरों के सीवरेज सिस्टम की हालत पूछें कि कितनी दयनीय स्थिति यहां के शहरों के सीवरेज सिस्टम की है। वहां बिजली की हालत ठीक नहीं है और यहां तक कि पीने के पानी की भी किल्लत है।

**Smt Kiran Chaudhary:** Speaker Sir, for the information of Hon'ble Member, I would like to tell कि 13th फाइनांस कमीशन में हिसार के लिए स्पेशल प्रावधान किया गया है।

**श्रीमती रेणुका बिश्नोई:** अध्यक्ष महोदय, पिछले आठ सालों से कांग्रेस सत्ता में है लेकिन इन 8 सालों में हिसार में कोई विकास कार्य नहीं हुए। पिछली फरवरी में मुख्यमंत्री महोदय को हमने पत्र के माध्यम से 500 बैड के होस्पिटल की रिक्वैस्ट डाली थी क्योंकि वहां 50 किलोमीटर के रेडियस में कोई बढ़िया और अच्छे होस्पिटल नहीं हैं। हिसार की हालत बहुत खस्ता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से हरियाणा सरकार से हिसार के लिए स्पैशल पैकेज की मांग करना चाहूंगी। यदि सरकार यह भी मानने के लिए तैयार नहीं है तो मैं मुख्यमंत्री महोदय को सिर्फ इतना कहना चाहूंगी कि उन्होंने हिसार और आदमपुर के उपचुनावों में लोगों से जो वायदे किये थे, कम से कम उन वायदों को तो पूरा कर दें। अध्यक्ष महोदय, इसके अतिरिक्त प्रदेश के कर्मचारियों को वेतन और भत्ते केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के पैटर्न पर दिए जाएं। हरियाणा में बंटवारे के समय में पाकिस्तान से आए हमारे पंजाबी समुदाय भाइयों के सामूहिक कार्यों के लिए जो उनकी लम्बित मांग है उसे पूरा किया जाए और इसके लिए मैंने 100 एकड़ जमीन की मांग की है। प्रदेश के कालेजिज में छात्र संघ के चुनाव शुरू किये जाएं ताकि युवा पीढ़ी प्रजातांत्रिक ढंग से जुड़ सके। बजट में एस.सी. और बी.सी. कैटेगरी के लिए बहुत कम प्रावधान रखा गया है मैं समझती हूं कि इसको बढ़ाया जाए ताकि उनका सामाजिक जीवन स्तर ऊंचा हो सके। हरियाणा के हमारे सिक्ख भाइयों की बहुत लम्बे समय से अलग से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की

[श्रीमती रेणुका बिश्नोई]

मांग चल रही है। हमारे आनरेबल वित्त मंत्री महोदय उस कमेटी के चेयरमैन भी रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से हरियाणा सरकार को सिर्फ सुझाव है कि हरियाणा में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अलग से बनाई जाए। Speaker Sir, before I conclude I would just like to say that my speech on Budget should not be taken as mere words. I just stressed on the facts that what I have said reflects the agony and the problem of people of Haryana. Therefore, I urge the Government to take my suggestions into consideration, though being the first time, however, these are effective or not effective, but just for the welfare of the people of Haryana. So, if I am wrong anywhere, I would be more welcomed if the people give me the feed-back so that I can correct my figures or I can correct my knowledge, so that I would not pass on any wrong information to my people. I would just urge that my suggestions may be taken into consideration and I have full faith that Government will take appropriate measures for the upliftment of the people of the State. Thank you, Sir.

**श्रीमती सवित्री जिंदल (हिसार)** : आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद करती हूं कि आपने मुझे बजट पर बोलने का अवसर दिया है। मैं इस बजट का पुरजोर समर्थन करती हूं। यह बहुत खुशी की बात है कि सरकार ने इस वर्ष कर-मुक्त बजट पेश किया है। इस बजट में संसाधनों की बर्बादी रोकने के उपाय भी किए गए हैं और इसकी शुरूआत बजट पेश करने के साथ ही हो गई है। वित्तमंत्री जी ने डिजिटाइज्ड बजट पेश करके बहुमूल्य स्टेशनरी बचाने की पहल की है। हरियाणा आज विकास कार्यों के लिए देश के नंबर एक राज्यों में गिना जाता है। इस बजट में जो सौगातें हिसार जिले को दी गई हैं उसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी व वित्तमंत्री जी का धन्यवाद करती हूं। उनमें राखी-गढ़ी में साइट म्यूजियम व विवेचन केन्द्र स्थापित करना, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की पूरी परियोजना के लिए 15 करोड़ रुपये की राशि आवंटन करना, भाजरा प्याऊ में आई.टी.आई. का निर्माण, इसी तरह से हिसार में लाला लाजपत राय यूनिवर्सिटी, हाकी के लिये हिसार में एस्ट्रोटर्फ का निर्माण, हिसार को मलिन बस्ती मुक्त बनाने के लिए राजीव आवास योजना के अंतर्गत शामिल करना बहुत ही सराहनीय कार्य हैं।

अध्यक्ष महोदय, हरियाणा सरकार ने वर्ष 2013 को औद्योगिक विकास एवं रोजगार वर्ष घोषित किया है। इससे छोटे व मध्यम उद्योगों में रोजगार के अनेकों अवसर उपलब्ध होंगे।

अध्यक्ष महोदय, हमारे खिलाड़ियों ने हरियाणा को अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर उभारा है तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश का गौरव बढ़ाया है। हमारी सरकार ने भी अपने खिलाड़ियों तथा उनके प्रशिक्षकों को नकद पुरस्कारों के साथ-साथ सरकारी नौकरियों से भी सम्मानित किया है। इससे आने वाले समय में नये खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा। इसके साथ सरकार का कमजोर वर्ग के युवाओं को फेयर प्ले छात्रवृति के जरिये आगे बढ़ाने का जो फैसला है उससे उनका सामाजिक उत्थान होगा। इसी तरह से सरकार ने शहरी स्वास्थ्य मिशन और शहरी गरीब स्वस्थ योजना के जरिये स्वस्थ हरियाणा का मिशन चलाया है। इन्दिरा बाल स्वास्थ्य योजना के जरिये सरकार अगली पीढ़ी को बचपन से ही सेहतमंद देखना चाहती है। मैं इस सिलसिले में हिसार के सामान्य अस्पताल के विस्तार की योजना का स्वागत करती हूं।

अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से हरियाणा को हुक्का बार मुक्त करने के लिए व नशे के खिलाफ सरकार का अभियान सराहनीय कदम है। मैं आम आदमी बीमा योजना शुरू करने के

लिए सरकार को बधाई देती हूं। समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सामाजिक सुरक्षा देने का यह ऐतिहासिक कदम है। हरियाणा महिला आयोग व बाल अधिकार संरक्षण आयोग का गठन करके सरकार ने यह बता दिया है कि सरकार महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा के प्रति कटिबद्ध है। महिला मामलों में तुरंत कार्यवाही के लिए 21 फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन करना बहुत ही प्रशंसनीय कार्य है।

अध्यक्ष महोदय, इसी तरह से राज्य पशुधन मिशन और राज्य गौ सेवा आयोग गठित करके सरकार ने बता दिया है कि वह हरियाणा में दूध-दही की कमी नहीं होने देगी। हरियाणा प्रदेश की पहचान जहां धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र और धार्मिक ग्रन्थ गीता के रूप में होती है वहीं गौ सेवा आयोग का गठन, गौ माता को संरक्षण देने के लिए हरियाणा मील का पत्थर साबित होगा। हरियाणा में जैसी कहावत है "देसां में देस हरियाणा, जित दूध दही का खाना" को और बल मिलेगा।

अध्यक्ष महोदय, इस वित्तीय वर्ष में बाढ़ नियंत्रण एवं ड्रेनेज की 73 नई योजनाओं और 59 चालू योजनाओं के लिए 118 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार नहरों की मुरम्मत के लिए 200 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया गया है। इससे प्रदेश की फसलों को बाढ़ से बचाया जा सकेगा और फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। अध्यक्ष महोदय, मेरा सरकार से पुरजोर अनुरोध है कि रिक्शा चालकों, ऑटो चालकों, कचरा बीनने वालों, सफाई कर्मचारियों तथा रेलवे कुलियों को भी इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंदर लाया जाये।

स्पीकर सर, मैं इस सदन के माध्यम से हिसार की प्रतिनिधि होने के नाते हिसार की समस्याओं का जिक्र करना अपना दायित्व समझती हूं तथा उम्मीद करती हूं कि पहले की भांति इन समस्याओं पर भी मुख्यमंत्री जी ध्यान देकर इनके समाधान में गति लायेंगे जैसे हिसार में बस स्टैण्ड की शिफ्टिंग, मल्टी स्पैशियलिटी हॉस्पिटल का निर्माण, शहर के बाहर पशु डेयरी की शिफ्टिंग, डाबड़ा चौक ओवर ब्रिज का विस्तार, सूर्य नगर, महावीर कालोनी व मिल गेट के मकानों के ऊपर से गुजरने वाली 33 के.वी.ए. की बिजली लाईनों की शिफ्टिंग और लकड़ी आरा मण्डी को जहाज़ पुल से हटाकर शहर के बाहर शिफ्टिंग इत्यादि। (विघ्न)

## बैठक का समय बढ़ाना

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, is it the sense of the House that the time of the sitting of the House be extended for another half an hour.

**Voices :** Yes, yes.

**Mr. Speaker :** The sitting of the House is extended for another half an hour.

## वर्ष 2013-14 के लिए बजट अनुमानों पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भण)

**श्रीमती सावित्री जिन्दल :** स्पीकर सर, इसके साथ-साथ मैं यह अत्यन्त विश्वास के साथ कह सकती हूं कि हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा जी के कुशल और प्रगतिशील नेतृत्व में और हमारी यू.पी.ए. की चेयरपर्सन माननीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी जी के गतिशील मार्गदर्शन में आने वाले वर्षों में हरियाणा हर क्षेत्र में नये आयाम हासिल करेगा। सर, इसके साथ ही मैं हरियाणा के वर्ष 2013-14 के बजट का फिर से समर्थन करती हूं व

[ श्रीमती सावित्री जिन्दल ]
विपक्ष के साथियों से भी अनुरोध करती हूं कि वे भी इस बजट का समर्थन करें। स्पीकर सर, आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान ग्रहण करती हूं।

**श्री घनश्याम दास गर्ग (भिवानी) :** स्पीकर सर, आपने मुझे बजट पर बोलने के लिए समय दिया इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं। मैं यह कहना चाहता हूं कि वित्त मंत्री जी का बजट हमारे इलाके के लिए एक दिखावा मात्र रहा है। भिवानी के हितों की चिंता का इसमें कहीं भी जिक्र नहीं किया गया है। इसमें केवल क्षेत्रवाद को ही बढ़ावा दिया गया है। वित्तमंत्री महोदय ने अपने बजट के माध्यम से भिवानी की जनता को निराश किया है। बिजली के बारे में यदि हम बात करें तो बिजली पर पहले तो मिनीमम चार्ज़िज पर अधिभार लगा दिया गया और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर और औद्योगिक क्षेत्र में इसको और ज्यादा बढ़ा दिया गया। उसके बाद बिजली के रेट बढ़ा दिये और उनके ऊपर शुल्क लगा दिया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने वर्ष 2006-07 में यह घोषणा की थी कि आने वाले तीन सालों में हम पूरे हरियाणा प्रदेश में 24 घंटे बिजली देंगे। आज हमारे भिवानी जिले के अंदर स्थिति यह है कि ग्रामीण क्षेत्र में 24 घंटों में से 2 से 3 घंटे और शहरी क्षेत्र में 10 से 12 घंटे बिजली मिलती है। बिजली मंत्री जी हाऊस के अंदर यह कह रहे हैं कि हरियाणा में बिजली सरप्लस होने के कारण हमने अपने बिजली बनाने के कारखाने बंद कर रखे हैं। मैं माननीय बिजली मंत्री को कहना चाहूंगा कि वे प्रदेश की वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखकर ही ब्यान दें। सर, भिवानी जिले में बिजली के लोहे के खम्बे अभी भी लगे हुए हैं जिनको हटाने के बारे में मैंने माननीय बिजली मंत्री जी से पूछा था तो उन्होंने कहा था कि हम इन लोहे के खम्बों को 30 जून, 2012 तक चेंज करवा देंगे। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि बिजली की तारें भी जर्जर अवस्था में हैं जिनसे कहीं भी और कभी भी एक्सीडैंट हो सकता है। इनसे पशुओं के साथ-साथ आम आदमियों के साथ भी हादसे होते ही रहते हैं। नगर परिषद् द्वारा हाऊस टैक्स लगाया गया है जबकि माननीय मुख्यमंत्री जी ने वर्ष 2006-07 में यह घोषणा की थी कि इस हाऊस टैक्स को हरियाणा से समाप्त कर दिया जायेगा लेकिन वर्ष 2006 से ही हाऊस टैक्स वसूल करने का भिवानी नगर परिषद् ने फैसला कर लिया है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या माननीय मुख्यमंत्री महोदय की घोषणा को दरकिनार करके लोगों से हाऊस टैक्स लिया जायेगा ? अध्यक्ष महोदय, जहां तक भिवानी शहर की सफाई व्यवस्था का सम्बंध है इस बारे में मैं आपके माध्यम से सरकार को बताना चाहूंगा कि भिवानी शहर की सफाई व्यवस्था बहुत ही खराब है। वर्ष 1980 के अंदर भिवानी शहर की सफाई के लिए 400 सफाई कर्मचारी नियुक्त किये गये थे। आज भिवानी शहर का रिहायशी एरिया तीन गुणा बढ़ चुका है लेकिन सफाई कर्मचारी केवल मात्र 200 ही रह गये हैं। सर, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि ऐसी परिस्थितियों में सफाई कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाया जाये। इसके साथ-साथ भिवानी में स्थापित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के बारे में मैं बात करना चाहूंगा। जब यह बोर्ड वर्ष 1990 में भिवानी में आया था तो उस समय इस बोर्ड में कुल 1200 कर्मचारी थे। आज हमारे जो आठवीं और दसवीं कक्षाओं के विद्यार्थी हैं वे हमारे प्रदेश में चार गुणा बढ़ चुके हैं लेकिन इसके विपरीत ये कर्मचारी घटकर 760 रह गये हैं।

बोर्ड के कर्मचारियों के ऊपर अतिरिक्त वर्क लोड है इसलिए उनकी संख्या को बढ़ा कर उनका वर्क लोड कम किया जाये। भिवानी जिले में आई.आई.एम.,कॉलेज लॉ कॉलेज, मैडिकल

कॉलेज की घोषणा की गई थी व माननीय मुख्य मंत्री के द्वारा भिवानी में जाकर एक कन्याओं के स्कूल के बारे में घोषणा की गई थी लेकिन वह आज तक नहीं बन पाया है। मंत्री जी से बार-बार मिलने के बाद भी मंत्री जी इसके लिए जगह नहीं तलाश पाई हैं।

**शिक्षा मंत्री (श्रीमती गीता भुक्कल मातनहेल) :** अध्यक्ष महोदय, 2-3 जगह पर म्यूनिसिपल कमेटी ने लैंड आईडैंटीफाई की थी लेकिन जो जगह आइडैंटीफाई हुई थी वह बहुत ज्यादा लो लाईंग थी। अध्यक्ष महोदय, माननीय मुख्य मंत्री जी की घोषणा भी है और मैं माननीय सदस्य को आश्वासन भी देती हूँ कि ये जहाँ भी जगह दिलवा देंगे हम जल्दी ही वहाँ पर लड़कियों के लिए स्कूल बनवा देंगे।

**श्री घनश्याम दास गर्ग :** अध्यक्ष महोदय, जगह का इन्तजाम करना सरकार का काम है, हमारी तो केवल उनको बताने की जिम्मेदारी है। इसी प्रकार से भिवानी में कुछ स्कूलों को डिग्रेड किया गया है जिसमें देवसर का कन्या विद्यालय आता है। बार-बार डिमांड करने के बाद भी कोई भी स्कूल अपग्रेड नहीं किया गया है। इसी प्रकार से मैं ग्रामीण एवं पंचायत के बारे में कहना चाहता हूँ कि माननीय मुख्य मंत्री जी ने कहा था कि भिवानी जिले के लिए 500 करोड़ रुपये दिये गये हैं, उसमें कृपया वे यह बतायें कि भिवानी विधान सभा क्षेत्र में पिछले 3 साल में कितना पैसा आबंटित किया गया है। मेरे ख्याल से भिवानी विधान सभा में ग्रामीण विकास में कोई पैसा नहीं लगा है। अध्यक्ष महोदय, भिवानी विधान सभा के ग्रामीण क्षेत्र में 28 गांव पड़ते हैं। खेल के मामले में भी भिवानी में बहुत कम काम हुये हैं। हमारे कई खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के हैं जिनमें बिजेन्द्र सिंह, परमजीत सुमोटा तथा विकास यादव लेकिन कोई भी खेल प्राधिकरण हमारे जिले को नहीं दिया गया है। बजट में न तो कोई यूनिवर्सिटी और न ही कोई खेल प्राधिकरण भिवानी जिले को दिया गया है। भिवानी में चौधरी बंसी लाल जी के नाम से जो सामान्य हस्पताल है उसका दर्जा बढ़ाने के लिए बार-बार सरकार से डिमांड की गई है लेकिन आज उसकी हालत बूचड़खाने जैसी हो गई है। वहाँ पर डॉक्टरों के 37 पद स्वीकृत हैं लेकिन उनमें से 25 पद खाली पड़े हैं। अगर कुल कर्मचारियों की बात करें तो वहाँ पर 125 कर्मचारियों की कमी है। हर कोने में कूड़े के ढेर लगे हुये हैं। न पंखे ठीक हैं, न चादरें ठीक हैं न ही तकिये ठीक हैं। ऐसा बूचड़खाना पूरे प्रदेश में देखने को नहीं मिलेगा।

**मुख्य संसदीय सचिव (श्री रामकिशन फौजी) :** अध्यक्ष महोदय, माननीय साथी को अपनी बात उठाने का पूरा अधिकार है और अपने क्षेत्र की बात उठानी भी चाहिए लेकिन ऐसा नहीं कहना चाहिए कि वह बूचड़खाना है। अभी हमने वहाँ पर करोड़ों रुपये खर्च किये हैं और जो कमी रह गई है उसको भी हम दूर करेंगे।

**श्री घनश्याम दास गर्ग :** सर, भिवानी आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ क्षेत्र है इसमें विशेष आर्थिक जोन विकसित करके कोई भी बड़ा उद्योग और व्यापार यहां स्थापित किया जाए जिससे लोगों की बेरोजगारी की समस्या का हल हो और बुनियादी सुविधाएं लोगों को मिल सकें। भिवानी की जो पिछड़ी और दलित बस्तियां हैं उनके लिए भी कोई अलग से फंडस रिलीज नहीं किए गए हैं। रेलवे के बारे में रेल कोच फैक्टरी की भी मैडम किरण चौधरी जी ने डिमांड की थी।

**श्री आनन्द सिंह दांगी :** सर, मैं प्वायंट ऑफ ऑर्डर पर कुछ कहना चाहता हूं कि जितने भी मैम्बर बोले हैं उन सभी ने अपने इलाके की या पूरी स्टेट के बारे में जो हैल्थ के सम्बन्ध में

[ श्री आनन्द सिंह दांगी ]
बात कही है उससे ऐसा लगता है कि कहीं पर भी सैटिस्फैक्ट्री काम नहीं हो रहे हैं। अस्पतालों में ना डॉक्टर पूरे हैं, ना दूसरा स्टाफ पूरा है। इसका क्या कारण है, क्या डॉक्टर नहीं मिलते या सरकार भर्ती नहीं कर रही है ?

**श्री रामपाल माजरा** : अध्यक्ष महोदय, मैं भी शिक्षा के बारे में कुछ कहना चाहता हूं।

**श्री आनन्द सिंह दांगी** : सर, शिक्षा का भी यही हाल है। बहन जी, मैं जो कहना चाहता हूं उसमें मैं आपके कन्डम नहीं कर रहा लेकिन गवर्नमैंट स्कूलों की यह पोजीशन हो गई है कि गवर्नमैंट स्कूलों में केवल बी.पी.एल. परिवारों के ही बच्चे हैं जिनको वजीफा मिलता है। सरकारी स्कूलों में सिर्फ वही बच्चे जाते हैं जिनको वजीफा मिलता है। जिनको वजीफा नहीं मिलता वे बच्चे सरकारी स्कूलों में हैं ही नहीं। हमने तो सच्ची कहना सुखी रहना है। हमारे ऊपर न कोई किसी का दबाव है न किसी का प्रैशर। स्पष्ट बात है। लेकिन इस पर विशेष ध्यान देने की बात है। जो हॉस्पीटल्ज की बात है, डॉक्टर्ज की बात है, सेहत हर किसी की ठीक रहे यह जरूरी है लेकिन उसके लिए लोगों को सुविधा मिलनी जरूरी है। मंत्री जी, आप डॉक्टर्ज की भर्ती में कितनी कोशिश करके सुधार करोगे ?

**राव नरेन्द्र सिंह** : स्पीकर सर, दांगी साहब सीनियर सदस्य हैं और मिनिस्टर भी रहे हैं। मैं यह समझता हूं कि उनको थोड़ा सा कलैरीफाई कर दूं और हाउस के सभी मैम्बर्स को भी उसके बारे में पता होना चाहिए। स्पीकर सर, आप जानते हैं कि डॉक्टर्ज की कमी केवल हरियाणा में ही नहीं अपितु पूरे देश में है लेकिन हमारी सरकार ने और माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस कमी को दूर करने के लिए अब डॉक्टर्ज की भर्ती की प्रक्रिया को पब्लिक सर्विस कमीशन के दायरे से बाहर निकाल लिया है और हाई पावर सलेक्शन कमेटी के माध्यम से भर्ती की प्रक्रिया शुरु करने के लिए हम लोग पिछले चार वर्षों से प्रयास कर रहे हैं। लगभग 2360 डॉक्टर्ज की हमने रिक्रूटमैंट करी है जिसमें से 60% डाक्टर्ज ने ही ज्वाईन किया है। ये कमी तो आगे भी चलेगी क्योंकि लोग रिजाईन भी कर देते हैं और काम न करने की वजह से हम डिसमिस भी करते हैं। लेकिन डॉक्टर्ज के बारे में आप समझते ही हैं और पूरे देश में ही ऐसा सिस्टम चल रहा है। अध्यक्ष महोदय, सरकार जो बेहतर से बेहतर कर सकती है वह कर रही है। इसके लिए बजट का भी प्रावधान कर रही है। डॉक्टर्ज को कॉन्ट्रैक्ट पर लगाने की कोशिश भी हम कर रहे हैं। जहां तक अस्पतालों की साफ-सफाई के बारे में नसीम साहब बता रहे थे, मैंने उनको उस समय डिस्टर्ब नहीं करना चाहा क्योंकि वे पहली बार सदन के सदस्य बनकर आए हैं। उनका सदन में फर्स्ट टाईम है इसलिए हमने सोचा है कि उनकी बात को नोट करना चाहिए। माननीय फाईनैंस मिनिस्टर जी अपने जवाब के समय में इस बारे में बता देंगे। हमने आऊट सोर्सिज सिस्टम को हर डिस्ट्रिक्ट होस्पीटल्ज में लागू किया है। साफ-सफाई के लिए हमने स्वीपर लगा रखे हैं। सब कुछ इन्तजाम हमने किए हैं फिर भी ये पब्लिक से जुड़ी हुई चीजें हैं। इसमें जो कमी हैं उसको दूर करने के लिए हम बेहतरीन प्रयास कर रहे हैं, मैं उम्मीद करता हूं कि आगे ये सारी कमियां दूर हो जाएंगी।

**श्री आनन्द सिंह दांगी** : स्पीकर सर, मंत्री जी तो मेरे को सिखाने लग गए। डॉक्टरों की भर्ती कहां की गई है कल की तरह ये फिर मेरे को मदीना साहब कह देंगे। मदीना में सी.एच.सी. है वहां पर डॉक्टर्ज की कितनी पोस्ट होती हैं वहां पर एक भी डॉक्टर नहीं है तो भर्ती कहां कर

रहे हैं ? कहां सुविधा दे रहे हैं ? मदीना जैसे गांव जिसकी आबादी 25000 है और वहां पर बहुत पुरानी सी.एच.सी. है। वह 20 गांवों का सैंटर पड़ता है। वहां पर एक भी डॉक्टर नहीं है और मंत्री जी कहते हैं हम भर्ती कर रहे हैं, डॉक्टर्ज लगा रहे हैं, कहां लगा दिए ? मिनिस्टर साहब, मैं तो आपके पिता जी के साथ रहा हूं आपको ऐसी बात नहीं करनी चाहिए।

**राव नरेन्द्र सिंह :** दांगी साहब, आपको मेरे से कोई व्यक्तिगत एलर्जी है क्या ? मुझे मंत्री मुख्यमंत्री जी ने बनाया है। लेकिन आपको इतनी एलर्जी क्यों है ? यह आपके लिए उचित नहीं है। आप सीनियर मैम्बर हो, आपको ऐसे नहीं बोलना चाहिए। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री आनन्द सिंह दांगी :** सर, यह डिस्कशन का और अपनी डिमांड रखने का एक प्रोपर स्थान है। अगर यहां पर हम अपनी बात नहीं कहेंगे तो कहां कहेंगे ?

**उद्योग मंत्री (श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला):** स्पीकर सर, आदरणीय दांगी साहब ने एक मुद्दा उठाया और दूसरे साथियों ने उसकी चर्चा की। आदरणीय शिक्षा मंत्री जी ने और आदरणीय स्वास्थ्य मंत्री जी ने पूरे फैक्ट्स सदन के समक्ष रखे उसके साथ ही साथ एक बात मैं आपके माध्यम से आदरणीय दांगी साहब को और सदन के दूसरे साथियों के समक्ष भी रखना चाहूंगा। हरियाणा में 3500 डॉक्टरों का टोटल कॉडर है that's all . There is 3500 doctors' cadre in Haryana State. अरोड़ा साहब, मैं इस विषय की तरफ आपका भी ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा।

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा:** सुरजेवाला जी, मेरा ध्यान आपकी तरफ ही है।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** स्पीकर सर, 3500 डाक्टरों के कॉडर में से 2360 डॉक्टर 20 round of selection में हमने नये लगाये हैं। Because medical colleges and doctors की हिंदुस्तान के साथ-साथ पूरे एशिया में कमी है। पहली बार हरियाणा के इतिहास में 5 मैडिकल कॉलेजिज खोले गये हैं जो कॉंग्रेस सरकार की ही देन रहे हैं (इस समय मेजें थपथपाई गई।) (विघ्न)...(शोर एवं व्यवधान)

**श्री आनन्द सिंह दांगी :** स्पीकर सर, 3500 डॉक्टरों के टोटल कॉडर में से 2500 डॉक्टरों की भर्ती कर रहे हैं...(शोर एवं व्यवधान) अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि वे बतायें कि एक सी.एच.सी. में कितने डॉक्टर होने चाहिए?...(शोर एवं व्यवधान) सी.एच.सी., पी.एच.सी. और जनरल हॉस्पिटल में डॉक्टर्ज की कितनी स्ट्रैंथ होती है?... (शोर एवं व्यवधान) 2500 डॉक्टर्ज भर्ती कर लिए तो क्या एक सी.एच.सी. में एक डॉक्टर भी नहीं दे सकते हैं? (शोर एवं व्यवधान)

**श्री विनोद शर्मा :** स्पीकर सर, जैसाकि माननीय मंत्री जी ने कहा कि 2000 से ज्यादा डॉक्टर्ज की भर्ती की गई है और साथ में यह भी कहा है कि उनमें से 50 प्रतिशत डॉक्टर्ज ने ज्वॉयन नहीं किया, तो जो 50 प्रतिशत ने ज्वॉयन नहीं किया उसका कारण तो हम लोग नहीं जानते हैं। दूसरा मेरा यह मानना है कि इस हाउस में हर मैम्बर को किसी न किसी वक्त जब आप सवाल पूछने के लिए इजाजत देते हैं तो कंसर्ड मंत्री को उस मैम्बर के सवाल को पर्सनली नहीं लेना चाहिए कि आप मेरे से सवाल क्यों पूछ रहे हो या फिर आपने यह क्यों कहा। अध्यक्ष महोदय, यह तो मैम्बरों का अधिकार है और इस अधिकार को कैसे खत्म कर सकते हैं?

**श्री आनन्द सिंह दांगी :** शर्मा जी, फिर भी मंत्री जी को सीखने की जरूरत है।

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा :** स्पीकर सर, बजट पर बहुत ही महत्वपूर्ण चर्चा चल रही है। हमेशा यह होता आया है कि मैम्बर्ज अपनी बात रखते हैं और मंत्री उसको नोट करते हैं। जब रिप्लाई का समय होता है तो मंत्री, वित्त मंत्री की रिप्लाई से पहले महकमे वाईज अपने उस प्रश्न का जवाब दे दें। परन्तु यह तो कोई तरीका नहीं है कि एक सदस्य प्रश्न पूछे और मंत्री जी उसी समय उसका जवाब देना शुरू कर दे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। इसलिए मेरी आपके माध्यम से सभी मंत्रियों से प्रार्थना है कि पहले नोट करें और बाद में जवाब दे दें।

**Mr. Speaker:** Hon'ble Minister, if there are misleading facts, you can note that.

**वित्त मंत्री (सरदार हरमोहिन्द्र सिंह चड्ढा):** स्पीकर सर, जो यह बीच में बोलने की प्रथा है यह तो इन विपक्ष के लोगों ने ही शुरू की थी। पहले इस तरह कोई नहीं बोलता था।(शोर एवं व्यवधान) जब भी हमारा कोई साथी बोलना शुरू करता है यह सारे के सारे उठकर बात करने लग जाते हैं। (शोर एवं व्यवधान) यह प्रथा तो इन लोगों ने ही शुरू की है। अगर ये लोग इस प्रथा को बंद कर देंगे तो यह इनके लिए भी अच्छा होगा और हमारे लिए भी। (शोर एवं व्यवधान)

**श्री नरेश कुमार बादली :** स्पीकर सर, चड्ढा साहब बिल्कुल ठीक फरमा रहे हैं।(शोर एवं व्यवधान)

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा :** स्पीकर सर, अगर आप चाहेंगे तो हम अपने मुंह पर चेपी/टेप लगाकर भी बैठ जायेंगे? (शोर एवं व्यवधान)

**श्री कली राम पटवारी :** स्पीकर सर, संपत सिंह जी जब बोल रहे थे उस समय अगर हमारी पार्टी का कोई भी सदस्य बीच में बोला हो तो आप बता दें ? (शोर एवं व्यवधान)

**श्री आनन्द सिंह दांगी :** स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं और माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी भी यहां पर बैठे हुए हैं मैंने जो प्रश्न डाक्टर्ज की एप्वॉयटमैंट के बारे में पूछा है उसके संबंध में मेरे को क्या आश्वासन है? (शोर एवं व्यवधान)

**राव नरेन्द्र सिंह :** स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय साथी को बताना चाहता हूं कि मार्च के अंत में या अप्रैल में डॉक्टर्ज की रिक्रूटमैंट हो जाएगी, उसके बाद जहां-जहां पर भी डाक्टर्ज की कमी होगी उनको वहां पर डिप्यूट कर दिया जायेगा।

**श्री आनन्द सिंह दांगी :** स्पीकर सर, जहां चार डाक्टर्ज की पोस्टिंग अनिवार्य है क्या वहां पर एक डॉक्टर भी नहीं दिया जा सकता? कहीं तो चार-चार डॉक्टर्ज को डेप्यूटेशन पर भेज दिया जाता है परन्तु जिस होस्पिटल में एक डॉक्टर भी नहीं है क्या वहां पर एक डाक्टर भी नहीं भेजा जा सकता?

**राव नरेन्द्र सिंह :** दांगी जी, हम जल्द से जल्द रिक्रूटमैंट होते ही डॉक्टर्ज डिप्यूट कर देंगे।

**श्री महेन्द्र प्रताप सिंह :** दांगी जी, इतनी गर्मी करना अच्छा नहीं होता है, मंत्री जी आपको आश्वासन दे रहे हैं तो आपको मान लेना चाहिए?

**श्री आनन्द सिंह दांगी :** मंत्री जी, जहां तक हक और हिसाब की बात है तो मैंने आज तक जिंदगी में हक की लड़ाई लड़ी है। कोई ठीक बात है तो उस पर बोलने से मुझे कोई नहीं रोक सकता, वह बात तो कहनी ही पड़ेगी।

**राव नरेन्द्र सिंह :** स्पीकर सर, माननीय दांगी जी ने जो डाक्टर्ज के बारे में प्रश्न उठाया है, उनकी इस समस्या का जल्द ही निपटारा कर दिया जायेगा।

**सरदार हरमोहिन्दर सिंह चट्ठा :** स्पीकर सर, इसमें कोई दो राय नहीं है कि डॉक्टर्ज कमी है। यह बात तो हमें मानकर चलनी ही पड़ेगी कि डॉक्टर्ज रिक्रूट होते हैं और फिर वे छुट्टी लेकर, कभी-कभी तो बिना छुट्टी लिए ही तथा बिना विभाग की परमिशन के ही आगे पढ़ने चले जाते हैं। कभी-कभी तो विभाग उनको टर्मिनेट भी कर देता है। मैं तो दांगी साहब को यह बात कहना चाहूंगा कि रोहतक के अंदर यदि कोई लड़के डॉक्टरी पढ़े हैं तो मैं हैल्थ मिनिस्टर साहब से अनुरोध करूंगा कि उनको ही वहां लगा दें ताकि दांगी साहब को दिक्कत न आए। (शोर एवं व्यवधान)

**Shri Randeep Singh Surjewala :** We should now carry on with the rest of the discussion on budget.

**श्री आनंद सिंह दांगी :** अध्यक्ष महोदय, मेरा भी एक सजैशन है कि हैल्थ मिनिस्टर जी यहां बैठे हैं इसलिए उनके विभाग के सवाल के बारे में न चट्ठा साहब को बोलने की जरूरत है न सुरजेवाला साहब को बोलने की जरूरत है। Health Minister is here. यदि ये फुली क्वालिफाइड नहीं हैं तो मैं नहीं कहना चाहता। (शोर एवं व्यवधान) मेरा यह सजैशन है कि कैबिनेट मिनिस्टर अपने विभाग का जवाब अपने आप देगा।

**श्री घनश्याम दास गर्ग :** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री श्रीमती किरण चौधरी जी बैठी हैं इन्होंने सदन में डिमांड की कि रेल कोच फैक्ट्री भिवानी में लगनी चाहिए। मेरा भी मानना है कि भिवानी सबसे पिछड़ा क्षेत्र है इसलिए हमारे इलाके को रेल कोच फैक्ट्री दी जाए।

**श्री अध्यक्ष :** अब आप बैठ जाइए।

**श्री घनश्याम दास गर्ग :** अध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात समाप्त करने जा रहा हूं। मेरे हल्के में एक रेलवे ओवरब्रिज बना है और अभी उसके नीचे अंडर पास की आवश्यकता है। 25 हजार की आबादी इस पुल ने दूर कर दी है और रेहड़ी वाले व रिक्शे वाले लोगों को इस अंडरपास न होने की वजह से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह से भिवानी से लोहारू रेल लाइन का सर्वे हो चुका है मैं चाहूंगा कि सरकार की मैचिंग ग्रांट स्कीम से इस काम को पूरा किया जाए। पूरे शहर की सड़कें टूटी हुई हैं। शुरु शुरु में मैंने माननीय मुख्यमंत्री जी को इस बारे में पत्र लिखे लेकिन जवाब न आने के कारण अब हम विभाग के अधिकारियों को लिखते हैं तो उनका जवाब आता है कि हमारे पास ऊपर से जवाब आया है कि हमारे पास फंड नहीं है। अध्यक्ष महोदय, मुझे ऐसा लगता है कि सरकार के पास भिवानी के लिए कोई फंड ही नहीं हैं। भिवानी से तोशाम रोड टूटी हुई है, भिवानी से लोहारू रोड टूटी हुई है। भिवानी से दादरी रोड भी टूटी हुई है। भिवानी से रोहतक जिले तक की रोड भी टूटी हुई है, भिवानी से ढाणा, भिवानी से लाडनपुर, भिवानी से मानहेरू रोड टूटी हुई हैं। चारों तरफ की जो सड़कें हैं

[ श्री घनश्याम दास गर्ग ]

उनकी भी बुरी हालत है। इन सड़कों के बारे में न मंत्री जी आश्वासन दे पाए हैं न विभाग आश्वासन दे पाया है। मार्किटिंग बोर्ड की तीन सड़कें हैं एक तो ढिराणा से हालूवास, दूसरी पूरनपुर से लाडनवास, तीसरी रूपगढ़ से ढाणी रंगा, इन सड़कों की हालत ठीक न होने की वजह से पूरी मंडी की व्यवस्था बुरी हालत में है। सफाई की व्यवस्था खराब है, बिजली की व्यवस्था भी खराब है। अध्यक्ष महोदय, किसानों ने जो पिछली बार गेहूं की फसल बेची उसमें कट्टे का वजन 600 ग्राम काटा गया जबकि किसी भी कट्टे का वजन 400 ग्राम से ऊपर नहीं था। किसान को प्रति कट्टे के हिसाब से 200 ग्राम की मार लगी है। ये लोग खुद को किसानों का समर्थक कहते हैं।

**श्री अध्यक्ष** : अब आप बैठ जाइए।

**श्री घनश्याम दास गर्ग** : अध्यक्ष महोदय, मैं एक मिनट का समय और लेना चाहता हूं।

**श्री अध्यक्ष**: अब आप बैठ जाएं। Rest of the discussion will follow tomorrow and now, I am taking Bills. It is very important.

---

## विधान कार्य

### (i) दि हरियाणा एप्रोप्रिएशज (नं0 1) बिल, 2013

**Mr. Speaker :** Hon'ble Members, now the Finance Minster will introduce the Haryana Appropriation (No. 1) Bill, 2013 and also move the motion for its consideration.

**Finance Minister (Sardar Harmohinder Singh Chattha) :** Sir, I beg to introduce the Haryana Appropriation (No. 1) Bill, 2013.

Sir, I also beg to move--

That the Haryana Appropriation (No. 1) Bill be taken into consideration at once.

**Mr. Speaker :** Motion moved—

> That the Haryana Appropriation (No. 1) Bill be taken into consideration at once.

**Mr. Speaker :** Question is—

> That the Haryana Appropriation (No. 1) Bill be taken into consideration at once.

*The motion was carried.*

---

**Mr. Speaker :** Now, the House will conseder the Bill Clause by Clause.

**Clause 2**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Clause 2 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Clause 3**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Clause 3 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Schedule**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Schedule be the Schedule of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Clause 1**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Clause 1 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Enacting Formula**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Title**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Title be the Title of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Mr. Speaker :** Now, the Finance Minister will move that the Bill be passed.

**Finance Minister (Sardar Harmohinder Singh Chattha) :** Sir, I beg to move—

*That the Bill be passed.*

**Mr. Speaker :** Motion moved—

*That the Bill be passed.*

**Mr. Speaker :** Question is—

*That the Bill be passed.*

*The motion was carried.*

## (ii) दि हरियाणा रुरल डिवैल्पमैंट (अमैंडमैंट) बिल 2013

**Mr. Speaker :** Now, the Parliamentary Affairs Minister will introduce the Haryana Rural Development (Amendment) Bill, 2013 and will also move the motion for its consideration.

**Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** Sir, I beg to introduce the Haryana Rural Development (Amendment) Bill, 2013.

Sir, I also beg to move—

That the Haryana Rural Development (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

**Mr. Speaker :** Motion moved —

That the Haryana Rural Development (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

**श्री रामपाल माजरा :** अध्यक्ष महोदय, जो एच०आर०डी०एफ० का पैसा स्टेट में आता है उसका समान बंटवारा होना चाहिए ताकि पूरे स्टेट का समान विकास हो सके।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य कागज पढ़कर तो आते नहीं हैं। ये चाहते हैं कि फल और सब्जी पर भी ज्यादा टैक्स लग जाये। (Interruption)

**Mr. Speaker :** Question is—

That the Haryana Rural Development (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

*The motion was carried.*

**Mr. Speaker :** Now, the House will consider the Bill Clause by Clause.

**Clause 2**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Clause 2 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Clause 3**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Clause 3 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Clause 1**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Clause 1 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Enacting Formula**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Title**

**Mr. Speaker :** Question is—

That Title be the Title of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Mr. Speaker :** Now, the Parliamentary Affairs Minister will move that the Bill be passed.

**Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala) :** Sir, I beg to move—

*That the Bill be passed.*

**Mr. Speaker :** Motion moved—

*That the Bill be passed.*

**Mr. Speaker :** Question is—

*That the Bill be passed.*

*The motion was carried.*

---

*15.00 बजे

(iii) दि हरियाणा प्राइवेट यूनिवर्सिटी (अमैंडमैंट) बिल, 2013

**Mr. Speaker:** Now, the Education Minister will introduce the Haryana Private Universities (Amendment) Bill, 2013 and will also move the motion for its consideration.

**Education Minister (Smt. Geeta Bhukkal Matanhail):** Sir, I seek your permission to withdraw the Haryana Private Universities (Amendment) Bill, 2013, as we intend to bring comprehensive amendment in the above Bill.

---

## बिल का वापस लेना

**Mr. Speaker:** Is it the sense of the House that the permission to withdraw this Bill be granted?

**Voices:** Yes, Sir.

**Mr. Speaker:** Keeping in view the sense of the House, the permission to withdraw the Bill is granted.

**The Bill was withdrawn**

---

## विधान कार्य (पुनरारम्भण)

(iv) दि हरियाणा म्युनिसिपल कारपोरेशन (अमैंडमैंट) बिल, 2013

**Mr. Speaker:** Now, the Parliamentary Affairs Minister will introduce the Haryana Municipal Cooperation (Amendment) Bill, 2013 and will also move the motion for its consideration.

**Industries Minister( Shri Randeep Singh Surjewala):** Sir, I beg to introduce the Haryana Municipal Corporation (Amendment) Bill, 2013.

Sir, I also beg to move—

That the Haryana Municipal Corporation (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

**Mr. Speaker:** Motion moved—

That the Haryana Municipal Corporation (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

**Mr. Speaker:** Question is—

That the Haryana Municipal Corporation (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

*The motion was carried.*

---

**Mr. Speaker:** Now, the House will consider the Bill Clause by Clause.

**Clause 2**

**Mr. Speaker:** Question is—

That Clause 2 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Clause 1**

**Mr. Speaker:** Question is—

That Clause 1 stands part of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Enacting Formula**

**Mr. Speaker:** Question is-

That the Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**Title**

**Mr. Speaker:** Question is-

That the Title be the Title of the Bill.

*The motion was carried.*

---

**श्री अनिल विज :** अध्यक्ष महोदय, इस बिल में इसकी समय सीमा 3 महीने के लिए ये बढ़ाने जा रहे हैं और सम्भावत: यह कारण दिया गया होगा कि जो 7 कारपोरेशंज 16 मार्च, 2010 को बनाई गई थी, पुराने एक्ट के मुताबिक 3 साल के अंदर उनके चुनाव करवाने अनिवार्य है। अध्यक्ष महोदय, ये सरकार 3 सालों से इन चुनावों को लटकाती आ रही है क्योंकि माहौल को देखकर ये डर रहे हैं कि उनकी पता नहीं किस तरह के नतीजे निकलेंगे इसलिए ये इन

[श्री अनिल विज]
चुनावों को लटकाते आ रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, 16 मार्च आखिरी तारीख है और इन्होंने समय पर वार्डबंदी नहीं करवाई और समय पर वोटर्स लिस्ट नहीं बनाई गई जिस कारण 16 मार्च तक इलैक्शन का काम कंक्ल्यूड नहीं हो सकता। अध्यक्ष महोदय, मेरा कहना है कि ये संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। यहां प्रजातांत्रिक व्यवस्था है हमारा स्थानीय शासन है और इस स्थानीय शासन में चुने हुए लोग इस शासन को चलाते हैं। इन चुनावों को बार बार पोस्टपोंड और एक्सटैंड करने की बजाय ये समय पर काम क्यों नहीं करते और क्यों नहीं समय पर वार्डबंदी करते और क्यों नहीं समय पर मतदाताओं की सूची बनाते ? जो अधिकारी इसके लिए दोषी हैं उनके खिलाफ क्यों नहीं कार्यवाही की जाती ? ये इलैक्शन कई बार एक्सटैंड हो चुके हैं और इनको सरकार तीन महीने के लिए फिर एक्सटैंड कर रही है जो बड़े शर्म की बात है।

**श्री अशोक कुमार अरोड़ा:** अध्यक्ष महोदय, ये इन चुनावों को तीन महीने तक बढ़ाने के लिए प्रस्ताव लेकर आए हैं। पहले भी काफी समय हो गया है इसलिए क्या पार्लियामैंट्री अफेयरज मिनिस्टर हाउस को एश्योर करेंगें कि 3 महीनें में ये चुनाव करवा देंगें और उसको आगे नहीं बढ़ाएंगें और उसके बाद ओर्डीनैंस लागू कर देंगें।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** अध्यक्ष महोदय, अनिल विज जी पुराने मैम्बर हैं और हमारे बड़े भाई हैं। मैं और किसी से अपेक्षा करूं या न करूं परंतु कम से कम मैं इनसे तो अपेक्षा करता हूं कि ये हाउस के सभी पेपर्स को बारीकी से पढ़कर आते हैं। चाहे हम पक्ष में हों या विपक्ष में हों लेकिन मैं इनको बुद्धिमान मानता हूं क्योंकि ये सदन के सारे कागज पूरी तरह से पढ़कर आते हैं लेकिन आज ये पढ़कर नहीं आए।

---

## बैठक का समय बढ़ाना

**Mr. Speaker:** Hon'ble Members, is it the sense of the House that the time of the sitting of the House may be extended for another 5 minutes.

**Voices:** Yes, yes.

**Mr. Speaker:** The time of the sitting of the House is extended for 5 minutes.

---

## विधान कार्य (पुनरारम्भण)

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, आज लगता है विज साहब, पढ़कर नहीं आये हैं, पहली बार ऐसा हुआ है। इन्होंने दो एतराज किए हैं। एक इन्होंने कहा है अगर आप रिकार्ड भी चैक करें कि ऐसा लिखा हुआ होगा। अध्यक्ष महोदय, ऐसा लिखा हुआ होगा नहीं, ऐसा लिखा हुआ है। इन्होंने कहा कि वार्ड बंदी नहीं करवाई, वोटर लिस्ट नहीं बनवाई। इसलिए इसकी मियाद बढ़ाकर हम चुनावी अधिकारों का हनन कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से statement of objects and reasons page 2, para 2 पढ़कर अनिल विज साहब और सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। जिन बातों को ये एतराज कर रहे हैं उनका जवाब इसमें लिखा हुआ है। यदि ये पढ़ते तो इनको जरूर पता चलता।

"As per above said proviso, elections to the said newly constituted Municipal Corporations are required to be conducted by 16.3.2013 for which work of delimitation of wards has been completed by the Government". (Interruption)

Speaker Sir, I did not interrupt Mr. Anil Vij, when he was raising objections. Please let me complete. (interruption).

**श्री अनिल विज :** अध्यक्ष महोदय, मैं यह कह रहा हूं कि इन्होंने वार्ड बंदी भी कर ली, वोटर लिस्ट भी बना ली लेकिन इन्होंने टाईम पर नहीं किया इसलिए इन्हें तीन महीने टाईम बढ़ाने की आवश्यकता पड़ रही है।

**Mr. Speaker :** Please, sit down. Let the reply come.

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** अध्यक्ष महोदय, अभी भी विज साहब अगली लाईन पढ़े बगैर बोल रहे हैं। अगली लाईन में इस बात का जवाब है। मेरे साथ विज साहब भी इसे पढ़े। It says that-

"For conducting elections, the final publication of electoral rolls has to be done by the State Election Commission, Haryana and further examinations of Matriculation and Senior Secondary Classes are to be held in the month of March and due to this it will not be possible to conduct elections before 16.3.2013".

So, publications of electoral rolls has to take place by the State Election Commission and the Government is sensitive to the needs of these urban areas. Our children have to appear in 10th and 12th standards that is the only reason that is why we are seeking minor three months extension. Arora Sahib has raised a point, I also want to say that Government proposes to complete elections within the shortest period of time.

**Mr. Speaker:** Now, the Parliamentary Affairs Minister will move that the Bill be passed.

**Industries Minister (Shri Randeep Singh Surjewala):** Sir, I beg to move—

*That the Bill be passed.*

**Mr. Speaker:** Motion moved—

*That the Bill be passed..*

**Mr. Speaker:** Question is—

*That the Bill be passed.*

*The motion was carried.*

## (v) दि पंजाब लेबर वैल्फेयर फण्ड (हरियाणा अमैंडमैंट) बिल, 2013

**Mr. Speaker:** Hon'ble Members now, the Minister of States for Labour and Employment will introduce the Punjab Labour Welfare Fund (Haryana Amendment) Bill, 2013 and will also move the motion for its consideration.

**श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (श्री शिव चरण शर्मा):** अध्यक्ष महोदय, मैं पंजाब श्रम कल्याण निधि (हरियाणा संशोधन) विधेयक, 2013 प्रस्तुत करता हूं।

मैं यह भी प्रस्ताव करता हूं—

कि पंजाब श्रम कल्याण निधि (हरियाणा संशोधन) विधेयक पर तुरंत विचार किया जाये।

**Mr. Speaker:** Motion moved—

That the Punjab Labour Welfare Fund (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

**Mr. Speaker:** Question is—

That the Punjab Labour Welfare Fund (Haryana Amendment) Bill be taken into consideration at once.

*The Motion was carried.*

**Mr. Speaker:** Now, the House will consider the Bill clause by clause.

**Clauses 2 to 9**

**Mr. Speaker:** Question is—

That Clauses 2 to 9 stand part of the Bill.

*The Motion was carried.*

**Clause 1**

**Mr. Speaker:** Question is—

That Clause 1 stands part of the Bill.

*The Motion was carried.*

**Enacting Formula**

**Mr. Speaker:** Question is—

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

*The Motion was carried.*

**Title**

**Mr. Speaker:** Question is—

That Title be the Title of the Bill.

*The Motion was carried.*

---

**Mr. Speaker:** Now, the Minister of States for Labour and Employment will move that the Bill be passed.

**श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (श्री शिव चरण शर्मा):** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि-

बिल पारित किया जाए।

**Mr. Speaker:** Motion moved—

*That the Bill be passed.*

**Mr. Speaker:** Question is—

*That the Bill be passed.*

*The Motion was carried.*

---

**Mr. Speaker:** Hon'ble Members now, the House is adjourned till 10.00 A.M. tomorrow, the 6th March, 2013.

*15.10 hrs. (The Sabha then *adjourned till 10.00 A.M. on Tuesday, the 6th March, 2013)

Haryana Vidhan Sabha Secretariat ★ Chandigarh LIBRARY